kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-105 ❑ शुक्रवार, 15 मई 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12

श्री गांधी पिछले 22 वर्ष में 54 बार विदेश यात्रा पर गये और इन दौर पर 64 करोड़ रुपये से अधिक खर्च आया, जो एक बड़ी जांच का विषय है। संबित पात्रा

फर्जी भर्ती अभियान को लेकर आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की चेतावनी 11

केदारनाथ में ॐ के दर्शन कर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर रहे हैं श्रद्धालु 11

संक्षेप

कर्नाटक के स्कूलों में भगवा गमछों की अनुमति नहीं : सिद्धरमैया

मैसूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि धार्मिक प्रतीकों पर राज्य सरकार के आदेश के तहत शैक्षणिक संस्थानों में भगवा गमछों की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने मैसूरु में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जो धार्मिक पोशाक पहले से चलन में हैं, केवल उन्हीं की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हिजाब, पगड़ी, रुद्राक्ष और जनेऊ जैसी पहले से प्रचलित प्रथाएं जारी रहेंगी। कर्नाटक सरकार ने बुधवार को एक आदेश पारित कर विद्यालयों में छात्रों को हिजाब, जनेऊ, शिवधारा और रुद्राक्ष पहनने की अनुमति दी थी। इस आदेश ने भाजपा की सरकार के 2022 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें 'हिजाब बनाम भगवा गमछा' विवाद के बाद सरकारी विद्यालयों में हिजाब पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। विपक्ष ने इस कदम की आलोचना करते हुए इसे 'तुष्टीकरण की राजनीति' करार दिया है। हिंदू संगठनों के एक वर्ग ने स्कूलों में भगवा गमछा पहनने की चेतावनी दी थी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इसकी अनुमति नहीं होगी।

सीबीआई ने पांच आरोपियों को दिल्ली की अदालत के समक्ष पेश किया

नयी दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित नीट-यूजी 2026 प्रश्नपत्र लीक मामले में गिरफ्तार किए गए सभी पांच आरोपियों को बृहस्पतिवार को दिल्ली की एक अदालत के समक्ष पेश किया। अधिकारियों ने बताया कि मामले में कथित संलिप्तता के आरोप में विभिन्न राज्यों से गिरफ्तार किये गए पांचों आरोपियों को सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता की अदालत में पेश किया गया।

ऑनलाइन गेमिंग मामले में ईडी ने कई राज्यों में छापे मारे

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को ऑनलाइन गेमिंग मामले में दिल्ली स्थित एक कंपनी और उससे संबंधित संस्थाओं के खिलाफ कई राज्यों में छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह कार्रवाई जिगार्ड टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ कथित विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में चल रही जांच के सिलसिले में की गई। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली, गुजरात, मध्य प्रदेश के इंदौर और जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में करीब 14 लोगों और कंपनियों के ठिकानों पर छापे मारे गए। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फ़ेमा) के प्रावधानों के तहत की गई। आरोप है कि जिगार्ड टेक्नोलॉजीज ने ऑनलाइन गेमिंग के लिए कुछ लोगों से पेमेंट एग्रीगेटर्स (ऑनलाइन भुगतान से जुड़े मंच) के जरिए धन जुटाया। ईडी अधिकारियों ने आरोप लगाया कि यह धन कथित तौर पर विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से भेजा गया, जिनमें हैप्पी ईजीगो' भी शामिल है। बाद में वॉलेट रिचार्ज तथा एयरलाइन संबंधी लेनदेन की आड़ में इस धन को विदेशों में भेजा गया।

होर्मुज स्ट्रेट में गुजरात का एक और जहाज डूबा

एजेंसी

❑ ओमान तट के पास हादसा, 14 क्रू मेंबर्स को कोस्टगार्ड ने बचाया

❑ भारत ने अपने व्यापारिक जहाज पर हमले की कड़ी निंदा की, कहा इस तरह की कार्रवाई नामंजूर



नई दिल्ली। तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। ईरान जंग के बीच होर्मुज स्ट्रेट में गुजरात का एक और मालवाहक जहाज डूब गया। 'हाजी अली' नाम का जहाज 13 मई की सुबह ओमान के समुद्री क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी उससे कोई ड्रोन या मिसाइल जैसा हथियार टकरा गया।

हादसे के बाद जहाज में आग लग गई, हालांकि ओमान कोस्टगार्ड ने सभी 14 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बचा लिया। गुजरात के द्वारका निवासी और जहाज मालिक सुलतान अहमद अंसार ने बताया कि एमएसवी हाजी अली जहाज बेरबेरा पोर्ट से शारजाह जा रहा था। सुबह करीब 3:30 बजे ओमान के समुद्री तट के पास जहाज हादसे का शिकार हो गया। क्रू मेंबर्स ने बताया कि जहाज से किसी विस्फोटक जैसी चीज के टकराने की आवाज सुनाई दी थी। इसके बाद जहाज में आग लग गई। हालात बिगड़ने पर सभी 14 क्रू मेंबर्स ने लाइफ बोट की मदद से जहाज छोड़ा। इससे पहले 7 मई को होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा गुजरात के द्वारका का एक और मालवाहक जहाज एमएसवी एएल फैज नूरे सुलेमानी-क्र भी अमेरिका और ईरान नेवी के बीच फायररिंग का शिकार हुआ था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने गुरुवार को इस पर सख्त प्रतिक्रिया करते हुए कहा ,'' ओमान के तट के पास कल एक भारतीय ध्वज वाले जहाज़ पर हुआ हमला अस्वीकार्य है और हम इस तथ्य की कड़ी निंदा करते हैं कि वाणिज्यिक जहाज़रानी और नागरिक नाविकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। जहाज़ पर मौजूद सभी भारतीय चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं और उन्हें बचाने के लिए हम ओमान के अधिकारियों का धन्यवाद करते हैं।''

उन्होंने कहा कि भारत दोहराता है कि वाणिज्यिक जहाज़ों को निशाना बनाना, निर्दोष नागरिक चालक दल के सदस्यों को खतरे में डालना, अथवा नौवहन और व्यापार की स्वतंत्रता में बाधा उत्पन्न नहीं की जानी चाहिए। अभी यह पता नहीं चला है कि भारतीय जहाज पर हमला किसने किया है लेकिन यह हमला ऐसे समय में किया गया है जब ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए यहां आये हुए हैं।

वैश्विक चुनौतियों से निपटने को व्यावहारिक तरीका खोजें ब्रिक्स देश : जयशंकर

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच गुरुवार को भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों का दो दिवसीय सम्मेलन आरंभ हुआ। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए ब्रिक्स देशों से भू राजनीतिक उथल-पुथल से बेहतर ढंग से निपटने के लिए व्यवहारिक तरीके खोजने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने वैश्विक संघर्षों को सुलझाने के लिए संवाद और कूटनीति पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि शांति टुकड़ों में नहीं हो सकती है। ब्रिक्स देशों के सम्मेलन में रूस, ईरान, ब्राजील और यूएई के विदेश मंत्री भी हिस्सा ले रहे हैं। ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों ने दोपहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी औपचारिक मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि हम ऐसे समय में मिल रहे हैं, जब वैश्विक रिश्तों में काफी उतार-चढ़ाव आ रहे हैं। मौजूदा संघर्ष, आर्थिक अनिश्चितताएं, ● शेष पेज 11 पर

पश्चिम एशिया संकट से निपटने के लिए निभानी होगी सामूहिक जिम्मेदारी: योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❑ पब्लिक ट्रांसपोर्ट, कार पूलिंग और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे विकल्प अपनाकर आत्मनिर्भरता अभियान को मजबूती देना हर नागरिक का दायित्व: सीएम

❑ प्रधानमंत्री की अपील को पूरी गंभीरता से पढ़कर, समझकर और चिंतन-मनन के बाद ही निष्कर्ष निकालना चाहिए

❑ देश रहेगा तो हम सब रहेंगे, प्रदेश सुरक्षित रहेगा तो हम सब सुरक्षित रहेंगे

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस तरह कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के दौरान देशवासियों ने एकजुट होकर संकट का सामना किया था, पश्चिम एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों के बीच उसी सामूहिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय भावना के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। यह वैश्विक संकट है, जिसका असर ईंधन, खाद्य व उर्वरक आपूर्ति पर पड़ सकता है। ऐसे समय हर नागरिक का दायित्व बनता है कि वह पब्लिक ट्रांसपोर्ट और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे विकल्पों को अपनाकर देश के आत्मनिर्भरता अभियान को मजबूती दे। मुख्यमंत्री गुरुवार को लखनऊ के होटल ताज में टाइम्स ऑफ इंडिया के ''9 डिफाइनिंग इयर्स ऑफ ट्रांसफॉर्मिंग यूपी'' कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी की अपील का उल्लेख करते हुए ईंधन की बचत के लिए रिन्यूएबल एनर्जी, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों, कार पूलिंग, मेट्रो, इलेक्ट्रिक व्हीकल और शटल बस जैसी व्यवस्थाओं को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने 7700 से अधिक गोआश्रय स्थलों में संरक्षित 15 लाख से अधिक गोवंश के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर गैस प्लांट आधारित सामूहिक किचन मॉडल विकसित करने की बात कही, जिससे एलपीजी पर निर्भरता कम हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट के समय देशहित सर्वोपरि होना चाहिए। हर नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्र के साथ खड़ा होकर अपना योगदान दे। उन्होंने अधूरी जानकारी के आधार पर नकारात्मक टिप्पणी करने वालों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की अपील को पूरी गंभीरता से पढ़कर, समझकर और चिंतन-मनन के बाद ही निष्कर्ष निकालना चाहिए। देश रहेगा तो हम सब रहेंगे, प्रदेश सुरक्षित रहेगा तो हम सब सुरक्षित रहेंगे और देश समृद्ध होगा तो हम सब भी समृद्धि की ओर अग्रसर होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में आज जो आर्थिक समृद्धि दिखाई दे रही है, उसकी जड़ें मात्र 400-500 वर्ष पुरानी हैं, जबकि भारत में यह समृद्धि इससे बहुत पहले विद्यमान थी। लेकिन जब हमने अपने संसाधनों, ज्ञान और नवाचार पर विश्वास करना छोड़ दिया, रिसर्च एवं डेवलपमेंट को उपेक्षित किया तो हम पिछड़ते गए। उस समय तीर्थयात्रा पर्यटन का प्रमुख रूप थी। केदारनाथ में जलाभिषेक के लिए रामेश्वरम का जल और रामेश्वरम में अभिषेक के लिए गंगोत्री का जल ले जाने की परंपरा उत्तर और दक्षिण को जोड़ती थी। द्वादश ज्योतिर्लिंग और चार धाम पूरे देश को एक सूत्र में बांधते थे। जीवन इस तरह व्यवस्थित था कि कोई किसी पर बोझ न बने। यही कारण था कि भारत विश्व गुरु बना। हजार वर्षों के आक्रमणों, अत्याचारों और शोषण के बावजूद भारत अपने अस्तित्व और संस्कृति को बचाए रखने में सफल रहा, जो दुनिया में कम ही देखने को मिलता है। ● शेष पेज 11 पर

बालिग होती पीढ़ी को सही जानकारी देना आवश्यक

मुख्यमंत्री ने कहा कि बालिग होती पीढ़ी को उत्तर प्रदेश के बारे में सही जानकारी देना आवश्यक है। 500 से 1500 वर्ष पूर्व तक भारत की विश्व अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 44-45 प्रतिशत थी, कारण था जीवन के हर क्षेत्र में सामूहिकता, समन्वय और परस्पर सहयोग। भारत के पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ भूमि और जल संसाधन थे। विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग प्रकार की परंपरागत खेती होती थी। खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ मैन्युफैक्चरिंग और हस्तशिल्प का भी उत्कृष्ट तंत्र विकसित था। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों का जाल फैला हुआ था। भारतीय कारीगर और व्यापारी विश्व बाजार तक अपनी वस्तुओं को पहुंचाते थे। खेती, मैन्युफैक्चरिंग और पर्यटन की व्यापक संभावनाओं के कारण भारत विश्व की आर्थिक महाशक्ति बना।

परीक्षा प्रणाली में सुधार और एनटीए को बदलने की मांग

एजेंसी

❑ मेडिकल एसोसिएशन ने सुधार का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया

नयी दिल्ली। स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा के संचालन में ''प्रणालीगत विफलता' का आरोप लगाते हुए एक मेडिकल एसोसिएशन ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है और परीक्षा प्रणाली में सुधार का अनुरोध किया है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा तीन मई को आयोजित की गई नीट (यूजी) 2026 परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने के आरोपों के बीच 12 मई को इसे रद्द कर दिया गया। इस मामले की जांच अब सीबीआई (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) कर रही है। ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन फ़ेडरेशन (एफएआईएमए) ने वकील तन्वी दुबे के माध्यम से शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर राष्ट्रीय परीक्षा ढांचे में पूर्ण बदलाव का अनुरोध किया है, जिसमें एनटीए को एक अधिक मजबूत और स्वायत्त निकाय से प्रतिस्थापित करना भी शामिल है। याचिका में उन खबरों का भी हवाला दिया गया है जिनमें कहा गया है कि व्हाट्सऐप और टेलीग्राम जैसे एनक्रिप्टेड मंच पर प्रसारित हो रहे 'गेस पेपर' में मौजूद प्रश्न वास्तविक प्रश्न पत्र के 100 से अधिक प्रश्नों से मेल खाते हैं। इसने शीर्ष न्यायालय से सरकार को निर्देश देने का आग्रह किया कि वह चिकित्सा प्रवेश परीक्षाओं की निष्पक्षता को बहाल करने के लिए एनटीए को ● शेष पेज 11 पर

सोलह राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों में होगा एसआईआर

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के चरण-3 को 16 राज्यों और 03 केंद्रशासित प्रदेशों में चरणबद्ध तरीके से आयोजित करने का निर्णय लिया है।

चुनाव आयोग ने गुरुवार को बताया कि एसआईआर के चरण-3 को 16 राज्यों और 03 केंद्रशासित प्रदेशों में चरणबद्ध तरीके से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। यह कार्यक्रम जनगणना के तहत चल रही घर-घर सूचीकरण प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। आयोग ने बताया कि चरण-3 के तहत हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर लगभग पूरे देश को कवर किया जाएगा। इन क्षेत्रों में मौसम और हिमपात की स्थिति को देखते हुए बाद में कार्यक्रम घोषित किया जाएगा।

इस अभियान के दौरान 3.94 लाख से अधिक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर करीब 36.73 करोड़ मतदाताओं से संपर्क करेंगे। उनके सहयोग के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 3.42 लाख बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) भी तैनात रहेंगे। आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलए नियुक्त करने की अपील की है, ताकि प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और सहभागिता के साथ संपन्न हो सके। आयोग ने कहा कि पहले दो चरणों में 13 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लगभग 59 करोड़ मतदाताओं को कवर किया गया था, जहां 6.3 लाख से अधिक बीएलओ और 9.2 लाख बीएलए ● शेष पेज 11 पर

इन राज्यों में पूरी हो चुकी है प्रक्रिया

बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, गोवा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में एसआईआर की प्रक्रिया हो चुकी है। असम में एक 'विशेष पुनरीक्षण' किया गया था।

हिमपात वाले क्षेत्रों के लिए घोषणा बाद में

बयान में कहा गया है कि हिमपात वाले क्षेत्रों हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए एसआईआर का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा।

केरल में सतीशन कांग्रेस विधायक दल के नेता

नयी दिल्ली। केरल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वी डी सतीशन को पार्टी विधायक दल का नेता घोषित किया गया है। कांग्रेस की केरल प्रदेश प्रभारी दीपादास मुंशी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि श्री सतीशन को केरल में पार्टी विधायक दल का नेता बनाया गया है। इस मौके पर उनके साथ केरल के लिए नियुक्त किये गये केन्द्रीय पर्यवेक्षक अजय माकन और मुकुल वासनिक भी मौजूद थे। श्रीमती दास मुंशी ने बताया कि गत सात मई को तिरुवनंतपुरम में पार्टी विधायक दल की बैठक में नेता चुनने का अधिकार पार्टी हाईकमान को दे दिया गया था। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में पार्टी के नेता राहुल गांधी, केन्द्रीय पर्यवेक्षकों तथा केरल के पार्टी सांसदों और अन्य वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श किया। इस सब के बाद श्री सतीशन का नेता पक्ष के लिए तय किया गया है। उल्लेखनीय है कि केरल में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक गठबंधन (यूडीएफ) को ● शेष पेज 11 पर

सीबीआई ने 6.95 करोड़ की बैंक ठगी में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ लखनऊ में पकड़े गए आरोपी दीपक संजीव व दीपक यादव

❑ आरटीजीएस के जरिए दिल्ली-कोलकता की फर्मों को भेजी रकम

लखनऊ। सीबीआई ने लखनऊ में उप्र वन निगम (यूपीएफसी) के नाम पर फर्जी बैंक खाता खोलकर 6.95 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में दो आरोपियों दीपक संजीव सुमन और दीपक यादव को गिरफ्तार किया है। सीबीआई दोनों की बीते कुछ माह से कई राज्यों में तलाश कर रही थी। दोनों आरोपियों को भ्रष्टाचार विरोधी विशेष न्यायाधीश (पश्चिम) लखनऊ की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें के न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। मामले में पहले लखनऊ की सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था।

सीबीआई ने बैंक आफ इंडिया की शिकायत के आधार पर मामले में 15 जनवरी को केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। सीबीआई के अनुसार आरोपी दीपक संजीव व दीपक यादव ने अज्ञात सरकारी कर्मचारियों व अन्य की मिलीभगत से जाली केवाईसी दस्तावेजों, फर्जी प्राधिकरण पत्रों और फर्जी बोर्ड प्रस्तावों के जरिए उत्तर प्रदेश वन निगम के नाम पर बैंक आफ इंडिया की लखनऊ में सदर स्थित शाखा में फर्जी बैंक खाता खोला था।

आरोपितों ने जाली दस्तावेजों के जरिए बैंक को यूपीएफसी की ओर से कथित तौर पर एफडीआर बनाने के लिए खाते में 64.82 करोड़ रुपये स्थानांतरित करने के लिए प्रेरित किया। बाद में आरोपियों ने आरटीजीएस के माध्यम से 6.95 करोड़ रुपये कोलकाता और नई दिल्ली स्थित छह लाभार्थी फर्मों को ट्रांसफर कर दिए। धोखाधड़ी का पता तब चला जब यूपीएफसी के अधिकारियों ने बैंक को सूचित किया कि ऐसा कोई अधिकार पत्र जारी नहीं किया गया था और आरोपियों का यूपीएफसी से कोई संबंध नहीं था। पूरे मामले में कुछ ● शेष पेज 11 पर

पाक ने फिर उकसाया तो होगा निर्णायक पलटवार : राजनाथ

एजेंसी

नागौर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने पिछले दस वर्षों में सुरक्षा नीति में ऐतिहासिक बदलाव किए तथा ऑपरेशन सिंदूर जैसा बेमिसाल काम किया हैं और अब अगर पाकिस्तान भारत की तरफ नजर उठाने की जरुरत की तो अब तक नहीं हुआ है वह होकर रहेगा।

श्री सिंह गुरुवार को नागौर जिले के मेड़ता में श्री राव दूदा मेड़तिया की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे जवान देश की सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं, ठीक उसी तरह सरकार योजना के मामले में उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने पिछले दस वर्षों में सुरक्षा नीति में ऐतिहासिक बदलाव किए हैं और दुनिया को साफ संदेश दे दिया हैं कि अब आंतकवाद के खिलाफ हमारी नीति जीरो टोलरेंस की होगी। हम किसी भी सूरत में आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्टाइक की गई और इसके बाद वर्ष 2019 में बालाकोट स्ट्राइक में आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों को तबाह किया गया और पहलगाम आतंकवादी घटना के बाद किया गया आपरेशन सिंदूर ऐसा लगता है जैसे इतिहास बदल दिया हो और एक नया इतिहास बनाया गया। श्री सिंह ने कहा कि सेना के जवानों, अधिकारियों एवं तीनों सेनाओं ने जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर किया, भारत के इतिहास में वह बेमिसाल हैं और अब पाकिस्तान शायद भारत पर नजर उठाकर देखने की जरुरत नहीं करें।

उन्होंने कहा कि अगर अब पाकिस्तान ने भारत की तरफ नजर उठाने की जरुरत की तो अब तक नहीं हुआ है वह होकर रहेगा। उन्होंने कहा , ''हमारी प्रारंभ से ही यह नीति रही हैं कि हम किसी को छेड़ते नहीं, हमको कोई छेडता है तो हम उसे छोड़ते नहीं। आतंकवादियों ने पहलगाम में धर्म पूछकर लोगों को मारा। भारतीय संस्कृति कहती हैं कि धर्म, महजब, जाति पर नहीं बांटना चाहिए और पाकिस्तान के आतंकवादी धर्म पूछकर लोगों को गोलियो से भून रहे हैं। श्री सिंह ने कहा , ''पहलगाम घटना के बाद ऐसा करारा जवाब दिया गया कि दुश्मन के होश उड़ गये और हमने साबित कर दिया कि अब भारत चुपचाप सहने वाला नहीं हैं। अब हमारे नागिरकों पर कोई हमला करेगा तो हम उसके घर में घुसकर मारेंगे। हमें कोई नहीं रोक सकता, कोई सीमा नहीं रोक सकती है।

तेजी से बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में पुराने तरीकों पर निर्भर नहीं रह सकते

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए विभिन्न हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय को मजबूत करने का आह्वान किया है और कहा है कि तेजी से बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा अब पुराने तरीकों पर निर्भर नहीं रह सकती। श्री सिंह ने गुरुवार को यहां प्रमुख रणनीतिक संवाद 'कलम और कवच' में अपने वर्चुअल संदेश में कहा कि इस मंच का नाम ही देश के भविष्य के सुरक्षा ढांचे की सशक्त दृष्टि को दर्शाता है। रक्षा मंत्री ने कहा , ''कलम विचारों, तर्क और आगे की सोच रखने के साहस का प्रतीक है। कवच शक्ति, सुरक्षा और राष्ट्र की रक्षा करने की क्षमता का प्रतीक है। जो देश स्पष्ट रूप से सोच सकता है और मजबूती से अपनी रक्षा कर सकता है, वही दुनिया में ऊंचा खड़ा होता है। हम ऐसे ही भारत के निर्माण की दिशा में काम कर रहे हैं। वैश्विक संघर्षों के बदलते स्वरूप पर श्री सिंह ने कहा कि दुनिया भर में रणनीतिक परिदृश्य लगातार अधिक अनिश्चित, प्रतिस्पर्धी और प्रौद्योगिकी-आधारित होता जा रहा है।उन्होंने भू-राजनीतिक तनाव, संघर्ष, साइबर खतरे, आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरी और हाइब्रिड युद्ध के उभरते स्वरूपों को देशों के सामने मौजूद प्रमुख चुनौती बताया। उन्होंने कहा, ''ऐसी दुनिया में राष्ट्रीय सुरक्षा पुराने आयामों पर आधारित नहीं रह सकती। इसके लिए हमारी तैयारी, लचीलापन, नवाचार और रणनीतिक आत्मविश्वास आवश्यक है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर जोर देते हुए श्री सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक लक्ष्य नहीं बल्कि भारत के लिए रणनीतिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ''जो राष्ट्र महत्वपूर्ण रक्षा क्षमताओं के लिए अत्यधिक रूप से दूसरों पर निर्भर रहता है, वह संकट के समय कमजोर बना रहता है। हमें अपने राष्ट्रीय तंत्र के भीतर ही प्रमुख प्रणालियों का डिज़ाइन, विकास, उत्पादन, रखरखाव और उन्नयन करना होगा। इसी तरह हम अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को सुरक्षित रख पाएंगे। रक्षा मंत्री ने विभिन्न ● शेष पेज 11 पर

मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय परामर्श कार्यक्रम में शामिल हुईं लखनऊ की महापौर

❒ शहरों की वित्तीय मजबूती और राजस्व बढ़ाने के लखनऊ मॉडल को राष्ट्रीय मंच पर किया प्रस्तुत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ/मुम्बई। मुंबई के नरिमन प्वाइंट स्थित यशवंतराव चव्हाण सेंटर में आयोजित नेशनल कंसल्टेशन ऑन फिस्कल एम्पावरमेंट ऑफ सिटी गवर्नमेंट्स कार्यक्रम में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने प्रतिभाग किया। प्रजा संस्था द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और शहरी वित्त विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर नगर निगम लखनऊ के पार्षद श्री सौरभ सिंह 'मोनू' जी एवं मुख्य कर निर्धारण अधिकारी श्री विनय कुमार राय भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने भी विभिन्न शहरों द्वारा अपनाए जा रहे शहरी वित्त एवं प्रशासन के नवाचारों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में ल्लशहरी स्थानीय निकायों के वित्तीय सशक्तिकरण संबंधी रिपोर्ट 2026ङ्क की प्रमुख रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा शहरों को आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बनाने के विषय पर विस्तृत चर्चा हुई।

कार्यक्रम के दौरान नगर निकायों की वित्तीय स्वायत्तता, शहरों के स्वयं के राजस्व स्रोतों को मजबूत करने, संपत्तियों के बेहतर उपयोग, कर संग्रहण प्रणाली में तकनीकी सुधार, शहरी सेवाओं के लिए नवाचार आधारित वित्तीय मॉडल, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, यूजर चार्ज व्यवस्था, विज्ञापन एवं पार्किंग प्रबंधन, पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर फंडिंग तथा नगर निकायों की दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही नगर निगमों द्वारा बिना अतिरिक्त कर बोझ डाले आय बढ़ाने के सफल मॉडलों, डिजिटल टैक्स मैनेजमेंट, शहरी विकास परियोजनाओं के वित्तीय प्रबंधन और नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने के उपायों पर भी विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए।

पहले सत्र में पैनलिस्ट के रूप में शामिल हुईं महापौर

कार्यक्रम के प्रथम सत्र ल्लनगर निकायों के स्व-वित्तीय राजस्व स्रोतों की मजबूतीङ्क में माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी पैनलिस्ट के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने लखनऊ नगर निगम द्वारा राजस्व बढ़ाने, संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और नगर सेवाओं को मजबूत करने के लिए किए गए नवाचारों और प्रयासों की जानकारी साझा की। इस सत्र में महाराष्ट्र सरकार के विधायक श्री योगेश सागर, कोच्चि नगर निगम की स्टैंडिंग कमेटी सदस्य श्रीमती शाइनी मैथ्यू तथा रांची नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त श्री चंद्रदीप कुमार भी पैनलिस्ट के रूप में उपस्थित रहे। सत्र का संचालन अर्बन फाइनेंस एंड मैनेजमेंट विशेषज्ञ श्री रविकांत जोशी ने किया।

गृहकर और जलकर आय में रिकॉर्ड वृद्धि का मॉडल किया प्रस्तुत

महापौर जी ने अपने संबोधन में बताया कि नगर निगम लखनऊ ने बिना किसी नए कर को लगाए और वर्ष 2010 के बाद कर दरों में कोई वृद्धि किए बिना राजस्व संग्रहण में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में नगर निगम को गृहकर से 313.81 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई थी, जो वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 771.06 करोड़ रुपये हो गई। इस प्रकार चार वर्षों में गृहकर आय में 145.70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसी प्रकार जलकर एवं सीवर शुल्क से वर्ष 2021-22 में 149.57 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई थी, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 447.95 करोड़ रुपये हो गई। इसमें 199.49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

असेसमेंट बढ़ाकर बढ़ाया राजस्व आधार

महापौर ने बताया कि नगर निगम लखनऊ द्वारा कराधान व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाते हुए असेसमेंट भवनों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि की गई। वर्ष 2021-22 में नगर निगम सीमा में 5,85,802 भवन असेसड थे, जिसे बढ़ाकर वर्ष 2025-26 में 7,60,710 कर दिया गया। इस प्रकार भवन असेसमेंट में 29.85 प्रतिशत की वृद्धि प्राप्त की गई। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि बिना कर दरों में वृद्धि किए केवल बेहतर प्रबंधन, तकनीकी सुधार और कर प्रणाली को मजबूत करने के माध्यम से हासिल की गई है।

किराया, विज्ञापन और पार्किंग से भी बढ़ी आय

महापौर ने बताया कि नगर निगम की स्वयं की संपत्तियों को किराए पर देकर वर्ष 2021-22 में 1.81 करोड़ रुपये की आय हुई थी, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 4.91 करोड़ रुपये हो गई। इसमें 171.27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। नगर निगम सीमा में विज्ञापन, होर्डिंग और कियोस्क शुल्क से वर्ष 2021-22 में 2.79 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई थी, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 15.50 करोड़ रुपये हो गई। इसमें 455.56 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसी प्रकार पार्किंग शुल्क से होने वाली आय वर्ष 2021-22 में 2.55 करोड़ रुपये थी, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 5.26 करोड़ रुपये हो गई।

कोरांव में नाली का गंदा पानी सड़क पर जमा, लोग परेशान

❒ शास्त्री नगर और लोहार गली में जल निकासी व्यवस्था बदहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। नगर पंचायत कोरांव के शास्त्री नगर में जल निकासी की समस्या गंभीर हो गई है। आशीष जायसवाल के घर के सामने नाली का गंदा और बदबूदार पानी सड़क पर जमा हो रहा है। इससे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है।स्थानीय निवासियों को इस दुर्गंध से काफी परेशानी हो रही है।

बाजार में खरीदारी करने आने वाले और राहगीर अपने वाहन पटरियों पर खड़े नहीं कर पा रहे हैं। इस समस्या पर अभी तक किसी का ध्यान नहीं गया है।इसी तरह, लोहार गली, शहीद नगर में भी कुछ समय पहले बनी इंटरलॉकिंग सड़क जगह-जगह से टूटकर उखड़ गई है। यहां भी पानी का जमाव है और जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है।एक ओर जहां नगर पंचायत कोरांव द्वारा विभिन्न स्थानों पर नाली सफाई और आरसीसी नाली निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, वहीं इन दोनों क्षेत्रों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय नगरवासियों ने प्रशासन से जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।

डीपीएस एल्डिको का शानदार प्रदर्शन, शुभाशीष ने 97.6% अंक प्राप्त कर बने विद्यालय टॉपर

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। दिल्ली पब्लिक स्कूल की एल्डिको शाखा के विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन से सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय ने एआईएसएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों में शानदार परिणाम प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन, निरंतर परिश्रम एवं समग्र विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को सिद्ध किया है। इसमें शुभाशीष आठाना ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। साथ ही दीपक देवांश(96.6%), सार्थक आनंद (96.4%), सुहानी रावत (96.2%), याशिका रैतानी (96.2%), अथरव देव (95.2%) एवं शगुन (95%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि कुल 34 विद्यार्थियों ने 90% एवं उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जो विद्यालय की निरंतर उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को और अधिक सुदृढ़ करता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या गुंजन साहनी ने विद्यार्थियों को उनकी शानदार सफलता के लिए बधाई दी तथा अभिभावकों एवं शिक्षकों के अमूल्य सहयोग और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ सामूहिक प्रयास, दृढ़ संकल्प, अनुशासित तैयारी और उत्कृष्टता की साझा सोच का परिणाम होती हैं।

मातृभक्ति से सराबोर हुए कार्यक्रम, माताओं ने प्रतियोगिताओं में दिखाया हुनर

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास नगर स्थित पायनियर माण्टेसरी स्कूल शाखा में मदर्स डे के उपलक्ष्य में ल्लमातृभक्तिङ्क थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ माताओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। पूरे परिसर में मातृप्रेम और उल्लास का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पायनियर माण्टेसरी स्कूल एल्डिको शाखा की प्रधानाचार्या शर्मीला सिंह, कुसुम सिंह एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अर्चना सिंह उपस्थित रहीं। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भावुक और आनंदमय बना दिया। वहीं माताओं ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। मदर्स डे समारोह के अंतर्गत नृत्य प्रतियोगिता, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता तथा नान-फायर कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गईं, जिनमें माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों एवं प्रधानाचार्याओं द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि ल्लमां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि कर्तव्य और संस्कारों की साक्षात मूर्ति है।ङ्क वहीं शर्मीला सिंह ने कहा कि माताओं की समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वे नैतिक मूल्यों की धुरी हैं और यही मूल्य विद्यालयों में अनुशासन स्थापित करने में सहायक बनते हैं।

मलिहाबाद में हाईवे के किनारे फिर सजने लगी अस्थायी आढ़तें, प्रशासन नें दी चेतावनी

मलिहाबाद, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मलिहाबाद फलपट्टी क्षेत्र में इस वर्ष आम कारोबार को लेकर एक बार फिर वही पुरानी तस्वीर सामने आ रही है। करीब 85.70 करोड़ रुपये की लागत से बनी वातानुकूलित आधुनिक मंडी तैयार होने के बावजूद आढ़तियों द्वारा लखनऊऽहरदोई राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अस्थायी आढ़तें सजाई जाने लगी हैं। हाईवे किनारे बांस-बल्ली और तिरपाल लगाकर लगभग 60 अस्थायी आढ़तें स्थापित कर दी गई हैं, जिससे सड़क पर जाम की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। वाहनों की आवाजाही प्रभावित होने से यातायात बाधित रहने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। दूसरी ओर, मंडी समिति ने व्यापारियों को आधुनिक मंडी परिसर के भीतर शिफ्ट करने की पूरी तैयारी कर ली है। यहां 76 दुकानें, 2500 टन क्षमता का कोल्ड स्टोरेज, तथा व्यापारियों के ठहरने के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। प्रशासन का कहना है कि सभी सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद आढ़तियों का बाहर कारोबार करना नियमों का उल्लंघन है। मंडी सचिव सुभाष सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा मंडी निर्माण का कार्य पूर्ण कर दिया गया है और आढ़तियों की मांग पर शेड व चबूतरे का निर्माण भी कराया जा चुका है। इसके बावजूद हाईवे किनारे अस्थायी मंडी लगाना अवैध है। इसी कारण 25 व्यापारियों के लाइसेंस निरस्त किए जा रहे हैं और आगे भी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि उपजिलाधिकारी के साथ बैठक कर हाईवे किनारे लग रही अस्थायी आढ़तों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। यदि राज्य मार्ग पर जाम या अव्यवस्था की स्थिति बनती है तो जुर्माना और अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी सूरत में राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे अस्थायी मंडी या दुकानें लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान अपनी भूमि पर सीधे आम की बिक्री कर सकते हैं, लेकिन व्यवस्थित मंडी संचालन के लिए निर्धारित परिसर का ही उपयोग करना होगा। प्रशासन की सख्ती के बावजूद हाईवे किनारे कारोबार शुरू होने से हर साल की तरह इस बार भी यातायात और व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

गोंडा में एडीजी ने आईजी व एसपी के साथ कानून व्यवस्था को लेकर की बैठक

गोंडा। गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक मुथा अशोक जैन और आईजी देवीपाटन रेंज अमित पाठक देर शाम गोंडा पहुंचे।जहां उन्होंने पुलिस लिस लाइन सभागार में एक 'अपराध समीक्षा गोष्ठी' की अध्यक्षता की।इस दौरान एडीजी जैन ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था का आकलन किया है।एडीजी ने पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की मौजूदगी में सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को अपराधियों के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाने के स्पष्ट निर्देश दिए है।बैठक में लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया गया।पेशेवर अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट व गुंडा एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।चिन्हित अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने और रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने के लिए भी कहा गया। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चल रहे 'मिशन शक्ति' अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बीट पुलिस अधिकारियों को गांवों और मोहल्लों में जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उनकी शिकायतों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। थानों पर आने वाले फरियादियों के साथ शालीन व्यवहार करने और उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनने की हिदायत दी गई।आईजी देवीपाटन रेंज अमित पाठक ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर विवेचनाओं को गुणवत्तापूर्ण बनाने पर जोर दिया। उन्होंने साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए विशेष सेल को सक्रिय करने तथा आगामी त्योहारों के मद्देनजर सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को सतर्क रहने का निर्देश दिया। आईजी ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और पुलिस का इकबाल बुलंद रहना चाहिए।बैठक के अंत में एसपी विनीत जायसवाल ने वरिष्ठ अधिकारियों को दिए गए दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने और जिले में शांति व सुरक्षा बनाए रखने के लिए गोंडा पुलिस की तत्परता से कार्य करने का आश्वासन दिया।इस दौरान जिले के सभी क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

पूर्व प्रत्याशी सुरेन्द्र कुमार ने बालामऊ विधान सभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यकमों में लिया हिस्स

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरदोई। कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव और बालामऊ विधान सभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सुरेन्द्र कुमार ने बालामऊ विधान सभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर वैवाहिक कार्यक्रमों में शामिल हुए ग्राम पहाड़पुर मजरा बरौली में मोहम्मद खालिद की पुत्री के निकाह में शामिल हुए।

ग्राम गढ़ी कमालपुर में कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव संतराम वर्मा के पुत्र वैवाहिक कार्यक्रम में, ग्राम हुसैनपुर में राधेलाल वर्मा,की पुत्री के वैवाहिक कार्यक्रम के अतिरिक्त क्षेत्र विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए नव दंपति जीवन नव विवाहित जोड़े को उनके सुखमय, मंगलमय और समृद्ध दाम्पत्य जीवन के लिए हार्दिक उज्जल रहे,ईश्वर से कामना है कि आप दोनों का आपसी प्रेम और विश्वास सात जन्मों तक बना रहे। इसके अलावा हड्डियांन पुरवा बघौली में बख्तियार के पिता के मृत्यु पर, उनके घर पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार से मिले। नगर पंचायत कछौना में के के सोनी की मौत के उपरान्त परिवार बालों के साथ दुःख की घड़ी में शामिल हुए हैं हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया इस मौके पर गुड्डू कश्यप, देवेन्द्र कुमार सिंह, रामकुमार नरेंद्र कुमार, रामलोटन वर्मा, रंजीत कुमार, आदि लोग मौजूद रहे हैं।

अनुशासन, नेतृत्व और गौरव के बीच संपन्न हुआ पदग्रहण समारोह-2026

❒ समारोह में उपस्थित नव छात्र परिषद ने ली शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सेंट पॉल्स कॉलेज में पदग्रहण समारोह 2026 गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह के दौरान शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नव-निर्वाचित छात्र परिषद को औपचारिक रूप से जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम में अनुशासन, नेतृत्व और संस्थान की गौरवशाली परंपराओं की झलक देखने को मिली।

समारोह के मुख्य अतिथि कर्नल समीर कटियार रहे, जो वर्ष 1988 बैच के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ईमानदारी, साहस, अनुशासन तथा समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण के साथ नेतृत्व करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो सेवा और जिम्मेदारी की भावना से प्रेरित हो।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रेव. फादर तेज प्रकाश बारा ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अनीता शुक्ला भी उपस्थित रहीं। दोनों ने नव-निर्वाचित परिषद सदस्यों को संस्थान की समृद्ध परंपराओं और मूल्यों को पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।समारोह में मौलिक भारद्वाज को 'हेड बॉय' और नैशा बाजपेयी को 'हेड गर्ल' की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं शौर्य चतुर्वेदी और श्रेया गुप्ता को क्रमशः 'वाइस हेड बॉय' और 'वाइस हेड गर्ल' नियुक्त किया गया। इसके अलावा विभिन्न सदनों के कप्तानों, उप कप्तानों, महाविद्यालय प्रीफ़ेक्ट तथा कनिष्ठ प्रीफ़ेक्ट्स ने भी शपथ लेते हुए संस्थान की सेवा अनुशासन, समर्पण और टीम भावना के साथ करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व छात्रों में आशीष यादव, रवि सेठ, मनप्रीत सिंह, अमित कुमार लाल, हनीश पाहुजा, मुकुंद कुमार लाल और खनक पाहुजा शामिल रहे। संस्थान ने सभी पूर्व छात्रों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन और युवा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन प्रेरणादायी रहा।समारोह में शिक्षकों, अभिभावकों, पूर्व छात्रों और विद्यार्थियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक भव्य बना दिया। यह अवसर संस्थान के इतिहास में एक गौरवपूर्ण और यादगार क्षण के रूप में दर्ज हुआ।

शिक्षकों, शिक्षा मित्रों व रसोइयों को अपमानित करना पड़ा भारी, शिक्षक निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज । मोहनलालगंज के बेसिक विद्यालय मदारपुर में बड़ी कार्रवाई, जांच में आरोप सही मिलने पर बीएसए ने किया निलंबननगराम , लखनऊ। क्षेत्र के बेसिक विद्यालय मदारपुर में तैनात शिक्षक मनोज किशोर सिंह को अभद्र व्यवहार और विद्यालय में अनुशासनहीनता के आरोपों में निलंबित कर दिया गया है।

शिक्षक की कार्यशैली से परेशान विद्यालय के प्रधानाध्यापक शंभू दयाल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि शिक्षक मनोज किशोर सिंह विद्यालय में रसोइयों के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते थे तथा प्रधानाध्यापक के साथ भी अभद्र व्यवहार करते थे। इसके अलावा विद्यालय में शिक्षण कार्य करने के बजाय दिनभर वीडियो ग्राफी करने का भी आरोप लगाया गया था।मामले में यह भी सामने आया कि कुछ दिन पूर्व शिक्षक द्वारा दिव्यांग शिक्षा मित्र अशोक कुमार के साथ भी अभद्रता की गई थी, जिसकी शिकायत पीड़ित ने नगराम थाने में की थी।मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लखनऊ विपिन कुमार ने दो खंड शिक्षा अधिकारियों की जांच समिति गठित कर जांच कराई। जांच में प्रधानाध्यापक द्वारा लगाए गए आरोप सही पाए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक मनोज किशोर सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवी नगर, मोहनलालगंज से संबद्ध किया गया है।

विहिप प्रांत कार्यालय का चंपत राय ने किया भूमिपूजन

❒ विहिप का यह कार्यालय बहुमंजिला होने के साथ साथ आधुनिक भी रहेगा

❒ हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन के पास, लालकुआं में आयोजित हुआ कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष एंव श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने लखनऊ में आज विहिप अवध प्रांत के नवीन प्रांतीय कार्यालय का भूमि पूजन किया। यह कार्यक्रम हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन के पास, लालकुआं में आयोजित किया गया, जहाँ परिषद का आधुनिक बहुमंजिला भवन बनाया जाएगा।

इस अवसर पर चपत राय ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण संघर्षों से लेकर प्राण प्रतिष्ठा में कार्यालय के योगदान के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही कहा कार्यालय संगठन के कार्य विस्तार का केंद्र बिंदु है और संगठन की साधना का मंदिर है कार्यालय केवल स्थान मात्र नहीं है बल्कि कार्यकर्ताओं के मिलन का भी केन्द्र है। इस स्थान पर विहिप का एक नया, बहुमंजिला प्रांतीय कार्यालय स्थापित किया जाएगा। यह कार्यक्रम अवध प्रांत में संगठन की गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।इस अवसर पर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अखिल भारतीय अधिकारी रमेश पप्पा, अखिल भारतीय अधिकारी संजय,क्षेत्र प्रचारक प्रमुख सुभाष, प्रांत प्रचारक कौशल, प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख प्रशांत विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र , प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप,प्रांत मंत्री देवेंद्र, सह मंत्री अविनाश व विवेक, प्रांत प्रचार प्रमुख नृपेंद्र विक्रम विधि प्रकोष्ठ के क्षेत्र संयोजक बृजेंद्र प्रांत संयोजक संजय तथा विश्व संवाद केंद्र के उमेश शुक्ला, प्रांत प्रचारक प्रमुख यशोदा नंद, पीयूष चैहान एसआर ग्रुप के के डायरेक्टर एवं बीबीडी ग्रुप के डायरेक्टर विराज सागर, विहिप के सह मंत्री वीरेंद्र प्रताप, जिला संगठन मंत्री समरेंद्र, प्रांत सेवा प्रमुख धर्मेंद्र, मातृशक्ति प्रांत संयोजिका दीप्ति,दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका किरन सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विहिप,और भाजपा के कई नेता मौजूद रहे ।

जानकीपुरम विस्तार और गुडंबा क्षेत्र मे अतिक्रमण अभियान

❒ अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध नगर निगम की कार्यवाही, 45 दुकानें हटाई गईं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ द्वारा गुरुवार को सघन अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर आम नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना है।

इसी क्रम में जोन-3 में जोनल अधिकारी मनोज यादव के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम द्वारा व्यापक कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सेक्टर-2 जानकीपुरम विस्तार स्थित भिटौली चौराहे के पास सब्जी मंडी क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। इसके साथ ही गुडंबा थाने से लगी चटोरी गली और 23 नंबर तिराहा मार्ग पर पटरी दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध कब्जों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई।नगर निगम टीम ने अभियान के दौरान कुल 45 अवैध दुकानों को हटवाया तथा एक ठेला जब्त किया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को भविष्य में सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जा न करने की चेतावनी भी दी।

श्री दुर्गा जी मंदिर धर्म जागरण एवं सेवा समिति के द्वारा संचालित की जा रही निःशुल्क जल सेवा

❒ समिति की यह सेवा प्रतिदिन सुबह से प्रारंभ होकर मध्य रात्रि तक निरंतर जारी रहती है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । परिवर्तन चौराहा पर श्री दुर्गा जी मंदिर धर्म जागरण एवं सेवा समिति पिछले लगातार 29 वर्षों से मानव सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। समिति द्वारा राहगीरों के लिए निःशुल्क जल सेवा संचालित की जा रही है, जिससे प्रतिदिन हजारों लोगों को राहत मिल रही है।

समिति की यह सेवा प्रतिदिन सुबह से प्रारंभ होकर मध्य रात्रि तक निरंतर जारी रहती है। राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूरों एवं आम नागरिकों को शीतल जल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे भीषण गर्मी में उन्हें काफी राहत मिल रही है। जल सेवा के प्रभारी प्रदीप शुक्ला ने बताया कि श्री दुर्गा जी मंदिर शास्त्रीय नगर में स्थित पौराणिक कुएं के जल को विशेष रूप से लाकर श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को वितरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल जल पिलाना नहीं, बल्कि मानव सेवा के माध्यम से समाज में सद्भाव एवं सहयोग की भावना को मजबूत करना है। समिति के कार्यकारी सदस्य तारा चन्द अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जल सेवा के साथ राहगीरों को चना, मीठे बताशे एवं गुड़ भी वितरित किया जाता है। उन्होंने बताया कि यह सेवा प्रतिवर्ष 9 अप्रैल से प्रारंभ होकर जुलाई माह के अंतिम सप्ताह तक निरंतर संचालित की जाती है।

रोहित कश्यप बने बीआईसीसीआई उत्तर प्रदेश चैप्टर के अध्यक्ष

❒ उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में संगठनात्मक विस्तार किया जाएगा तथा जिला स्तर पर उद्यमियों, व्यापारियों एवं युवाओं को जोड़कर एक मजबूत उद्योग एवं व्यापारिक नेटवर्क तैयार किया जाएगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता।

लखनऊ । बैकवर्ड क्लासेस इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (बिक्की) द्वारा रोहित कश्यप को संगठन के उत्तर प्रदेश चैप्टर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

रोहित कश्यप एक युवा, ऊर्जावान एवं दूरदर्शी सामाजिक उद्यमी हैं। वे राजा राम ग्रुप के संस्थापक एवं चेयरमैन के रूप में उद्योग एवं व्यवसाय के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही उन्हें भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विवेकानंद युवा पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है, जो उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान एवं युवा नेतृत्व क्षमता का प्रतीक है।

उनकी नेतृत्व क्षमता, संगठनात्मक अनुभव एवं सामाजिक प्रतिबद्धता को देखते हुए बिक्की ने उन्हें उत्तर प्रदेश जैसे महत्वपूर्ण राज्य की जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में बिक्की उत्तर प्रदेश में एमएसएमई, स्टार्टअप, युवा एवं पिछड़ा वर्ग उद्यमियों के लिए मजबूत प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा। रोहित कश्यप ने कहा कि बिक्की सरकार एवं प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर ओबीसी एवं एमएसएमई उद्यमियों के आर्थिक, औद्योगिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए कार्य करेगा। संगठन का उद्देश्य उद्यमिता विकास, रोजगार सृजन, स्टार्टअप प्रोत्साहन, एमएसएमई पंजीकरण, औद्योगिक नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं शासकीय योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुँचाना है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में संगठनात्मक विस्तार किया जाएगा तथा जिला स्तर पर उद्यमियों, व्यापारियों एवं युवाओं को जोड़कर एक मजबूत उद्योग एवं व्यापारिक नेटवर्क तैयार किया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर की समस्याएँ शासन तक प्रभावी रूप से पहुँच सकें। बिक्की परिवार ने रोहित कश्यप का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में संगठन उत्तर प्रदेश में उद्योग, व्यापार, उद्यमिता एवं समावेशी आर्थिक विकास को नई दिशा प्रदान करेगा।

रोहित कश्यप के अध्यक्ष नियुक्त होने पर वरिष्ठ पत्रकार श्रीश सिंह,पूर्व अध्यक्ष केकेसी छात्र संघ मनोज तिवारी, राजा राम फाउंडेशन के हिमांशु शर्मा, हरिभान यादव,अजीत यादव सहित अन्य ने बधाई दी।

रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

लखनऊ। लखनऊ के बीबीडी थाना क्षेत्र स्थित सलारगंज गांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।मृतक की पहचान छुट्टन पुत्र रंजीत निवासी जुग्गौर, थाना बीबीडी, जनपद लखनऊ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक मूल रूप से जनपद लखीमपुर का रहने वाला था और वर्तमान में परिवार के साथ जुग्गौर क्षेत्र में रह रहा था। परिवार में प'ी, दो बच्चे तथा उसके दो साले भी साथ रहते हैं।पुलिस के मुताबिक छुट्टन काम से लौट रहा था। इसी दौरान जल्दबाजी में रेलवे अंडरपास से जाने के बजाय वह रेलवे ट्रैक पार करने लगा। तभी सामने से आ रही ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

बंगला बाज़ार चौराहे पर लगेगी अमर क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा: डॉ. राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । सरोजिनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने आज विभिन्न सामाजिक एवं कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों को आश्वस्त किया कि काकोरी कांड के महान क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की भव्य प्रतिमा बंगला चौराहे पर स्थापित कराई जाएगी तथा पुरानी जेल रोड का नाम बदलकर ल्पंडित राम प्रसाद बिस्मिल मार्गङ्क रखा जाएगा।आज ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फ़ेडरेशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे, अखिल भारत नागरिक परिषद की महामंत्री रीना त्रिपाठी, परशुराम सेवा संस्थान के मुख्य संयोजक अजय तिवारी एवं हाइड्रो इलेक्ट्रिक इम्प्लाइज यूनियन के प्रमुख महामंत्री पी.के. दीक्षित ने सरोजिनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह से मुलाकात कर यह मांग उठाई।प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि महान क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल लखनऊ की पुरानी जेल की बैरक नंबर 11 में लगभग 18 माह तक रहे थे और यहीं से उन्हें विशेष अदालत में सुनवाई हेतु ले जाया जाता था। इसलिए उनके ऐतिहासिक योगदान और बलिदान की स्मृति में पुरानी जेल रोड का नाम ल्पंडित राम प्रसाद बिस्मिल मार्गङ्क रखा जाना चाहिए तथा बंगला बाज़ार चौराहे पर उनकी प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिए।डॉ. राजेश्वर सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की मांग को गंभीरता से सुनते हुए तत्काल घोषणा की कि पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा बंगला बाजार चौराहे पर स्थापित कराई जाएगी तथा पुरानी जेल रोड का नाम ल्पंडित राम प्रसाद बिस्मिल मार्गङ्क रखा जाएगा।डॉ. राजेश्वर सिंह की इस ऐतिहासिक घोषणा पर सभी प्रतिनिधिमंडलों ने उनका आभार व्यक्त करते हुए भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि इससे नई पीढ़ी को देशभक्ति, त्याग और बलिदान की प्रेरणा मिलेगी।

अलीगंज के पांडेय टोला में गंदे पानी से फूटा लोगों का गुस्सा

❒ जल निगम और नगर निगम के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । राजधानी के अलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेय टोला इलाके में पिछले कई दिनों से गंदे और बदबूदार पानी की सप्लाई होने से स्थानीय लोगों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि घरों में आने वाला पानी पूरी तरह दूषित है, जिससे तेज बदबू आ रही है और पानी का रंग भी बदला हुआ है।

लोगों का कहना है कि इस पानी का इस्तेमाल पीने तो दूर खाना बनाने और दैनिक जरूरतों के लिए भी नहीं किया जा सकता है स्थानीय निवासियों के मुताबिक कई दिनों से लगातार यह समस्या बनी हुई है लेकिन नगर निगम, जल निगम और क्षेत्रीय पार्षद को शिकायत देने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लोगों ने आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते हैं, लेकिन समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा।गंदे पानी की वजह से इलाके में बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।

बच्चों और बुजुर्गों की तबीयत खराब होने की आशंका से लोग डरे हुए हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि दूषित पानी की सप्लाई से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है और मजबूरी में लोगों को बाहर से पानी खरीदकर इस्तेमाल करना पड़ रहा है। समस्या से नाराज बड़ी संख्या में स्थानीय लोग सड़क पर उतर आए और जल निगम के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने जल निगम मुर्दाबाद के नारे लगाए प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा आम जनता भुगत रही है।वहीं क्षेत्रीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही साफ पानी की व्यवस्था नहीं की गई और समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

मेधावी बच्चे हुए सम्मानित, अन्य को लगन से पढ़ने के लिए किया गया प्रेरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोसाईगंज स्थित संकट मोचन पब्लिक स्कूल में गुरुवार को मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। अन्य बच्चों को भी मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया।इंटर पास करने वाले मेधावी बच्चों को गुरुवार को स्कूल बुलाया गया। सभी बच्चे स्कूल की ड्रेस में पहुंचे थे। स्कूल की निदेशक अनीता गोस्वामी, प्रबंधक आर पी गोस्वामी और प्रधानाचार्य कमल भार्गव सहित ने बच्चों को माला पहना कर और लड्डू खिला कर सम्मानित करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार को आप सभी पर गर्व है।स्कूल में सम्मानित होने वाले इंटर के मेधावी बच्चों में सौम्या यादव, अंशिका यादव, शुभी यादव, सावनी सिंह, अक्षत वर्मा, आर्यन, आदित्य, अमूल्य और आकाश सहित अन्य बच्चे शामिल रहे।स्कूल के शिक्षक सचिन, हेमंत वर्मा, शुभम गुप्ता, विष्णु, महिमा, शबाना, सुनीता,अरुणकांत, अक्षय और प्रमोद ने बच्चों को शाबासी दी।

घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी, पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। चिनहट थाना क्षेत्र में घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सराय शेख सतरिख रोड निवासी मुजम्मिल खान पुत्र अब्दुल करीम ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि वह अपने भाई मोहम्मद मुस्लिम और भाभी रोहसिना के साथ घर पर मौजूद थे। इसी दौरान ससुराल पक्ष के कुछ लोग जबरन घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने भाई और भाभी तथा मेरे साथ लात-घूंसों से मारपीट की।पीड़ित के अनुसार, जब उसने अपने दोस्त फरमान को फोन किया तो फ़रमान के पहुंचने पर आरोपी धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। जाते समय आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।पुलिस ने तहरीर के आधार पर रहीश अहमद, आरिफ, ममनून, शादाब और मिररोज समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फूड सेफ्टी टीम पर अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा का आरोप

चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।राजधानी के कमता क्षेत्र स्थित एक रेस्टोरेंट में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के साथ अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह यादव ने बताया कि 13 मई 2026 को वह सहायक आयुक्त (खाद्य) के साथ कमता स्थित नीलकण्ठ स्वीट्स प्रतिष्ठान के निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। टीम ने प्रतिष्ठान में रखे खाद्य पदार्थों की जांच शुरू की और रस सेमोलिना मिश्रण के नमूने संदेह के आधार पर जांच हेतु लिए।आरोप है कि नमूना संग्रहण की कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान के कुछ लोगों ने हस्तक्षेप किया। इसी बीच चार लोग मौके पर पहुंचे, जिनमें एक ने स्वयं को अधिवक्ता बताया। आरोप है कि उन्होंने नमूना संबंधी दस्तावेज, रसीद और कोड स्लिप छीनकर फाड़ दी तथा टीम के साथ अभद्रता करते हुए वीडियो बनाने से मना किया।खाद्य विभाग के अधिकारियों का आरोप है कि सहायक आयुक्त का मोबाइल भी छीन लिया गया और टीम को जबरन प्रतिष्ठान से बाहर निकाल दिया गया। वहीं जांच के लिए रखे गए नमूनों को भी वहां से हटाने की बात सामने आई है।घटना के बाद विभागीय अधिकारियों ने इसे सरकारी कार्य में बाधा बताते हुए संबंधित धाराओं में कार्रवाई की मांग की है।

पुरानी रंजिश में युवक पर लाठी-डंडों से हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ बीच-बचाव करने पहुंचे परिजन, आरोपी मौके से फरार मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज । लखनऊ के मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के हुलास खेड़ा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर लाठी-डंडों से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी दाहिने हाथ की कलाई की हड्डी टूट गई।

पीड़ित ने मामले की शिकायत मोहनलालगंज कोतवाली में देकर कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज के हुलास खेड़ा गांव निवासी अमित कुमार पुत्र राचन्दर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार शाम वह अपने घर पर मौजूद था। इसी दौरान गांव के ही बजरंगी पुत्र प्यारे लाल तथा राहुल पुत्र बजरंगी उसके घर पहुंचे और पुरानी बातों को लेकर उसके पिता के साथ गाली-गलौज करने लगे।पीड़ित अमित कुमार के अनुसार जब उसने विरोध करते हुए गाली देने से मना किया तो दोनों आरोपी आक्रोशित हो गए और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में उसके हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं, वहीं दाहिने हाथ की कलाई की हड्डी भी टूट गई। शोरगुल सुनकर पहुंचे परिजनों ने किसी तरह बीच-बचाव कराया, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल युवक ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने घायल का चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।इस संबंध में मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

सड़क हादसे में पिता की मौत के बाद टूटा परिवार सदमे से उबरने के बाद बेटे ने दर्ज कराया मुकदमा

❒ हरिकंशगढ़ी चौकी के पास हुए हादसे में गई जान मोहनलालगंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर शुरू की कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पिता की अचानक मौत से बेटा इतना सदमे में था कि तत्काल पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज नहीं करवा सका।

कुछ दिन बाद खुद को संभालने के बाद उसने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीजीआई थाना क्षेत्र के कल्ली पश्चिम स्थित बाबू खेड़ा की कान्हा नगर कॉलोनी निवासी सतेन्द्र यादव पुत्र स्वर्गीय वासुदेव यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता बीते सोमवार को मोटरसाइकिल संख्या यूपी 32 एलआर 3589 से किसी कार्य से मोहनलालगंज जा रहे थे। रास्ते में हरिकंशगढ़ी पुलिस चौकी के पास उनकी बाइक को लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रहे वाहन संख्या यूपी 33 बीटी 3279 ने टक्कर मार दी।जानकारी के अनुसार हादसे के बाद एक अज्ञात व्यक्ति ने मृतक के मोबाइल फोन से परिजनों को सूचना दी कि उन्हें गंभीर हालत में एंबुलेंस से पीजीआई के ट्रामा सेंटर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पीड़ित सतेन्द्र यादव ने बताया कि पिता की मौत के बाद परिवार पूरी तरह टूट गया था। सिर से पिता का साया उठने के कारण वह मानसिक रूप से बेहद परेशान थे और उसी सदमे में तत्काल मुकदमा दर्ज नहीं करा सके। कुछ दिन बाद खुद को संभालने के बाद उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के पुत्र की तहरीर के आधार पर संबंधित वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

महर्षि विद्या मंदिर के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता। महर्षि विद्या मंदिर लखनऊ के मेधावियों ने एक बार पुनः सीबीएसई बोर्ड परीक्षा कक्षा 12 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के मेधावी छात्रों ने विज्ञान वर्ग के संस्कार श्रीवास्तव 95.60%, मानविकी वर्ग के सत्यम यादव ने 91.20% तथा वाणिज्य वर्ग के सुयश दुबे 90.40% अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं अपने माता-पिता को दिया। विद्यालय के प्रबंधक अनूप श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य नीलम सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए लगेगा विशेष बिजली कैंप

लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिजली उपभोक्ताओं को अब बिल और कनेक्शन संबंधी समस्याओं के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। बिजली विभाग ने अलग-अलग उपकेंद्रों पर विशेष वाणिज्यिक मेगा कैंप आयोजित करने का फैसला किया है, जहां उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जाएगा। इन कैंपों में बिजली बिल जमा कराने, बिल संशोधन, नया कनेक्शन जारी कराने, लोड बढ़वाने, मीटर बदलवाने समेत अन्य वाणिज्यिक समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कैंप संबंधित अधिशासी अभियंता (बिलिंग/कलेक्शन) की निगरानी में आयोजित होंगे। लखनऊ मध्य क्षेत्र के अधिशासी अभियंता (पी.आर. एन्ड एडमिन) सुशील कुमार के अनुसार कैंपों का आयोजन 15 मई से 22 मई तक विभिन्न उपकेंद्रों पर किया जाएगा। हुसैनगंज उपकेंद्र पर 15 मई, तालकटोरा में 16 मई, रेजीडेंसी में 18 मई, नींबू पार्क में 19 मई, राजभवन में 20 मई, राजाजीपुरम ओल्ड में 21 मई तथा ऐशबाग उपकेंद्र पर 22 मई को कैंप लगाए जाएंगे। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित तिथि पर संबंधित उपकेंद्र पहुंचकर सुविधा का लाभ उठाएं।

नगर आयुक्त ने शहर की विकास परियोजनाओं का किया व्यापक निरीक्षण

❒ निर्माण कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता बनाए रखने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार ने गुरुवार को शहर में चल रहे विभिन्न महत्वपूर्ण विकास एवं निर्माण कार्यों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैसरबाग स्थित चकबस्त में निर्माणाधीन जोनल कार्यालय एवं पार्किंग, जोन-8 में सीएम ग्रिड के तहत इग्नू रीजनल सेंटर के पास बन रही सड़क और रजनी खंड में नाला निर्माण कार्य, हैबतमऊ झील परियोजना, नादरगंज स्थित कान्हा उपवन, अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत विकसित हो रहे राधा सरोवर एवं प्रेम सरोवर, अमौसी स्थित वृहद गौशाला तथा एबीसी सेंटर का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने सभी परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्धता की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने तथा तय समय सीमा में उन्हें पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उनके साथ अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव एवं चीफ इंजीनियर सिविल महेश वर्मा भी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने सबसे पहले कैसरबाग स्थित चकबस्त में निर्माणाधीन जोनल कार्यालय एवं पार्किंग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जोन-1 के अधिशासी अभियंता अतुल मिश्रा को निर्माण कार्य डबल शिफ्ट में कराने के निर्देश दिए। साथ ही अगले 15 दिनों में फायर सेफ्टी से जुड़े कार्य पूर्ण करने तथा जून माह के अंत तक पूरी बिल्डिंग का निर्माण कार्य हर हाल में पूरा कराने को कहा।

इसके बाद नगर आयुक्त ने जोन-8 क्षेत्र में सीएम ग्रिड के तहत इग्नू रीजनल सेंटर के पास बन रही सड़कों एवं रजनी खंड की सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने इग्नू रीजनल सेंटर के पास बने सेल्फी प्वाइंट का अवलोकन करते हुए खुले में पड़ी हाईटेंशन लाइन को जल्द भूमिगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य जून अंत तक पूरा होना चाहिए।

रजनी खंड में चल रहे सीएम ग्रिड कार्यों की समीक्षा के दौरान नगर आयुक्त ने निर्माणाधीन नाले के कार्य में तेजी लाने को कहा। 250 मीटर लंबे नाले में अब तक 150 मीटर कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष 100 मीटर कार्य को जून अंत तक पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने हैबतमऊ झील परियोजना के अंतिम चरण के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने फिनिशिंग, सौंदर्यीकरण एवं हॉर्टिकल्चर से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर इस माह के अंत तक पूरा कराने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने नादरगंज स्थित कान्हा उपवन में निर्माणाधीन विद्यालय का निरीक्षण करते हुए स्कूल परिसर की बाउंड्री वॉल का कार्य शीघ्र पूरा कराने तथा भवन निर्माण की टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

इसके अलावा उन्होंने कान्हा उपवन में जर्जर दीवारों की मरम्मत, वाहनों की मरम्मत के लिए स्थायी कार्यशाला बनाने और कर्मचारियों के आवास को टाउनशिप मॉडल के रूप में विकसित करने की योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। साथ ही सीवर जल के निस्तारण के लिए बनाए जा रहे एसटीपी के कार्य में तेजी लाने को कहा।

अमृत 2.0 योजना के तहत विकसित किए जा रहे राधा सरोवर और प्रेम सरोवर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए नगर आयुक्त ने निर्माण गुणवत्ता का बारीकी से परीक्षण किया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। अमौसी स्थित वृहद गौशाला के निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने फलदार वृक्ष लगाने, ग्रीनरी विकसित करने, लैंडस्केपिंग कराने और हाईमास्ट लाइट लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मेटल स्क्रैप से कामधेनु गाय की प्रतिमा बनाने, मुख्य गेट का चौड़ीकरण करने और भूसा गोदाम को ऊंचा कराने को कहा। इसके बाद नगर आयुक्त ने अमौसी स्थित एबीसी सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद बिजली कनेक्शन और हैंडओवर की प्रक्रिया को जल्द पूरा कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने 5 मृत शक्तियों को प्रदान की 1-1 लाख की एफडी

❒ महिला स्वावलंबन अभियान के तहत 5 नये सिलाई केंद्रों के साथ अब तक 180 तारा शक्ति सिलाई केन्द्र स्थापित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आशियाना, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि जनसेवा का वास्तविक उद्देश्य केवल सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि किसी परिवार के जीवन में आत्मविश्वास, सुरक्षा और नए भविष्य का संचार करना है। इसी भावना के साथ गुरुवार को विधायक कार्यालय, पराग चौराहा, आशियाना में आयोजित जनसंवाद एवं जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर बेहटा निवासी शांति गौतम , सहिजनपुर निवासी मंजुला रावत जी, रहीमनगर पडियाना निवासी जया पांडेय जी, बादेखेड़ा निवासी पंचवटी श्रीवास्तव जी एवं शिवरी निवासी लक्ष्मी सिंह को उनके परिवार के भरण-पोषण एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु 1-1 लाख की एफडी प्रदान की गई।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि समाज के जरूरतमंद परिवारों तक सम्मान और संवेदना के साथ सहयोग पहुंचाना उनका निरंतर प्रयास है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी एट्ट पहल के अंतर्गत दिवंगत अधिवक्ताओं की 10 धर्मपत्नियों को 1-1 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान कर उनके परिवारों को संबल देने का कार्य किया जा चुका है। कार्यक्रम के दौरान महिला स्वावलंबन को बढ़ावा देने की दिशा में 5 नए ल्तारा शक्ति सिलाई केन्द्रों का भी लोकार्पण किया गया। डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि 16 अक्टूबर 2022 को 4 ल्तारा शक्ति सिलाई केन्द्रों की स्थापना के साथ प्रारंभ हुआ यह अभियान आज एक व्यापक जनआंदोलन का रूप ले चुका है। 5 नए केन्द्रों के शुभारंभ के साथ अब तक कुल 180 ल्तारा शक्ति सिलाई केन्द्र स्थापित किए जा चुके हैं, जो हजारों महिलाओं को कौशल विकास,आत्मनिर्भरता एवं सम्मानजनक आजीविका से जोड़ रहे हैं। आज लोकार्पित किए गए केंद्रों में खुर्रमपुर की संचालिका रेशमी रावत जी, आज़ादनगर अमौसी की संचालिका श्रीमती रेनू वर्मा जी, डूडा कॉलोनी की संचालिका श्रीमती उर्मिला सिंह जी, सरोसा गांव की संचालिका श्रीमती प्रिया लोधी जी एवं कल्लीपूरब की संचालिका श्रीमती मीना सिंह जी शामिल हैं। प्रत्येक केंद्र पर 7 सिलाई मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। इस प्रकार कुल 35 सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि मातृशक्ति को कौशल, सम्मान और स्वावलंबन से जोड़ना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए उन्हें आत्मविश्वास एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करेगी।

जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया का किया भ्रमण

❒ निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन सेमिनार हॉल, यंत्रशाला, भंडार गृह, थ्रेशिंग फ्लोर, हाइड्रोपोनिक इकाई तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के मुख्य द्वार का अवलोकन किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया, सीतापुर में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों का आज जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन सेमिनार हॉल, यंत्रशाला, भंडार गृह, थ्रेशिंग फ्लोर, हाइड्रोपोनिक इकाई तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के मुख्य द्वार का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

जिलाधिकारी महोदय ने सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं तय समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाने हेतु यूपीपीसीएल को निर्देशित किया जिससे केंद्र पर कृषकों एवं प्रशिक्षणार्थियों को आधुनिक कृषि सुविधाओं का लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके।

निरीक्षण के दौरान उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एपीएम श्री इरफान सिद्दीकी, खंड विकास अधिकारी बिसवां, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव सहित केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. आनंद सिंह, डॉ शैलेन्द्र सिंह, डॉ. शिशिर कांत सिंह, डॉ. सचिन प्रताप तोमर, डॉ. शुभम सिंह राठौर, डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

राज्य महिला आयोग की सदस्य का शाहजहांपुर दौरा, पीड़ित महिलाओं की सुनीं समस्याएं

❒ जेल का किया निरीक्षण, कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में हुई शामिल, माताओं को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने आज जनपद शाहजहांपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विकास भवन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। कहा कि महिलाओं को अपनी शिकायत दर्ज कराने में हिचकिचाना नहीं चाहिए और प्रशासन को भी उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने जिला कारागार महिला बैरक का निरीक्षण कर सबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक जलालाबाद के सभागार में आयोजित जागरूकता चौपाल में महिला कल्याण योजनाओं की समीक्षा की और ब्लाक परिसर में प्रचार-प्रसार के लिए लगाए गए विभिन्न योजनाओं के स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान जागरूकता चौपाल में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने नवजात शिशुओं की माताओं को सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होंने ब्लॉक सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वयं सहायता समूह कैडर तथा सदस्य आशा, केयरटेकर, एवं ब्लाक के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र महिला तक पहुंचे। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी आदि संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

डीएम ने किया तालाब एवं चारागाह भूमि का स्थलीय निरीक्षण

❒ 15 जून से पहले प्रत्येक ग्राम में नए तालाब की खुदाई की जाए-डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को ग्राम बझेड़ा-बझेडी और कुइयां में लगभग 26 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाले तालाब तथा ग्राम हसौआ में 1.4 हेक्टेयर चारागाह भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया और सबंधित अधिकारी को तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने और उनके पुनर्जीवन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि तालाब की भूमि को तत्काल खाली कराया जाए तथा डालमिया चीनी मिल का पानी तालाब में आने से तुरंत रोका जाए। उन्होंने पूरे तालाब की खुदाई कराने, तालाब के चारों ओर 10 फीट चैड़ा ट्रैक बनाने तथा 05 फीट चैड़ाई में वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए। डीएम ने चारागाह भूमि का निरीक्षण करते हुए कहा कि एक एकड़ क्षेत्रफल में गौशाला का निर्माण कराया जाए तथा शेष भूमि पर हरे चारे की बुवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे गौवंश के लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था हो सके। उन्होंने तहसीलदार को निर्देश दिए कि तालाब की खुदाई, ट्रैक निर्माण, वृक्षारोपण, गौशाला निर्माण एवं हरे चारे की बुवाई से संबंधित प्रस्ताव जल्द तैयार कर प्रस्तुत किए जाएं। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि 15 जून से पहले प्रत्येक ग्राम में कम से कम एक नए तालाब की खुदाई का कार्य शुरू कराया जाए। ताकि बरसात से पूर्व कार्य पूर्ण हो सके और वर्षा जल का संचयन किया जा सके। इस दौरान उप जिलाधिकारी तिलहर जीत सिंह राय, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

किशोरी के अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना पुवायां पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने, उसके साथ दुष्कर्म करने और पाक्सो एक्ट के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बीती 10 मई को थाना पुवायां क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने के संबंध में थाना पुवायां क्षेत्र के गांव माधौपुर निवासी सतेन्द्र के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 13 मई को पुलिस ने पीड़ित किशोरी को सकुशल बरामद किया तथा उसके बयान एवं प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर अभियोग में धारा 87/65 बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की। इसी क्रम में आज थाना पुवायां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सतेन्द्र को जेवां पुल से पहले पुवायां बाईपास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना पुवायां के उपनिरीक्षक गौरव कुमार के साथ आरक्षी प्रेमपाल और रिक्रूट महिला आरक्षी रीना आदि मौजूद रहे।

स्कूली बस व ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में 21 घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना निगोही क्षेत्र में शाहजहांपुर रोड पर स्थित भाजपा विधायक सलोना कुशवाह के कार्यालय के पास बुधवार की दोपहर सुभद्रा देवी महेशचंद्र बालिका इंटर कॉलेज की स्कूली बस की सामने से आ रहे ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गई। जिससे बस और ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे में तीन विद्यार्थियों समेत 21 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस में फंसे विद्यार्थियों व स्टॉफ को लोगों की मदद से बाहर निकाला और एम्बुलेंस व निजी वाहनों से सीएचसी पहुंचाया। जहां से सभी घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायलों में ग्राम बलेली निवासी छात्रा वंशिका व वंश, मिश्रीपुर निवासी छात्रा सृष्टि घायल हुए हैं। इनके अलावा अलमाज, ट्विंकल, अर्जुन, अंकुर सिंह, सरिता सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, वैदापुर निवासी पुष्पेंद्री, कजरीनूरपुर गांव निवासी पल्लवी यादव, बबिता यादव, गदियाना चुंगी निवासी सीतू यादव, अनुराग यादव, पचदेवरा निवासी मनु, हसौआ गांव निवासी सुनैना शर्मा, बलेली गांव निवासी प्रिंस, थाना सदर बाजार के मोहल्ला जलालनगर, राघौपुर निवासी सुसोमन, गिरगिचा निवासी पूर्णिमा वर्मा, सुभाषनगर कॉलोनी निवासी लता घायल हैं। जिनका मेडिकल कालेज में उपचार किया जा रहा है।

रंजिश के चलते युवक को मारी गोली, अस्पताल में भर्ती

शाहजहांपुर। थाना कटरा क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक को गोली मार दी गई। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल युवक के भाई की तहरीर पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपियों की तलाश में है।बीती रात पुरानी रंजिश के चलते थाना कटरा क्षेत्र के गांव धनकपुर निवासी रमेश गंगवार को गोली मार दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां उसकी गंभीर हालत देखकर राजकीय मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। घायल रमेश के भाई वेदपाल ने गांव के ही सबूदार और उसके साथियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसपी देहात दीक्षा भांवरे अरुण ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

❒ गांवों, मोहल्लों, शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान फ़ेज-5.0 द्वितीय चरण के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा महिलाओं, बालिकाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से विभिन्न गांवों, मोहल्लों, शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस दौरान छात्राओं, बालिकाओं एवं महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के तहत सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं सेवाओं जैसे यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, महिला शक्ति केन्द्र, एंटी रोमियो स्क्वायड, शक्ति दीदी, बाल श्रम उन्मूलन आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। इसके अलावा महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपायों तथा शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण मिशन, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना आदि योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। एसपी सिटी ने बताया कि जनपदीय पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता के लिए यह जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

पुलिस के हत्थे चढ़ा पाक्सो एक्ट का आरोपी बाल अपचारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना कलान पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के अभियोग में नामित बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया है।बीती 01 मई को थाना कलान क्षेत्र की एक महिला ने अपनी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट एक बाल अपचारी के खिलाफ दर्ज कराई थी। पुलिस ने बीती 11 मई को मुकदमें से संबंधित अपहृता किशोरी को सकुशल बरामद किया और उसके मेडिकल व बयानों के आधार पर दर्ज रिपोर्ट में धारा 87/64(2) बीएनएस एवं 5(एल)/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की। इसी क्रम में आज मुखबिर की सूचना पर नामित बाल अपचारी को सैदापुर तिराहे से विधिक प्रावधानों के अनुरूप पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। बाल अपचारी को थाना स्थानीय के बाल मित्र कक्ष में रखा गया तथा उसके साथ किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप व्यवहार किया गया। इसके बाद आवश्यक विवेचनात्मक कार्रवाई करते हुए आरोपी बाल अपचारी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। आरोपी बाल अपचारी को अभिरक्षा मे लेने वाली पुलिस टीम में थाना कलान के उपनिरीक्षक विजेन्द्र सिंह, आरक्षी जितेन्द्र और गौरव तोमर मौजूद रहे।

यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट प्रेस यूनियन की बैठक संपन्न, नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

महमूदाबाद, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज का वह आईना है जो कठिन परिस्थितियों में भी सच को सामने लाने का साहस रखता है। इसी उद्देश्य और पत्रकारिता की गरिमा को बनाए रखने के संकल्प के साथ कस्बा महमूदाबाद के रामकुंड चौराहे स्थित वरिष्ठ पत्रकार अनुज कुमार जैन के प्रतिष्ठान पर यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट प्रेस यूनियन की तहसील स्तरीय बैठक आयोजित की गई।बैठक के प्रथम चरण में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करते हुए पुरानी कार्यकारिणी को सर्वसम्मति से भंग किया गया। इसके बाद संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। उपस्थित पत्रकारों ने संगठन की एकता, आपसी भाईचारे और पत्रकार हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता अनेक चुनौतियों से गुजर रही है और इन परिस्थितियों का सामना केवल संगठनात्मक एकजुटता से ही किया जा सकता है। सभी सदस्यों ने पत्रकारों की आवाज को मजबूती देने और निष्पक्ष पत्रकारिता को बढ़ावा देने पर बल दिया। नई कार्यकारिणी में परम संरक्षक पद पर संतोष पाण्डेय, संरक्षक चक्र सुदर्शन पाण्डेय, अध्यक्ष अनुज कुमार जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज जायसवाल, जितेन्द्र कुमार वर्मा, विपिन पाण्डेय एवं दानिश हाशमी, महामंत्री राम निवास गुप्ता, कोषाध्यक्ष मो. आरिफ खान, संयुक्त सचिव गौरव पाण्डेय, संगठन मंत्री आदित्य कुमार वर्मा, प्रचार मंत्री ढिल्लन वारसी, मंत्री इकराम अंसारी तथा विधिक सलाहकार एडवोकेट अनिल कुमार श्रीवास्तव को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं रोहित मिश्रा, रोहित सोनी, विकास त्रिपाठी, राजेन्द्र प्रसाद, अनिल कुमार, मो. कदीर एवं शिव कुमार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक के समापन पर नवनियुक्त अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। उपस्थित पत्रकारों ने विश्वास जताया कि नई टीम पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और क्षेत्र में पत्रकारिता के गौरव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

नेकराम सिंह यादव बने अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष

मछरेहटा, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिश भूषण सिंह द्वारा सभी जनपदों में अखिल भारतीय फार्मासिस्ट संगठन का विस्तार किया जाना सुनिश्चित हुआ था उसी के क्रम में अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रिषी त्रिपाठी के द्वारा विकासखंड मछरेहटा से नेकराम सिंह यादव को ब्लॉक अध्यक्ष मछरेहटा नामित किया। संगठन के पदाधिकारी के द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष मछरेहटा नेकराम सिंह यादव को ब्लॉक अध्यक्ष चयनित होने पर मिठाई खिलाकर अभिवादन किया। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष नेकराम सिंह यादव ने संगठन के पदाधिकारी व उपस्थित जनों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा संगठन द्वारा मुझ पर भरोसा जताते हुए जिन जिम्मेदारियों को मुझे दिया गया है मैं संगठन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करते हुए उनका पालन करूंगा। साथियों, परिजनों तथा जी एस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर अश्वनी सिंह ने ब्लॉक अध्यक्ष चयनित होने पर नेकराम सिंह यादव को मिठाई खिलाकर स्वागत किया तथा संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को सही तरीके से निर्वहन करने की बात कही। इस अवसर पर अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रिषी त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

भ्रष्टाचार के विरूद्ध पूर्व सांसद की शिकायत पर हुई जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ एक्सईएन लघु सिंचाई के विरूद्ध पूर्व सांसद ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को लिखा था शिकायती पत्र

❒ पत्र में चहेती फर्मों व ठेकेदारों को नियम विरूद्ध कार्य देने, बेहद ऊंची दरों पर किसानों को सर्मसिबल आपूर्ति कराने व टेण्डर तिथि खत्म होने के बाद भी चहेती फर्म को टेण्डर देने के लगाये गए थे आरोप

❒ सीडीओ ने डीडीओ व एक्सईएन आरईडी की दो सदस्यीय टीम को सौंपी थी प्रकरण की जांच

सीतापुर। सत्तारूढ़ दल भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद रेखा वर्मा ने गत दिनों लघु सिंचाई विभाग के रसूखदार एक्सईएन के भ्रष्ट क्रियाकलापों की शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पत्र लिख कर की थी। सीडीओ डॉ दीक्षा जोशी ने प्रकरण की जांच डीडीओ व एक्सईएन आरईडी की दो सदस्यीय टीम को सौंपी थी। गत दिवस मामले की जांच टीम ने प्रकरण की तहकीकात की और एक्सईएन ने शिकायती पत्र में वर्णित बिन्दुओं के सापेक्ष दस्तावेज तलब किए। इस बाबत जिला विकास अधिकारी ने बताया कि अभिलेख मिलने के बाद जांच प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

बता दें कि पूर्व सांसद रेखा वर्मा ने सीएम को पत्र लिख कर लघु सिंचाई विभाग के एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार पर अपने अधीन सीतापुर व खीरी प्रखण्डों में अपने चहेते ठेकेदारों और उनकी फर्मों से गुणवत्ताविहीन हल्की बोरिंग पाइप सप्लाई करा कर व बोर करा कर भ्रष्टाचार को खुला आश्रय देने का आरोप लगाया था। पत्र में कहा गया था कि एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार किसानों से भी अभद्र व्यवहार करते हैं जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 में लखीमपुर खीरी की अपनी चहेती फर्म सुप्रीम इण्टरप्राइजेज को टेण्डर तिथि खत्म होने के बाद भी टेण्डर दे दिया जिसके साक्ष्य सुप्रीम इण्टरप्राइजेज द्वारा लघु सिंचाई विभाग में जमा दस्तावेजों की पड़ताल करने से स्वयं मिल जाएगा। दस्तावेजों में सुप्रीम इण्टरप्राइजेज ने जो चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न किया है वह टेण्डर तिथि समाप्त होने के बाद की तारीख का है। फिर भी एक्सईएन ने अपनी खाऊ कमाऊ नीति के तहत इस चहेती फर्म को नियम विरूद्ध टेण्डर दे दिया। सनद रहे कि एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार मूल रूप से लखनऊ जिले में तैनात हैं जिनके पास सीतापुर का अतिरिक्त प्रभार है। हरदोई व लखीमपुर खीरी जिले लखनऊ और सीतापुर खण्ड के तहत आते हैं। पूर्व सांसद के अनुसार लखनऊ, हरदोई, सीतापुर व लखीमपुर खीरी में एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार मध्यम व गहरी बोरिंगों में किसानों को मिलने वाले सर्मसिबल और एसेसरीज में अपनी चहेती फर्मों व ठेकेदारों की मिलीभगत से जबंदस्त धांधली कर रहे हैं। हरदोई व लखनऊ में इन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 में किसानों को सर्मसिबल दिलाने के नाम पर अपनी करीबी फर्मों को प्रति सर्मसिबल 95 हजार रूपये तक का भुगतान कराया है। हैरत की बात यह है कि यही सर्मसिबल व एसेसरीज खुली बाजार में अधिकतम 70 हजार रूपये तक की कीमत पर आम किसानों को उपलब्ध हैं। ऐसे में एक्सईएन ने प्रति समरसिबल 25 से 30 हजार की खुली लूट की है। शिकायती पत्र की मानें तो एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार ने अपनी चहेती फर्मों के पंजीकरण मामले में अधीक्षण अभियंता की पूर्व अनुमति के बिना मनमाने तरीके से घालमेल कर नियम कानूनों व शासनादेशों की धज्जियां उड़ा कर रख दी हैं। बताया जाता है कि इससे पूर्व के अपने तैनाती स्थल पर भी एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार ऐसे ही क्रियाकलापों के चलते खासी चर्चा में रहे हैं। शासन सत्ता में अच्छा रसूख रखने वाले सुवेन्द्र कुमार के विरूद्ध यहां किसान संगठन ने भी शिकायत की है। चाहे सरकारी वाहन से निजी कार्य निपटाने का मसला हो या फिर विभाग व शासन में बेहतर पैठ से एक साथ दो-दो खण्डों का मलाईदार प्रभार हथियाने की बात, सुवेन्द्र कुमार किसी मामले में पीछे नहीं हैं।

लीपापोती की आशंका तले पूर्व सांसद की शिकायत

पूर्व सांसद रेखा वर्मा ने लघु सिंचाई विभाग के एक्सईएन के विरूद्ध भ्रष्टाचार के जिन गंभीर आरोपों में मुख्यमंत्री से प्रकरण की बिन्दुवार शिकायत की है, काफी हद तक संभावना है कि जांच टीम एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार के प्रभाव व दबाव में उस शिकायत की लीपापोती कर दे अथवा फिर प्रक्रिया के नाम पर उसे लिंगर ऑन कर फाइलों के ढेर के नीचे दबा दे। यदि ऐसा हुआ तो सरकार की भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर इसे करारा आघात समझा जाएगा। विभिन्न विकास खण्डों के किसानों ने जिला प्रशासन से एक स्वर में इस शिकायत की जांच की निष्पक्षतापूर्वक करने व जांच को यथाशीघ्र पूर्ण किए जाने की पुरजोर गुहार लगायी है।

10 जून तक सड़कों का मरम्मत कार्य पूर्ण किया जाए: डीएम

शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को महिला थाने से पुवायां मार्ग तथा सराय काईयां से थाना आरसी मिशन होते हुए हरदोई रोड मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया और सड़कों की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने लोक निर्माण विभाग के अभियंता महेंद्र पाल को निर्देशित किया कि दोनों मार्गों पर मरम्मत एवं प्रथम लेयर का कार्य आगामी 10 जून तक हर हाल में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़कों की दूसरी लेयर का कार्य बरसात के बाद कराया जाए, ताकि निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनी रहे। कहा कि सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाए। जिससे आमजन एवं राहगीरों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो और यातायात सुगम बना रहे। इस दौरान संबंधित अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

आईजीआरएस एवं हेल्पलाइन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल (बहजोई), । आज जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल की अध्यक्षता में आईजीआरएस एवं हेल्पलाइन शिकायतों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा ने 50 प्रतिशत से अधिक असंतुष्ट फीडबैक वाले विभागों की स्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी संदर्भों का निस्तारण निर्धारित समय से तीन दिवस पूर्व सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मा. मुख्यमंत्री जी, मा. उप मुख्यमंत्री जी एवं मा. मंत्री जी स्तर से प्राप्त संदर्भों को गंभीरता से पढ़ते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी आख्या अपलोड करने से पूर्व अधिकारी स्वयं उसका परीक्षण करें तथा शिकायतकर्ता से वार्ता करने के उपरांत ही रिपोर्ट प्रेषित करें। अपर जिलाधिकारी ने बैठक में अवगत कराया कि कुछ विभागों द्वारा पूर्ववत एवं असंतोषजनक आख्या पुनः प्रेषित की जा रही हैं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी संदर्भ लंबित न रखा जाए तथा जनसुनवाई से संबंधित संदर्भों की आख्या सात दिवस के भीतर उपलब्ध कराई जाए। निर्धारित समयावधि में आख्या प्रस्तुत न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारी स्वयं आख्या लेकर जनसुनवाई में उपस्थित होंगे। बैठक में ब्लॉक एवं नगर पालिका स्तर पर प्राप्त संतोषजनक एवं असंतोषजनक फीडबैक की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने स्तर पर ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित कर शिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं से शत-प्रतिशत संपर्क स्थापित किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी अधिकारी डिफाल्टर श्रेणी में न आए। विभागीय स्तर पर टीम गठित कर शिकायतों के निस्तारण की मॉनिटरिंग करने तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान ह्लज्ञान भारतम मिशनङ्क के अंतर्गत दुर्लभ पाण्डुलिपियों के डिजिटल संरक्षण एवं स्व-गणना अभियान के संबंध में भी चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

वर्चुअल बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी गुन्नौर विकासचन्द्र, उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल सहित समस्त संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

दिल्ली के मैक्स सुपर हॉस्पिटल पर लगाया 5 लाख का जुर्माना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल । ग्राम नगला खोकर पोस्ट असमोली निवासी नेमपाल सिंह ने अपनी पत्नी श्रीमती भाग्यवती के हृदय रोग के लिए देवकी देवी फाउंडेशन द्वारा चलाये जा रहे मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल साकेत में इलाज के लिए ले जाया गया जहां उनके हृदय के राइट एंट्रीयम में स्थित मांस को सर्जरी द्वारा दिनांक 31/8/2021 को निकालने के पश्चात उसके राइट वेनिट्रिकिल को अक्रियशील हो जाने के कारण मरीज की रिकवरी दी मी हो गई। उक्त इलाज करने के लिए अस्पताल ने ?300000 का पैकेज बताया परंतु धीरे-धीरे करके उनसे 11 लाख 80 हजार 795 ले लिए तथा 14 15 दिन रखने के बाद भी जब कोई सुधार नहीं हुआ तो घर ले जाने के लिए कहा जहां अगले दिन दिनांक 21 /9 /2021 को अस्पताल से छुट्टी होने के उपरांत उनकी मृत्यु हो गई । तथा बिना इलाज के कागज दिए उनको हॉस्पिटल से छुट्टी दी गई जिसके लिए नेमपाल सिंह ने अस्पताल द्वारा तैयार धनराशि से अधिक धनराशि वसूली तथा इलाज के पर्चे न देने के संबंध में एवं इलाज में भर्ती के लापरवाही के लिए जिला उपभोक्ता आयोग सम्भल में उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय द्वारा एक वाद प्रस्तुत किया गया आयोग ने दोनों पक्षों को तलब किया तो उन्होंने आयोग को बताया कि उनके द्वारा आपरेशन पूर्ण रूप से सही किया गया है तो आयोग ने ऑपरेशन से संबंधित पूर्व तथा बाघ की रिपोर्ट को प्रस्तुत करने के लिए कहा गया जिस पर पहले तो अस्पताल द्वारा कोई भी प्रपत्र अथवा रिपोर्ट होने से मना किया गया वादी के अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय द्वारा आयोग से अनुरोध किया गया कि परिवादी की पत्नी को डिस्चार्ज करने पर कोई भी इलाज के पेपर उपलब्ध नहीं कराए गए जिस पर आयोग के आदेश देने पर अस्पताल की ओर से ऑपरेशन से पूर्व की गई जांच रिपोर्ट आयोग में दाखिल की तथा बार-बार आदेश दिए जाने के बावजूद भी विपक्षी द्वारा ऑपरेशन के बाद की रिपोर्ट दाखिल नहीं की गई जिस पर आयोग ने दोनों पक्षों की बहस सुनी और अपना आदेश विपक्षीगण देवकी देवी फाउंडेशन व मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रबंधक निदेशक / अध्यक्ष को आदेशित किया जाता है कि वह परिवादी नेमपाल सिंह को उसकी पत्नी की सर्जरी व इलाज में बरती गई चिकित्सकीय उपेक्षा को क्षतिपूर्ति के रूप में 5 लाख रुपए उस पर परिवाद संस्थान की तिथि से 7% वार्षिक ब्याज सहित अंदर दो माह अदा करें। इसके अलावा विपक्षीगण परिवादी को मुबलिग ?50000 मानसिक कष्ट व आर्थिक हानि की मद में तथा ?5000 बाद व्यय के मद में भी अदा करेंगे । नियत अवधि में धनराशि अदा न किए जाने की दशा में ब्याज 9% वार्षिक देय होगा।

पीएमईजीपी योजना के तहत लोन दिलवाने के नाम पर ठगी करने वाले छह गिरफ्तार

एजेंसी

नोएडा। थाना बिसरख पुलिस और साइबर सेल ने पीएमईजीपी योजना के तहत सब्सिडी लोन दिलाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। छह आरोपियों को गिरफ्तार कर मोबाइल फोन और कॉलिंग डाटा बरामद किया गया। पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय शैलेंद्र कुमार सिंह ने गुरुवार को बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत सब्सिडी लोन दिलाने का झांसा देकर देशभर के लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय साइबर गिरोह का थाना बिसरख पुलिस और साइबर सेल ने आज पर्दाफाश किया है। संयुक्त कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 18 की-पैड मोबाइल फोन, छह स्मार्ट फोन और 15 रजिस्टर, कॉलिंग डाटा बरामद किए गए हैं। आरोपी सोशल मीडिया पर फर्जी विज्ञापन चलाकर बेरोजगार युवाओं और लोन की तलाश कर रहे लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। डीसीपी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान कृष्णा काउंटी टॉवर-ए, सेक्टर-1 की छत से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धर्मराज राठौर, रवि कुमार, किशन राठौर, अक्षय, किरण नायर और किरण बाबू राठौर के रूप में हुई है। सभी आरोपी मूल रूप से कर्नाटक के बीजापुर और विजयपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं ।

चंदापुर थाना क्षेत्र में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मामले में पुलिस ने उसके पति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार कर भेजा जेल

महराजगंज, रायबरेली। चंदापुर थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह कार्रवाई मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर की गई। आपको बता दें कि, पुलिस के अनुसार, आरोपी अखिलेश कुमार यादव, पुत्र रामबहादुर, निवासी ओलीपुर समरहदा पर आरोप है कि, वह अपनी पत्नी को लंबे समय से मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। परिजनों का कहना है कि, यह उत्पीड़न कई वर्षों से जारी था, जिससे महिला गंभीर मानसिक तनाव में थी। मृतका के पिता ने चंदापुर थाने में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि, उनकी बेटी की शादी लगभग 12 वर्ष पूर्व अखिलेश से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा लगातार प्रताड़ना की जा रही थी। परिजनों के अनुसार, इसी प्रताड़ना से आहत होकर महिला ने 7 मई 2026 को जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद परिवार ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की और मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि, आगे की विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अमित मलिक और सरोज कुमार त्रिवेदी की भूमिका महत्वपूर्ण रही। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि, मामले की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है और आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

चन्दापुर थाना क्षेत्र के दौतरा गांव में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई

चन्दापुर,रायबरेली कैनविज टाइम्स संवाददाता। चन्दापुर थाना क्षेत्र के दौतरा गांव में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के एक पुराने कुएं में 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव उतराता मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में शोक और सन्नाटे का माहौल छा गया। मृतक की पहचान गांव निवासी राम आसरे (65) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वह पिछले काफी समय से मानसिक अवसाद और तनाव से जूझ रहे थे। प्रारंभिक तौर पर मामला आत्महत्या का माना जा रहा है। आपको बता दें कि, परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि, राम आसरे बीते कई महीनों से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। वह अक्सर गुमसुम रहते थे और धीरे-धीरे लोगों से बातचीत भी कम कर दी थी। परिवार के लोगों का कहना है कि, मानसिक तनाव के चलते उनकी स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही थी। बुधवार देर रात वह अचानक घर से कहीं निकल गए। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन रातभर उनका कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार सुबह ग्रामीणों की नजर घर के समीप स्थित पुराने कुएं पर पड़ी, जहां एक शव पानी में उतराता दिखाई दिया। यह दृश्य देखते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान राम आसरे के रूप में की गई। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और पूरे गांव में मातम पसर गया। सूचना मिलने पर चन्दापुर थाना अध्यक्ष अरविंद सिंह पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकलवाया गया। पुलिस ने मौके की जांच-पड़ताल कर शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। थाना अध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि, प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि, राम आसरे बेहद शांत और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे, लेकिन पिछले कुछ समय से वह मानसिक तनाव में रहने लगे थे। इस दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है।

मेडिकल कॉलेज बना अखाड़ा

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज दुबेपुर एक बार फिर सुर्खियों में है, लेकिन इस बार वजह इलाज नहीं बल्कि शिक्षकों के बीच हुई भिड़ंत बनी। कॉलेज परिसर में दो सह आचार्यों के बीच शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते इतना बढ़ गया कि मामला हाथापाई और मारपीट तक पहुंच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बहस के दौरान एक सह आचार्य ने दूसरे पर हमला कर दिया, जिसके बाद कॉलेज परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है और विवाद की असली वजह जानने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद कॉलेज स्टाफ और छात्रों में भी चर्चा का माहौल गर्म है। बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज में लगातार सामने आ रहे विवादों और अव्यवस्थाओं से संस्थान की छवि पर सवाल उठने लगे हैं। फिलहाल पुलिस मामले को शांत कराने और दोनों पक्षों में समझौता कराने की कोशिश में जुटी हुई है। इलाज के मंदिर में महाभारत से उठे कई सवाल। आखिर मेडिकल कॉलेज में कब थमेगा विवादों का सिलसिला?

पुलिस ने इंस्टाग्राम पोस्ट को लेकर विवाद में तमंचा लेकर दौड़ाने वाले युवक को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना क्षेत्र के गांव पूरे प्रेमशाह के पास हुये मामूली विवाद में तमंचा लेकर एक युवक को दौड़ाने के मामले में पुलिस ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। पुलिस ने एक तमंचा और कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के क्रम में गुरुवार को कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान पर अभियुक्त करन चौहान पुत्र स्व. रामकुमार निवासी ग्राम सरैया सबल शाह थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी उम्र करीब इक्कीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि उसका गोविन्द चौहान से इन्टाग्राम पोस्ट को लेकर विवाद हो गया था दोनों एक दूसरे को पूर्व से जानते पहचानते हैं। इन्टाग्राम पर गाली देने की बात को लेकर बुधवार को ग्राम पूरे प्रेमशाह के पास दोनों के मध्य कहासुनी व विवाद हो गया था। वह अपने पास लिये तमंचे को निकालकर गोविन्द को डराने के लिये दौडाया था। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

स्व जनगणना करने के लिए बेसिक स्कूल में हुई पीटीएम

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्व जनगणना करने हेतु बेसिक के स्कूलो में अभिभावक और अध्यापक गणों की बैठक हुई जिलाधिकारी महोदय के निर्देश अनुसार आज इसका विशेष अभियान था उक्त निर्देश अनुसार कंपोजिट स्कूल गढ़ा कला में पीटीएम हुई जिसमें समस्त स्कूल स्टाफ विधालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष कम्पूटर ऑपरेटर और स्कूल के अभिभावकों ने भाग लिया इसमे अभिभावकों को अपनी अपनी स्व जनगणना करने के लिए प्रेरित किया गया इस उपलक्ष्य में इंचार्ज मंजू रानी, सहायक अध्यापक सोहन,शिक्षा मित्र ममता देवी, नोडल संकुल शिक्षक हुकूम सिंह ,दिनेश कुमार, रवि कुमार, सुनीता देवी ,स्वाति, पूनम राठौड़ सहित अन्य अभिभावक उपस्थित रहे मौके पर अभिभावकों की स्व जनगणना की गई अध्यापक हुकूम सिंह ने ग्राम के लोगों को स्व जनगणना करने हेतु प्रेरित किया और इस अभियान को सफ़ल बनाने के लिए समस्त ग्राम के नागरिकों से अपील की और कहा कि यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है इसको सफल बनाने की हम सभी की जिम्मेदारी है।

प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती : जिलाधिकारी

कानपुर । बेटियों में असीमित क्षमताएं होती हैं और प्रतिभा कभी संसाधनों की मोहताज नहीं होती। मनोबल, अनुशासन और मेहनत के दम पर जीवन के बड़े से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए और अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। यह बातें गुरुवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, विजयनगर में छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहीं। जिलाधिकारी आज जीजीआईसी विजयनगर पहुंचे, जहां उन्होंने छात्राओं से संवाद किया और लगभग 400 छात्राओं को निःशुल्क यूनिफॉर्म वितरित किये।

90 वर्षीय बुजुर्ग ने लगाया गंभीर आरोप ,बेदखल किए गए पुत्र ने साथियों संग घर में घुसकर किया हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजनीतिक संरक्षण व पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

पूरनपुर।पूरनपुर में एक संपत्ति विवाद अब गंभीर कानून-व्यवस्था के मुद्दे में बदलता नजर आ रहा है 90 वर्षीय अमरजीत सिंह निवासी गनेशगंज पूर्वी द्वारा कोतवाली पूरनपुर में दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने लगभग 60 वर्ष पूर्व खरीदे गए अपने मकान को दिनांक 03 अप्रैल 2025 को अपनी पुत्रियों सुखबत कौर और मनमिन्दर कौर बाजवा के नाम रजिस्टर्ड दान पत्र के माध्यम से हस्तांतरित कर दिया था नगर पालिका अभिलेखों में नाम दर्ज होने के साथ टैक्स भी जमा कराया जा चुका है प्रार्थना पत्र के अनुसार अमरजीत सिंह 06 दिसंबर 2025 को अमेरिका गए थे और मकान बंद कर गए थे आरोप है कि 19 अप्रैल 2026 की शाम लगभग 6:15 बजे जब वह अपनी पुत्री मनमिन्दर कौर बाजवा के साथ मकान पर पहुंचे, तभी उनके पुत्र कुलवीर सिंह समेत कई लोग घर में घुस आए और धारदार हथियारों से हमला कर मारपीट की प्रार्थी का कहना है कि कुलवीर सिंह को पहले ही संपत्ति से बेदखल किया जा चुका है और इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित भी कराई गई थी घटना के बाद यह मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया बंडा बस स्टैंड क्षेत्र में हुई इस घटना का एएट्ठठु फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद राजनीतिक गलियारों में भी हलचल तेज हो गई आरोप है कि पूर्व सभासद व भाजपा नेता कुलबीर सिंह के मकान को लेकर विवाद के बीच जबरन कब्जे का प्रयास किया गया और विरोध करने पर मारपीट हुई स्थानीय लोगों का कहना है कि मामला पहले से दीवानी न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद खुलेआम दबंगई करना न्यायिक प्रक्रिया की अनदेखी है वहीं विपक्षी दलों ने भी इस घटना को लेकर प्रशासन और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं लोगों का आरोप है कि वायरल वीडियो और प्रत्यक्षदर्शियों के बावजूद पुलिस की कार्रवाई धीमी दिखाई दी प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुलवीर सिंह की पत्नी द्वारा पूर्व में कनाडा के विंडसर में मनमिन्दर कौर बाजवा और उनके पति सतनाम सिंह बाजवा के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसमें न्यायालय से राहत मिल चुकी है अमरजीत सिंह ने पुलिस से अपनी सुरक्षा, कानूनी कार्रवाई और पुनः कब्जा दिलाने की मांग की है अब पूरे क्षेत्र की नजर इस बात पर टिकी है कि पुलिस और प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच कर क्या कार्रवाई करते हैं सवाल यह भी है कि क्या कानून सबके लिए समान रहेगा या राजनीतिक प्रभाव जांच की दिशा तय करेगा

हिस्ट्रीशीटर ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या, इलाके में सनसनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत पलहीपुर ग्राम में गुरुवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब हिस्ट्रीशीटर देवी प्रसाद यादव उर्फ राणा ने कथित रूप से पिस्टल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली नगर पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच और परिजनों से पूछताछ में यह तथ्य सामने आया है कि देवी प्रसाद यादव पिछले कुछ समय से अवसाद में चल रहे थे। इसी कारण उन्होंने स्वयं को गोली मार ली। घटना की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियों ने भी मौके का निरीक्षण किया। फील्ड यूनिट द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए गए। पुलिस को मृतक के बाएं जेब से एक खाली मैगजीन बरामद हुई है, जबकि पास में ही पिस्टल भी पड़ी मिली। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इलाके में शांति व्यवस्था सामान्य बनी हुई है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

श्री श्री रविशंकर के जन्मदिवस पर सम्मान समारोह एवं भव्य सत्संग का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के 70 वे जन्मदिवस के अवसर पर पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार में सत्संग एवं सम्मान समारोह का आयोजन पंडित रामनाथ त्रिपाठी सभागार में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक लाल जी वर्मा द्वारा गुरु पूजा कर देर शाम किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, वरिष्ठ चिकित्सक डा आर ए वर्मा, सुमन सिंह आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षिका पल्लवी वर्मा ने दीप प्रज्वलन एवं गुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों ने सुंदर भजनों से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यों में प्रेरणादायक योगदान हेतु रक्तदानी राज्य स्तरीय युवा पुरुस्कार विजेता अभिषेक सिंह को आर्ट लिविंग के संस्थापक सदस्य डॉक्टर आर ए वर्मा डॉक्टर सुधाकर सिंह भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने मानसिक दिव्यांग बच्चों के उत्थान के लिए कार्यरत रिशा वर्मा को डॉ अरविंद चतुर्वेदी एवं मदन सिंह ने एवं धावक श्वेता मिश्रा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सुमन हॉस्पिटल की संचालिका सुमन सिंह ने अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। जनपद सुलतानपुर से प्रेरणादायक व्यक्तियों में 10 नाम भेजे बंगलौर भेजे गए थे जिनमें इन तीन प्रेरणादायक व्यक्तियों का चयन इस पुरुस्कार हेतु किया गया। कार्यक्रम का संचालन रंजना सिंह ने किया। इससे पूर्व प्रातः आर्ट ऑफ लिविंग के दर्जन भर युवाओं ने गोमती हॉस्पिटल स्थित रक्त कोष में रक्तदान भी किया। डॉक्टर कुलदीप पाण्डेय द्वारा सुमन सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ सुधाकर सिंह, अरविंद चतुर्वेदी, रुद्र प्रताप सिंह सिंह, डॉ कुलदीप पांडेय, कमल श्रीवास्तव, पल्लवी वर्मा, लाल जी, डॉ आर आर मिश्रा, शील भद्र सिंह, संतोष, आकाश, जितेंद्र, नूतन सिंह, सुमन सिंह धर्मेंद्र सिंह राकेश श्रीवास्तव संदीप सिंह जितेंद्र श्रीवास्तव संतोष यादव आकाश सिंह रीता सिंह आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

नोएडा श्रमिक हिंसा के मामले में गिरफ्तार वरिष्ठ पत्रकार के खाते में विदेशों से आए एक करोड़ रुपये, रासुका के तहत पुलिस ने की कार्रवाई

नोएडा । नोएडा में 13 अप्रैल को वेतन बढ़ोतरी को लेकर हुए श्रमिकों के हिंसक प्रदर्शन के मामले में गिरफ्तार वरिष्ठ पत्रकार सत्यम वर्मा और उनके साथी आकृति के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के बाद नोएडा पुलिस ने आज इस मामले में एक बयान जारी किया है। जिसमें बताया गया है कि सत्यम वर्मा के खाते में विभिन्न माध्यम से विदेश से करीब एक करोड़ रूपये आए। इन पर आरोप है कि इन लोगों ने श्रमिकों के विरोध प्रदर्शन को हिंसक बनाया तथा कुछ प्रशिक्षित लोगों को नोएडा पहुंचाकर आगजनी, तोड़फोड़ और पुलिस पर हमला जैसे घटनाओं को कारित किया। जिससे यह आंदोलन उग्र हो गया। अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था राजीव नारायण मिश्र ने गुरुवार को बताया कि कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में विगत दिवसों में श्रमिक आंदोलन/ हिंसक प्रदर्शन के दौरान भड़काऊ गतिविधियों एवं हिंसक घटनाओं के संबंध में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों पर अभियोग पंजीकृत किए गए थे। उक्त प्रकरण में भड़काऊ गतिविधियों एवं हिंसक घटनाओं में संलिप्त विभिन्न आरोपियों में से आरोपित सत्यम वर्मा तथा आरोपित आकृति के विरुद्ध श्रमिक आंदोलन के दौरान हुए हिंसक प्रदर्शन, आगजनी एवं अराजकता फैलाने में दोनों आरोपियों की महत्वपूर्ण भूमिका पाये जाने एवं लोक व्यवस्था को छिन्न-भिन्न करने के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि इस घटना के संबंध में पंजीकृत अभियोगों की विवेचना के दौरान आरोपित सत्यम वर्मा के संबंध में कुछ अन्य चौकाने वाले तथ्य भी प्रकाश मे आये है। आरोपित सत्यम वर्मा के व्यक्तिगत बैंक खातें में एक करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि, भिन्न-भिन्न देशों से डॉलर, पाउंड एवं यूरो मुद्राओं के रूप में प्राप्त (क्रेडिट) हुई है। प्राप्त होने वाली इन धनराशियों को आरोपित सत्यम वर्मा द्वारा अविलम्ब विभिन्न समयों में अपने दूसरे व्यक्तिगत बैंक खातें में हस्तांतरित भी किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपित सत्यम वर्मा विभिन्न संगठनों से जुडा हुआ है, जिनके संबंध में गहन छानबीन की जा रही है। आरोपित सत्यम वर्मा के इन खातों में किए गए विभिन्न लेन-देनों (ट्रांजेक्शन) के संबंध में गहन छानबीन / विश्लेषण/विवेचना की कार्रवाई प्रचलित है।

इटियाथोक :बगाही, रामवापुर नायक, जगतपुर और हरदाई भटपुरवा में कागज में चल रहा कार्य

बीडीओ व एपीओ की छत्रछाया में सिर्फ कागजों में ही निपटा दिए जा रहे श्रमिक....

इटियाथोक में ईमानदारी से जांच हो जाए तो फिर खुलेगा एपीओ का भ्रष्टाचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । वीबी जी राम जी योजना के तहत गाँवो में विकास और मजदूरों को 125, दिन रोजगार देने के उद्देश्य से चल रहे कार्यों में अब बड़े स्तर पर गड़बड़ी सामने आ रही है।इटियाथोक विकास खंड की ग्राम पंचायत जगतापुर में नान बाबू के खेत से पंचम के खेत तक मिट्टी खुदाई कार्य के दौरान फोटो युक्त हाजिरी प्रणाली में भारी फर्जी वाड़ा उजागर हो रहा है।आरोप है कि एक ही व्य क्ति के चेहरे को कई मजदूरों के नाम पर दिखाकर हाजिरी दर्ज की जा रही है, जिससे सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका बढ़ गई है।जानकारी के अनुसार 12 मई को मस्टर रोल संख्या 281 श्रमि कों में पांच मजदूरों की हाजिरी फोटो के साथ अप लोड की गई।जांच में पाया गया कि जिन पांच मज दूरों में दो महिला और तीन पुरुष का नाम दर्ज है। लेकिन पोर्टल पर सिर्फ एक महिला का चेहरा ल गाया गया है।इतना ही नहीं,इनमें एक महिला मज दूर को भी पुरुष के चेहरे से दर्शाया गया है,जो नि यमों की खुली अनदेखी है।इसी दिन ग्राम पंचायत हरदैया भटपुरवा के मस्टर रोल में 6 मजदूरों इंदर, मुन्नालाल,बगारू,श्रीधर,राधेश्याम,और माया देबी की हाजिरी भी एक ही पुरुष के चेहरे से दर्ज की गई।जबकि जॉब कार्ड में एक महिला हैं,बाकी सब पुरुषों की हाजिरी लगी हुई है इससे स्पष्ट होता है कि फोटो अपलोड प्रक्रिया में जानबूझकर हेरफ़ेर किया गया है।मामला यहीं नहीं रुका। मस्टर रोल संख्या 256 में चार मजदूरों की हाजिरी एक ही तस्वीर के जरिए दर्ज की गई। इसमें श्याम राजी लक्ष्मी देवी, जगदीश,दुर्गा प्रसाद मजदूर के नाम शामिल हैं,लेकिन फोटो एक ही महिला का है ज़ब कि मस्टर रोल में दो महिला और दो पुरुष का नाम दर्ज है ज़ब कि मस्टर रोल में अपलोड सिर्फ एक महिला का ही चेहरा दिखाया गया है।स्थानीय लो गों का आरोप है कि पिछले कई दिनों में दर्जनों से अधिक मस्टर रोल में इसी प्रकार की गड़बड़ी की जा रही है। सुबह और शाम दोनों समय की फोटो में एक ही व्यक्ति को अलग-अलग मजदूरों के रूप में दिखाकर उपस्थिति दर्ज की जा रही है।इससे य ह स्पष्ट होता है कि वीबी राम जी योजना के तहत मिलने वाली मजदूरी में बड़े स्तर पर घोटाला किया जा रहा है।सरकार ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए फ़ेस आंखों की रेटिना युक्त हाजिरी अनि वार्य की थी,ताकि किसी प्रकार की धांधली न हो सके,लेकिन इटियाथोक ब्लॉक में तैनात बीडीओ और एपीओ के द्वारा इन नियमों को नजरअंदाज कर मनरेगा योजना को ही सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया गया है।लोगो का कहना है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए,ताकि मजदूरों के हक का पैसा सुरक्षित रह सके और योजना का सही लाभ जरूरतमंदों तक पहुंच सके।मामले की जांच कराई जाएगी।

टीम गठित कर कराई जाएगी जांच: सीडीओ

मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में जब मुख्य विकास अधिकारी से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी दशा में बर्दा श्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि टीम गठित कर मन रेगा योजना में भ्रष्टाचार की जांच कराकर कार्र वाई की जाएगी।

ईमानदारी से जांच हो तो नपेंगे कई जिम्मेदार

अगर जिले के जिम्मेदार अधिकारी इन मामलों को संज्ञान में लेकर कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें तो सरकार के करोड़ों रुपए गबन होने से बच जाएं गे और शायद इटियाथोक ब्लॉक भी सीबीआ ई जांच की जद में आने से बच जाएगा ईमानदारी पूर्वक जांच हुई तो तमाम जिम्मेदारों की गर्दनें फंस सकती हैं।

गोंडा में छोटी सेना गैंग का आतंक,बियर के लिए पैसे ना देने पर की मारपीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में छोटी सेना गैंग ने 17 साल के छात्र प्रखर श्रीवास्तव के साथ मारपीट का मामला सा मने आया है।आरोप है कि 'छोटी सेना' गैंग के सद स्यों ने बियर पीने के लिए पैसे न देने पर छात्र को रास्ते में रोककर पीटा। यह घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के एसपी इलेक्ट्रॉनिक आवास विकास के सा मने हुई और इसका पूरा फुटेज पास लगे सीसी टी वी कैमरे में कैद हो गया है।यह घटना बीते 12 मई को हुई,जब प्रखर श्रीवास्तव अपना एडमिट कार्ड निकलवाने के लिए एक साइबर कैफ़े जा रहे थे।

रास्ते में उन्हें 'छोटी सेना' गैंग के अर्पित पांडेय और उनके साथियों ने रोक लिया।उन्होंने प्रखर से बीय र पीने के नाम पर दो हजार रुपए की मांग की जब प्रखर ने पैसे देने से इनकार कर दिया,तो अर्पित पां डेय,अभिषेक कसौधन,देवेंद्र श्रीवास्तव सहित पांच अन्य लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की औ र जान से मारने की धमकी भी दी।मारपीट की यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है जि सका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वा यरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि प्रखर श्रीवास्तव मोटरसाइकिल पर जा रहे थे, त भी उन्हें रोका गया।पैसे मांगने और इनकार करने पर उनके साथ मारपीट की गई। एक काले रंग की शर्ट पहने व्यक्ति ने बीच-बचाव करने की कोशिश की,लेकिन हमलावरों ने फिर भी मारपीट जारी र खी।इसके बाद हमलावरों में से एक प्रखर की मो टरसाइकिल पर बैठकर आगे चला गया।पीड़ित छात्र के पिता आशीष कुमार श्रीवास्तव ने नगर कोतवाली में तहरीर दी है।उन्होंने आरोप लगाया है कि उनका बेटा प्रवेश पत्र निकलवाने के लिए सा इबर कैफ़े गया था,तभी उसके साथ यह घटना हुई।

पति ने फोन पर दिया तलाक,पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में एक मुस्लिम महिला को उसके पति ने फोन पर तीन तलाक दे दिया।महिला ने पति स मेत चार लोगों पर दहेज उत्पीड़न,मारपीट और घर दुकान मांगने का आरोप लगाया है।करनैलगंज को तवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़िता जुबिया शमशाद के अनुसार, उनका निकाह चार नवंबर 2023 को लखनऊ निवासी फय्याज अहमद के साथ हुआ था।निकाह के सम य जुबिया के मायके वालों ने अपनी हैसियत के अनुसार करीब तीन लाख रुपये नकद और अन्य कीमती सामान दहेज के रूप में दिया था।शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष का व्यवहार बदल गया और वे अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। जुबिया ने आरोप लगाया कि उसके पति ने उसके पांच तोला सोने के आभूषण बिना बताए बेच दिए जब जुबिया ने इसका विरोध किया,तो पति फय्या ज अहमद, ननद शबाना और रुकसाना, और बह नोई जफर ने मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई की पीड़िता का आरोप है कि 26 अप्रैल 2026 को ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया।जुबिया अपनी बच्ची के साथ किसी तरह अपने मायके पहुंची।पीड़िता ने यह भी बता या कि बेटी पैदा होने के बाद से ही ससुराल वाले लगातार मारपीट कर रहे थे।मायके पहुंचने के बाद उसके पति फय्याज अहमद ने फोन पर उससे संप र्क किया और उसे 'तीन तलाक' दे दिया।करनैलगं ज कोतवाली पुलिस ने पति फय्याज अहमद,ननद शबाना, रुकसाना और बहनोई जफर के खिलाफ मारपीट,गाली-गलौज,तलाक देने और दहेज मांगने समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है उप निरीक्षक खुशबू श्रीवास्तव को मामले की जां च सौंपी गई है।करनैलगंज कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।यह मामला तीन तलाक से भी संबंधित है। हालांकि महिला के पास कोई भी रिकॉर्डिंग या व्हाट्सएप चैट नहीं है जिसमें तीन तलाक लिखा हो केवल फोन कॉल पर दिया गया था, महिला ने रिकॉर्डिंग नहीं की थी।

आकार लेने लगा भरथापुर विस्थापितों के सपनों का ग्राम भरतपुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जनपद के दूरस्थ ग्राम भरथापुर के हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से 25 मार्च 2026 को तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के ग्राम सेमरहना में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा की गई घोषणा के अनुपालन में विस्थापित परिवारों के लिए स्मार्ट ग्राम भरतपुर आकार लेने लगा है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में ग्राम्य विकास, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, जल निगम, बाल विकास एवं पुष्टाहार व बेसिक शिक्षा सहित अन्य विभाग अपने अपने हिस्से की आहूति डालकर भरथापुर ग्राम के विस्थापित परिवारों के लिए सभी सुविधाओं से सुसज्जित ग्राम का निर्माण करने में अग्रसर हैं।

ग्राम भरतपुर में जहां लोक निर्माण विभाग द्वारा आंतरिक गलियों के प्रथम फ़ेज अन्तर्गत मिट्टी भराई के उपरान्त गिट्टी डालकर रोड रोलर से कमपैक्शन का कार्य किया जा रहा है। जबकि विद्युत विभाग द्वारा खम्भे लगाये जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में विद्युत लाईनों का ताना-बाना बुना जा रहा है। विस्थापित परिवारों को पेयजल मिलने में किसी प्रकार की असुविधा हो इसके लिए जलनिगम द्वारा ग्राउण्ड ज़ीरों पर पाइप लाइन बिछाने तथा बोरिंग कार्य स्थल पर 03 चिन्हित स्थानों पर सबमर्सीबल हेतु बोरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

विस्थापित परिवारों के साथ निवासरत धात्री एवं गर्भवती महिलाओं तथा छोटे बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण तथा प्री प्राइमरी शिक्षा के लिए निर्मित होने वाले आंगनबाडी केन्द्र का कार्य भी छत स्तर तक पूर्ण हो गया है। इसके अलावा बच्चों की शिक्षा के लिए विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण भी लगभग पूर्ण कर लिया गया है। स्मार्ट ग्राम में बनने वाले मुख्यमंत्री आवासों की बात की जाये तो लाभार्थियों द्वारा आवास निर्माण हेतु नींव खुदाई का कार्य प्रारम्भ हो गया है। कुछ लाभार्थियों द्वारा आवास निर्माण हेतु ईंट आदि सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करा ली गयी है। वर्तमान समय में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा कार्यस्थल पर उपस्थित रह कर युद्ध स्तर पर आवास निर्माण का कार्य कराया जा रहा है।

सफाई कर्मी कर रहे नेतागिरी, गांवों में गंदगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । गांव में सफाई करने के लिए नियुक्त हुए सफाई कर्मचाथरी यूनियन बनाकर कर रहे हैं नेता गिरी कर रहे है कोई बना जिलाध्यक्ष तो कोई बना ब्लॉक का अध्यक्ष फिर करते हैं नेताओं का स्वाग त माला पहनकर और कार्यालयों में बैठकर अपनी नौकरी कर रहे हैं तथा सफाई कर्मचारी का वेतन पा रहे हैं वहीं दूसरी ओर गांवों की सफाई व्यवस्था पड़ी हुयी है वर्ष 2008 में बसपा शासन में गांव की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पूरे प्रदेश के गांवों में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की थी।सफाई कर्मचारी के रूप में नियुक्त हुए त माम जातियों के लोगों ने काम करने का दबाव आने पर तमाम कर्मचारियों ने जुगाड़ लगाकर अ पना अटैचमेंट करवा लिया और यूनियन बनाकर नेतागिरी करने लगे है कि जिससे उन्हें गांव में जा कर सफाई न करना पड़े।गांव की सफाई के लिए नियुक्त कर्मचारी कार्यालयों में बैठकर मौज कर रहे हैं।वहीं गांवों का हाल यह है कि तीन-तीन गां वों के में दो सफाई कर्मचारी हैं या दो गांवों के बीच में एक सफाई कर्मचारी है जिसके कारण सफाई व्यवस्था ध्वस्त है।इसी तरह कई गाँवो में गंदगी का अंबार लगा है। जनपद में 1820 सफाई कर्मचारी नियुक्ति हैं।जिसमें से तमाम सफाई कर्मचारी जि ला मुख्यालय या फिर खंड विकास अधिकारी का र्यालयों में अटैच है तथा कई अधिकारियों के आवा स पर तैनात है।वहीं सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि गांवों की सफाई के लिए नियुक्त सफाई कर्म चारियों की अन्य जगह ड्यूटी कहीं भी अटैच नहीं किया जा सकता है।जो लोग काम कर रहे हैं वे ब गैर अटैचमेंट के कर रहे हैं तथा यह गलत है।निय मानुसार ऐसा नहीं हो सकता जबकि ऐसे लोगों प र कार्यवाही के लिए पूछा जाता है तो वह चुप हो जाते हैं तथा कोई जवाब नहीं देते है।यही नहीं कई सफाई कर्मचारी तो नेता बन गए हैं वह तो मजदूर को रखकर गांव की सफाई करवा रहे हैं और खुद नेताजी के पीछे अपनी गाड़ी लेकर उनके काफिले के साथ दौड़ते हैं और फिर नेताजी के साथ खड़े होकर फूल माला पहनकर फोटो खिंचवाते हैं।

कालिकन धाम में विशाल दुखदुरिया पूजन में उमड़ी भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। संग्रामपर ब्लाक मुख्यालय पर स्थित प्राचीनतम मां कालिका मंदिर के प्रांगण में गुरुवार को विशाल दुखदुरिया कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकास क्षेत्र भेंटुआ के गांव गोवर्धनपुर दुआरा निवासी समाज सेवी संतोष सिंह ने गुरुवार को कालिका मंदिर परिसर में दुखदुरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें संग्रामपुर क्षेत्र की हजारों सुहागिन महिलाओं ने भाग लेकर अवसान माता की पूजा कर लाई, चना व गुड़ को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया और क्षेत्र के कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर सभी महिलाओं को अवसान माता की फोटो का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के बारे में संतोष सिंह ने बताया कि क्षेत्र के भ्रमण के दौरान महिलाओं ने कई बार सामूहिक दुखदुरिया कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की जाती रही जिसको देखते हुये पहले अपने गांव में फिर भेंटुआ ब्लाक में और अब यह कालिका मंदिर में तीसरा आयोजन किया गया।

विधि छात्रों के लिए संचालित होगा ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव ने बताया कि विधि शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र/छात्राओं के बीच विधिक साक्षरता और विधिक जागरूकता फैलाने तथा उन्हें विधिक सेवा संस्थाओं की कार्यप्रणाली से परिचित कराने के उद्देश्य की पूर्ति हेतु मा. कार्यकारी अध्यक्ष, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच द्वारा विधि छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम, 2026 का आयोजन किया जा रहा है।

सचिव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कामकाज, विधिक सहायता केंद्रों, विधिक सहायता क्लीनिकों, मध्यस्थता केंद्रों, जेल/कारागार भ्रमण, किशोर/आश्रय गृहों और न्याय तक पहुंच से संबंधित अन्य गतिविधियों के संबंध में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि यह इंटर्नशिप कार्यक्रम मान्यता प्राप्त विधि महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों के एल.एल.बी. व एल.एल.एम. पाठयक्रमों के छात्रों के लिए आयोजित किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम की अवधि दिनांक 10 जून 2026 से प्रारंभ होकर 30 जून 2026 तक रहेगी।

सचिव ने बताया कि 21 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम हेतु इच्छुक इंटर्न्स अपने गृह जनपद या वह जिला जहाँ उनका लॉ कॉलेज स्थित है या अपनी स्वेच्छानुसार अन्य जनपद के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में इंटर्नशिप कार्यक्रम हेतु आवेदन कर सकते हैं। जनपद बहराइच में आवेदन करने के इच्छुक विधि छात्र/छात्राऐं अपना आवेदन पत्र कॉलेज के विभागाध्यक्ष से सत्यापित करवाकर 10 जून 2026 से पहले कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच में जमा करा सकते हैं। इंटर्न्स को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार जारी गाइडलाइन्स के अनुसार ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम, 2026 में सम्मिलित होना होगा।

छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन की स्थिति को स्वयं देख सकते हैं छात्र-छात्राएं

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद बहराइच के समस्त शिक्षण संस्थाओं में समस्त वर्गों के पूर्वदशम कक्षा 9 व 10, दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति कक्षा 11 व 12 एवं उच्च स्तर के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के वित्तीय वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से सम्बन्धित आवेदन-पत्र की स्थिति (स्टेटस) को उनकी लॉगिन पर प्रदर्शित कर दिया गया है। इच्छुक छात्र-छात्राएं विभागीय लिंक पर अपने रजिस्ट्रेशन संख्या एवं जन्मतिथि के माध्यम से देख सकते हैं। निदेशालय स्तर से यह भी अवगत कराया गया है कि जिन छात्रों के ट्रांजेक्शन फ़ेल हुए हैं उनकी धनराशि नियमानुसार राजकोष में जमा किये जाने के निर्देश हैं। शिक्षण संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को आवेदन-पत्र की यथास्थिति से अवगत कराने में सहयोग प्रदान करें।

राजकीय इण्टर कालेज में 19 मई को आयोजित होगा पुस्तक मेला

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य नगेन्द्र कुमार ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद के शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए एनसीईआरटी द्वारा कक्षा 9 से 12 तक कुल 34 विषयो के अर्न्तगत प्रकाशित 70 पाठ्य पुस्तको इण्टरमीडिएट शिक्षा 1921 की धारा-7 (1-क) के अन्तर्गत माध्यमिक शिक्षा के नियंत्रणाधीन संस्थाओ मे पठन पाठन के लिए केवल अधिकृत पाठ्य पुस्तको की ही प्रचलन विधिक है। अभिभावको एवं छात्र/छात्राओं को जागरूक करने एवं पुस्तको की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 19 मई 2026 को राजकीय इण्टर कालेज बहराइच में पुस्तक जागरूकता एवं सुलभता शिविर (पुस्तक मेला) का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्य श्री कुमार ने जनपद के समस्त राजकीय, अशासकीय, सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के प्रिन्सिपल्स से अपेक्षा की है कि पुस्तक मेला में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें जिससे विद्यालय के छात्र-छात्राओ को शासन द्वारा निर्धारित पुस्तको को लेने के लिए प्रेरित करेगे। जिससे पुस्तके ससमय छात्र-छात्राओ को मिल सके और पुस्तक मेले के आयोजन का उद्देश्य पूर्ण हो सके।

लग्जरी वाहन में बिहार ले जाई जा रही 360 शीशी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

देवरिया। उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया पुलिस ने गुरुवार को एक लग्जरी इनोवा कार से बिहार ले जाई जा रही 360 शीशी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 45 हजार रुपये आंकी गयी है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने बताया कि थाना खुखुन्दू पुलिस व स्वाट टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। पुलिस टीम ने महालक्ष्मी स्टील कार्पोरेशन बहादुरपुर से पहले सलेमपुर लेन के पास घेराबंदी कर इनोवा कार को रोक लिया। तलाशी के दौरान वाहन से 360 शीशी रॉयल स्टैग 750 एमएल अंग्रेजी शराब,तीन मोबाइल फोन और 1080 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से छोटे पुत्र रूमालशा निवासी उझानी बाजार कला थाना उझानी जनपद बदायूं तथा मोहम्मद हसनैन पुत्र स्व. रब्बुल हसन निवासी सुल्तानपुर मजरी थाना रानीपुर जनपद हरिद्वार को गिरफ्तार कर लिया।

महादेवा मेला के दृष्टिगत श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों के लिए जारी की गई एड़वाईज़री

पाण्टून सेतु के लिए जारी दिशा निर्देशों का करें पालन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जनपद बाराबंकी में प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थस्थल श्री लोधेश्वर महादेवा मंदिर में 17 मई से 16 जून 2026 तक आयोजित होने वाले आगामी महादेवा मेला में रविवार एवं सोमवार को श्रद्धालुओं के अत्यधिक संख्या में आने की सम्भावना के दृष्टिगत श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की सुरक्षा एवं सुगमता तथा पाण्टून सेतु की सुरक्षा हेतु लोक निर्माण विभाग व भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा दिये गये सुझावों के दृष्टिगत जिला प्रशासन बहराइच द्वारा सभी श्रद्धालुओं/दर्शनार्थियों एवं आमजनमानस से अपील की गई है कि ऐसे वाहनों से ही मेले में आयें, जो पाण्टून सेतु पर यातायात हेतु अनुमन्य हैं। पाण्टून सेतु पर मोटरसाइकिल, कार, एम्बुलेन्स एवं स्कूल वैन, जो पूर्व से चल रहे हैं, उन वाहनों के अतिरिक्त अन्य भारी वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली/बैलगाड़ी/डी.सी.एम. बस आदि वाहनों से सवारियों का आवागमन भी पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है।

यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि पाण्टून सेतु पर वाहनों की अधिकतम गति सीमा 20 किमी प्रति घंटा निर्धारित की गई है, इससे तेज गति से वाहन चलाना एवं ओवरटेक करना पूर्णतः प्रतिबन्धित है। पाण्टून पुल पर क्षमता से अधिक लोगों को एक साथ रुकने या सेल्फी लेने की भी अनुमति नहीं है। श्री कुमार ने जिला प्रशासन की ओर से सभी श्रद्धालुओं, आमजनमानस एवं वाहन चालकों से यह भी अपील की गई है कि व्यवस्था बनाए रखने में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों एवं प्रशासन तथा पान्टून सेतु की मरम्मत में लगे कर्मियों का सहयोग करें। उल्लेखनीय है कि जनपद बहराइच में बहराइच-बाराबंकी राष्ट्रीय मार्ग (एन. एच.-927) के कि.मी. 35 में घाघरा नदी पर बने संजय सेतु की मरम्मत के दृष्टिगत आवागमन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। आवागमन को चालू रखे जाने हेतु यातायात डायवर्जन के लिए संजय सेतु, घाघरा घाट के निकट वैकल्पिक व्यवस्था के अन्तर्गत निर्मित अस्थायी पान्टून सेतु (पीपा पुल) पर छोटे वाहनों यथा-मोटरसाइकिल, कार, एम्बुलेन्स एवं स्कूल वैन का आवागमन सुचारु रूप से हो रहा है।

सांसद के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने समाजवादी पार्टी के सांसद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में पीलीभीत कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। महिला कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर एकत्र होकर ल्लप्रधानमंत्री का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तानङ्क जैसे नारों से अपना आक्रोश व्यक्त किया।महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की आधी आबादी के सम्मान और सुरक्षा के प्रतीक हैं। उनके विरुद्ध इस प्रकार की अमर्यादित भाषा समाजवादी पार्टी की संकीर्ण और ओछी मानसिकता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान करने का दावा करने वाली पार्टी के सांसद का यह कृत्य दोहरे चरित्र को उजागर करता है।भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार ने कहा कि सपा सांसद द्वारा प्रयोग की गई अशोभनीय भाषा अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुप्पी भी उनकी मानसिकता को उजागर करती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सांसद ने सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो विरोध प्रदर्शन प्रदेश ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी किया जाएगा।ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाली समाजवादी पार्टी का महिला विरोधी चरित्र एक बार फिर सामने आया है। प्रधानमंत्री के लिए इस प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध है।नगर पालिका परिषद पीलीभीत की चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि जब दुनिया युद्ध जैसे हालातों से जूझ रही है, तब भारत में शांति और स्थिरता प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता का परिणाम है। ऐसे में उनके विरुद्ध की गई अमर्यादित टिप्पणी स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी की सदस्यता रद्द किए जाने की मांग भी की।प्रदर्शन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, डॉ. आस्था अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता देवी वर्मा, जिला मंत्री ऋचा सिंह पटेल, पंकजा तिवारी, डॉ. अनुरीता सक्सेना, रजनी वर्मा, पुष्पा उपाध्याय, अनीता जोशी, शशि वाला कटिहार ,शीतल रावत, पल्लवी राय,स्वाति यादव, जसवीर कौर, प्रेमलता गौतम, रत्ना शुक्ला, सुनीता सिंह, ममता श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

नगर पालिका का बड़ा एक्शन :35 दुकानदारों के चालान, 16,300 जुर्माना वसूला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर में यातायात व्यवस्था सुधारने और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका प्रशासन द्वारा बुधवार को व्यापक स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया अभियान के साथ-साथ दुकानों के बाहर लगे तिरपाल भी हटवाए गए प्रशासन की इस कार्रवाई से पूरे बाजार क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बनी रही नगर पालिका, तहसील प्रशासन और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने पकड़िया चौराहे से अभियान की शुरुआत की इसके बाद मुख्य बाजार, संजय गांधी मार्ग, मोहल्ला चौक, स्टेशन चौराहा, शेरपुर फाटक होते हुए नगर पालिका स्टेशन रोड तक लगातार कार्रवाई की गई अभियान के दौरान सड़क और नालों के बाहर रखे सामान को हटाया गया तथा सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपना सामान हटा लिया बताया गया कि अभियान की सूचना पहले ही बाजार में फैल गई थी, जिसके चलते कई व्यापारियों ने प्रशासनिक कार्रवाई से बचने के लिए दुकानों के बाहर रखा सामान और तिरपाल हटा दिए। वहीं कुछ स्थानों पर प्रशासन को विरोध का भी सामना करना पड़ा एक-दो दुकानदारों ने सामान हटाने से इनकार किया, लेकिन अधिकारियों द्वारा सख्त चेतावनी दिए जाने के बाद मामला शांत हो गया अभियान के दौरान नगर पालिका प्रशासन ने सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण करने वाले 35 दुकानदारों के चालान किए इस दौरान कुल ?16,300 का जुर्माना भी वसूला गया कई दुकानदारों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी देकर छोड़ा गया अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि नालों के ऊपर और सड़कों तक फैलाया गया अतिक्रमण नगर की यातायात व्यवस्था और सफाई व्यवस्था को प्रभावित करता है ऐसे में किसी भी हालत में अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा दुकानदारों और आमजन को सार्वजनिक स्थानों पर सामान न रखने की हिदायत दी गई इस मौके पर अधिशासी अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता एजाज अहमद, नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित, प्रभारी निरीक्षक पवन पांडे, चौकी इंचार्ज अरुण कुमार, उपनिरीक्षक राजेंद्र शर्मा,लेखा प्रभारी दिनेश भारती, अखिलेश मिश्रा, रविंद्र शर्मा, रियासत अली, अमित जायसवाल, राम शंकर, अमरीश वर्मा, बालक राम, गनी, सुरेश सहित नगर पालिका का समस्त स्टाफ, सफाई कर्मचारी एवं भारी पुलिस बल मौजूद रहा है।

जनगणना-2027 मरौरी विकासखण्ड में विभिन्न समूहों और कर्मियों ने 'स्वागणन पोर्टल' पर दर्ज कराई अपनी सूचनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जनगणना 2027 के अन्तर्गत आज विकासखण्ड मरौरी में स्व-गणना हेतु महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डिजिटल माध्यम से डेटा संकलन को सुदृढ़ बनाना है। आयोजित कार्यक्रम में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों से अपील की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अन्य ग्रामीणों को भी इस डिजिटल प्रक्रिया के प्रति जागरूक करें और स्व-गणना के लिए प्रेरित करें। कार्यशाला में उपस्थित सभी की सूचनाएं आधिकारिक 'स्व-गणना पोर्टल' पर दर्ज कराई गई।15 दिवसीय स्व-गणना अभियान के आठवें दिन जनपद में स्वयं सहायता समूह, आंगनबाडी,सहायिका, महिला संस्थाएं, समस्त प्रधान, कोटेदार, पंचायत सहायक, सचिव सहकारी समितियां, ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी, खाद विक्रेता, मनरेगा कार्डधारक, रसोईयं, अनुदेशक, शिक्षा मित्र, आशाऐं, पीएचसी कर्मचारीगण द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग कर स्व-गणना पोर्टल पर अपनी अपनी सूचनाऐं दर्ज कराई गई।कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि स्व-गणना पोर्टल पर स्वयं का विवरण दर्ज करना जनगणना की प्रक्रिया को पारदर्शी और सटीक बनाने के लिए आवश्यक है।

इससे भविष्य की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाने में सुगमता होगी। उपस्थित सभी कर्मियों को पोर्टल के उपयोग और डेटा की गोपनीयता के संबंध में भी जागरूक किया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों में सरकार द्वारा संचालित योजना प्रधानमंत्री/मुख्ययमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमसबका दायित्व है संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाया जाये। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा,अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी मरौरी, सूरजपाल ग्राम प्रधान चौड़ा खेड़ा, परशुराम ग्राम प्रधान मुड़िया रतनपुरा,ग्राम प्रधान विश्वनाथ सरकार, ग्राम प्रधान इगरा अंशु गंगवार, क्षेत्र पंचायत सदस्य शांति स्वरूप पाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य सोहनलाल राजपूत ,क्षेत्र पंचायत सदस्य आशा देवी ,क्षेत्र पंचायत सदस्य अनोखी देवी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे हैं।

पूरनपुर के विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट परीक्षा में दिखाया दम,कई स्कूलों का शानदार रिजल्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। सीबीएसई कक्षा 12 परीक्षा 2025-26 के परिणाम घोषित होने के बाद पूरनपुर क्षेत्र के विद्यालयों में खुशी की लहर दौड़ गई विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया है सफल छात्र-छात्राओं को शिक्षकों, अभिभावकों और शुभचिंतकों ने बधाई दी लकी चिल्ड्रेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पूरनपुर का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। विद्यालय के कुल 65 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 57 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए विद्यालय के मेधावी छात्र मिलकन सरकार ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की वहीं आरएसआरडी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया विद्यालय की छात्रा काशिफा खान पुत्री श्री आबिद खान ने 467 अंक प्राप्त कर 93.04 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। निर्दोष पुत्र श्री संतराम ने 455 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। अश्मिता शर्मा पुत्री श्री प्रदीप कुमार शर्मा ने 441 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। प्रिया प्रजापति पुत्री श्री धर्मवीर ने 436 अंक तथा आवेश सिंह चौहान पुत्र श्री रोहित सिंह ने 432 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया

सेंट जोसफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पूरनपुर की छात्रा सान्वी गुप्ता ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया सान्वी अधिवक्ता मुकेश गुप्ता की पुत्री हैं विद्यालय के अन्य मेधावियों में फरहा नाज़ ने 89 प्रतिशत, दिवित अग्रवाल एवं ज़ैनब अयाज़ ने 85.8 प्रतिशत तथा दिव्या शुक्ला ने 85.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है ।

ग्राम विकास आयुक्त ने अनियमितता पर बीडीओ के खिलाफ जांच के दिये आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। बी.डी.ओ. दुबेपुर के द्वारा ग्राम करमपुर परवरभार मे स्थिति रघुवर तालाब की जे.सी.बी. से खुदाई के मामले मे तथ्य गोपन से आई.जी.आर.एस. निस्तारण पर ग्राम विकास आयुक्त ने दिये जांच के आदेश संलिप्त व्यक्तियों मे कार्यवाही का डर सताने लगा है।

मामला ग्राम करमपुर परवरभार मे स्थिति रघुवर तालाब की जे. सी. बी. से खुदाई से जुडा हुआ है, ग्राम प्रधान व सचिव के द्वारा मनरेगा अंतर्गत संचालित योजना से लगभग आठ लाख की स्वीकृति प्राप्त की गयी थी। ग्राम प्रधान व सचिव की संलिप्तता से मनरेगा श्रमिक से खुदाई न कराकर जे.सी.बी. मशीन से करायी जा रही थी ग्रामवासियो के विरोध किये जाने पर ग्राम प्रधान व अन्य भाग खड़े हुये जिसकी शिकायत जगन्नाथ मौर्य सुत राम केवल के द्वारा उच्चधिकारियो को की गयी। खण्ड विकास अधिकारी की संलिप्तता के आधार पर भ्रामक तथ्यों कि तालाब की खुदाई के सम्बन्ध मे थाना धम्मोर मे एफ.आई.आर. पंजीकृत हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया है का उल्लेख करते आईजीआरएस का निस्तारण कर दिया जाता रहा है। शिकायतकर्ता द्वारा एस.पी. सुल्तानपुर से जनसूचना अधिकार के अंतर्गत एफआईआर के सम्बन्ध मे कार्यवाही की सूचना चाही गयी तो पता चला कि थाने पर कोई भी प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया है के सम्बन्ध मे शिकायतकर्ता द्वारा उच्चाधिकारी को शिकायत की गयी जिस पर ग्राम विकास आयुक्त लखनऊ के द्वारा मामले पर संज्ञान लेते हुये बी.डी.ओ. दुबेपुर की जांच किये जाने के आदेश दिये कार्यालय मे संलिप्त व्यक्तियों को भी कार्यवाही का डर सताने लगा है।

पीएम मोदी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी पर आक्रोश

अमेठी कलेक्ट्रेट परिसर में महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । समाजवादी पार्टी के सांसद अजमेंद्र लोधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को अमेठी कलेक्ट्रेट परिसर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के प्रति इस प्रकार की अभद्र भाषा और अपमानजनक टिप्पणी न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है बल्कि समस्त देशवासियों की भावनाओं को भी आहत करने वाली है। महिलाओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रधानमंत्री का अपमान किसी भी भारतीय को स्वीकार नहीं है। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष आशा बाजपेई ने किया। प्रदर्शन में कुसुम सिंह, नीलम श्रीवास्तव, रीता, कुसुम तिवारी, राधा जायसवाल, मुन्नी देवी, जगपती सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने समाजवादी पार्टी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना कड़ा विरोध प्रकट किया।महिलाओं ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मांग की कि वे इस बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें तथा संबंधित सांसद के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें पार्टी से निष्कासित करें। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार की अभद्र राजनीति पर रोक नहीं लगाई गई, तो जनमानस में आक्रोश और बढ़ेगा। महिलाओं ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं एवं राजनीतिक शिष्टाचार बनाये रखने की अपील भी की।

सपा सांसद की अमर्यादित टिप्पणी पर महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को कादीपुर तहसील के सामने भाजपा महिला मोर्चा एवं कार्यकर्ताओं ने विधायक राजेश गौतम की मौजूदगी में जोरदार प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लेकर भाजपा की महिला नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सांसद से सार्वजनिक माफी की मांग की। विधायक राजेश गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई अशोभनीय टिप्पणी लोकतंत्र की मर्यादा और 145 करोड़ देशवासियों की भावनाओं का अपमान है। उन्होंने कहा कि सपा नेताओं की भाषा उनके वैचारिक दिवालियापन और सत्ता की हताशा को दर्शाती है।

लोकतंत्र की मर्यादा तार-तार करने वालों को जनता करारा जवाब देगी।इस दौरान किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य मधु काजल,सुनीता बरनवाल व विजय लक्ष्मी शुक्ला आदि महिला नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है,जिससे विपक्ष बौखलाया हुआ है। जनता 2027 में सपा को इसका करारा जवाब देगी।प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान और ष्सपा घटिया राजनीति बंद करों जैसे नारों के साथ विरोध जताया। इस मौके सुनीता बरनवाल, विजय लक्ष्मी शुक्ला, करिश्मा गौतम, प्रतिमा सिंह, शकुंतला मिश्रा, सुनीता उपाध्याय, सावित्री सिंह, आसमा खातून समेत बड़ी संख्या में महिलाएं व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया की 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल का विरोध करने वाले जनपद के सपा सांसद व समाजवादी पार्टी के खिलाफ लंभुआ ब्लाक मुख्यालय के सामने व कादीपुर में महिला मोर्चा की नेता रागिनी मिश्रा,भावना राय, सुनीता बरनवाल, विजय लक्ष्मी शुक्ला आदि ने हाथों में तख्तियां लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

शत्रु संपत्तियों को लेकर बड़ा अभियान, 25 मई को होगी ऑनलाइन नीलामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। भारतीय शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय के पर्यवेक्षक विद्यासागर ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि जिले सहित प्रदेश भर में शत्रु संपत्तियों को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विधिक और कानूनी प्रक्रिया के तहत अवैध कब्जों को हटाकर शत्रु संपत्तियों को खाली कराया जाएगा।

तहसील सभागार में आयोजित बैठक के दौरान विद्यासागर ने दर्जनों नागरिकों के सामने शत्रु संपत्तियों से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में आगामी 25 मई को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक शत्रु संपत्तियों की ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। इस नीलामी में आम नागरिक भी ऑनलाइन माध्यम से शामिल हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में स्थित कुल 55 शत्रु संपत्तियों की नीलामी प्रस्तावित है। इनमें लखनऊ, पीलीभीत, एटा, अयोध्या, मुजफ्फरनगर, सुल्तानपुर, बांदा, बिजनौर, बाराबंकी, कौशांबी एवं मुरादाबाद जिलों की संपत्तियां शामिल हैं। पर्यवेक्षक विद्यासागर ने चेतावनी देते हुए कहा कि कूट रचित दस्तावेजों के सहारे वर्षों से शत्रु संपत्तियों पर कब्जा जमाए लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर क्षेत्र के साथ-साथ जिले के अन्य इलाकों में स्थित कई शत्रु संपत्तियां विभाग की निगरानी में हैं और उनकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा शत्रु संपत्तियों का पारदर्शी तरीके से निस्तारण कर उन्हें वैधानिक प्रक्रिया के तहत नीलाम करने की है, ताकि सरकारी संपत्तियों का उचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

रोजगार मेला में नौ अभ्यर्थी हुये चयनित

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज के नोडल प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने बताया कि जनपद में गुरुवार को आईटीआई गौरीगंज में रोजगार अप्रेन्टिस मेला का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग पैंतालिस अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि आयोजित रोजगार अप्रेन्टिस मेले में टाटा मोटर्स कॉमर्शियल व्हीकल लिमिटेड पंतनगर उत्तराखण्ड कम्पनी के एच आर शुभम सिंह द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया गया तथा साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरान्त टाटा मोटर्स कॉमर्शियल व्हीकल लिमिटेड पंतनगर उत्तराखण्ड कम्पनी में नौ अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर उक्त रोजगार अप्रेन्टिस मेले में नोडल प्रधानाचार्य विवेक कुमार, रोजगार/अप्रेन्टिसशिप प्रभारी अनिल कुमार मिश्र, सहायक रोजगार/अप्रेन्टिसशिप प्रभारी भारत भूषण मिश्रा व दिवाकर मिश्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर जेल भेजा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह के तहत एक तंमचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान संतोष सिंह उर्फ लल्लू पुत्र जगत बहादुर सिंह निवासी मुड़ियापुर थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र तेइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

मोहनगंज पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बारह बोर के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के क्रम में गुरुवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटर साइकिल सवार शिवदयाल पुत्र स्व शीतला दीन निवासी ग्राम शिवपुर मजरे भदमर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब उनचास वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस बारह बोर बरामद हुआ। हीरो स्पलेन्डर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 36 8614 के कागज मांगने पर दिखा नही सका। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

पीपरपुर पुलिस ने सात वारंटियों को पकड़ा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना पीपरपुर पुलिस ने सात वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर क्षेत्र में वांछित वारण्टी की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में वारंटी प्रमोद कश्यप पुत्र विजय कश्यप,किशन पुत्र विजय कश्यप,रामसुन्दर पुत्र शिव दयाल,सन्दीप पुत्र रामराज,संगम पुत्र रामराज,शिवलाल कश्यप पुत्र मल्हू कश्यप निवासीगण सवनगी थाना पीपरपुर जपनद अमेठी एवं मोहम्मद मुजीब पुत्र मोबीन निवासी ग्राम मोचवा थाना पीपरपुर जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।थाना पीपरपुर के उप निरीक्षक वीरेन्द्र राय ने बताया कि पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस ने छह लाख रुपये के गांजा के साथ महिला कारोबारी को भेजा जेल

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना फुरसतगंज पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत पांच किलो नौ सौ चौबीस ग्राम गांजा एवं गांजा बिक्री के तीन हजार नौ सौ रुपये के साथ एक महिला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये गांजा की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग छह लाख रुपये बताई जाती है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान साधना सिंह पत्नी रत्नेश सिंह निवासी ग्राम ब्रम्हनी थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी उम्र करीब छत्तीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में महिला के कब्जे से पांच किलो नौ सौ चौबीस ग्राम गांजा एवं गांजा बिक्री से प्राप्त तीन हजार नौ सौ रुपये बरामद हुये। इस सम्बंध में थाना फुरसतगंज के प्रभारी निरीक्षक नंद हौसला यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़ी गई महिला के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

प्रधानमंत्री की ईंधन बचत अपील बना रही जन अभियान का रूप : ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई ईंधन बचत, ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा की अपील अब जिले में प्रशासनिक और सामाजिक अभियान का रूप ले रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में यह मुहिम जमीनी स्तर पर गति पकड़ रही है।राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के प्रतिनिधि एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने कहा कि राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने भी इस पहल को अपनाते हुए अपने काफिले को छोड़कर दोपहिया वाहन का प्रयोग शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा इस तरह के कदम उठाने से आम जनता में सकारात्मक संदेश जाता है और लोग भी ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होते हैं।ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री का उद्देश्य न केवल विदेशी मुद्रा की बचत करना है, बल्कि पर्यावरण को प्रदूषण से बचाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य देना भी है। जिले में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों द्वारा भी ईंधन बचत और साइकिल, दोपहिया वाहन के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा बदलाव संभव है। यदि हर व्यक्ति अपने स्तर पर ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प ले, तो देश को स्वच्छ और आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे भी इस अभियान में सहभागी बनें।

जमीन विवाद को लेकर किसान नेताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर। जमीन विवाद को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानु के कार्यकर्ताओं ने तहसील प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है संगठन की ओर से तहसील प्रशासन को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया गया है कि गुरुकृपा राइस मिल के मालिक अमरजीत निवासी मुड़िया द्वारा दबंगई के बल पर उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।

सम्पादकीय

नीट परीक्षा रद्द, पेपर लीक का एक और मामला

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मेडिकल प्रवेश की सबसे बड़ी परीक्षा नीट 2026 को रद्द करने का फैसला लिया है। 3 मई को नीट परीक्षा आयोजित हुई थी, लेकिन उसके पर्चे पहले ही लीक हो गए थे, इस वजह से एनटीए ने परीक्षा को ही रद्द करने का फैसला लिया। ज्ञात हो कि नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) परीक्षा, भारत में मेडिकल कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित की जाती है। हर साल लाखों विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल होते हैं। इस बार 22 लाख बच्चों ने नीट परीक्षा दी थी। जिसके लिए कई छात्रों ने साल-दो साल की महंगी कोचिंग कक्षाओं में पढ़ाई की होगी, कई छात्रों के मां-बाप ने आर्थिक कठिनाइयों या अन्य दिक्कतों का सामना किया होगा, ताकि उनके बच्चे इस परीक्षा में सफल हो सकें तो डॉक्टर बनने के लिए मेडिकल कॉलेज में उनका दाखिला हो जाए। छात्रों का भविष्य, उनके सपने, बेहतर जीवन की तैयारी सब कुछ इस परीक्षा पर निर्भर होगा, जिसे एक झटके में पेपर लीक माफिया ने तोड़ दिया है। एनटीए ने तो एक बयान जारी कर बता दिया कि 3 मई 2026 को आयोजित परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। अब परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी। नयी परीक्षा तारीख की घोषणा बाद में आधिकारिक माध्यमों से की जाएगी। इससे आगे एनटीए में बैठे अधिकारियों ने अपनी और कोई जिम्मेदारी छात्रों के प्रति नहीं समझी। एनटीए ने कहा कि उसने 8 मई को पेपर लीक के मामले को स्वतंत्र जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए केंद्रीय एजेंसियों को भेजा था। उनसे चर्चा के बाद यह तय किया गया कि मौजूदा परीक्षा प्रक्रिया को बरकरार नहीं रखा जा सकता। एजेंसी ने माना कि दोबारा परीक्षा होने से छात्रों और उनके परिवारों को असुविधा होगी, लेकिन एनटीए के अनुसार परीक्षा प्रक्रिया पर विश्वास बनाए रखने के लिए यह कदम जरूरी था। कितनी आसानी से परीक्षा प्रक्रिया पर भरोसे की बात कही गई है। जबकि हकीकत ये है कि मोदी सरकार में पेपर लीक अब एक लाइलाज बीमारी जैसा बन गया है। पिछले 10 सालों में कम से कम 89 बार पेपर लीक हुए हैं, जिसमें चार बार तो नीट के ही पेपर लीक हुए हैं। इस बार मामले का खुलासा राजस्थान से हुआ। जहां हाथ से लिखे गए गेस पेपर मिले, इसमें 140 सवाल 3 मई की परीक्षा के पेपर के ही समान थे। लेकिन एनटीए ने अपने बयान इसका जिक्र नहीं किया है। ये सवाल 600 अंक के थे, और नीट पेपर में कुल 720 अंक ही होते हैं। यानी जिसके हाथों में ये गेस पेपर लगा होगा, उसने सभी सही जवाब दिए होंगे। अगर परीक्षा रद्द न होती तो फिर बेईमानी से उत्तीर्ण होने वाले लोग बहुतेरे होते। हालांकि असल सवाल वहीं का वहीं है कि गेस पेपर के नाम पर पर्चे का बड़ा हिस्सा आखिर किसने लीक किया। यह किसी एक व्यक्ति के बस की बात नहीं है, इसमें पूरा माफिया काम करता है। एक-एक गेस पेपर 30-30 हजार तक में बेचा गया था, तो अनुमान लगाया जा सकता है कि कितनी काली कमाई इसके जरिए की गई होगी। राजस्थान पुलिस ने हाथ से लिखे गेस पेपर को पकड़ा। सबसे पहले सीकर में यह सामने आया। इसमें फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के 300 से अधिक प्रश्न हाथ से लिखे गए थे। पूरे दस्तावेज में एक ही हैंडराइटिंग थी। केरल के एक मेडिकल कॉलेज में पढ़ रहे चुरू के एक छात्र ने 1 मई को सीकर में अपने दोस्त को यह गेस पेपर शेयर किया, जिसके बाद यह पीजी हॉस्टल्स, कोचिंग नेटवर्क, करियर काउंसलर्स और छात्रों के बीच तेजी से फैल गया। इसी से समझा जा सकता है कि इसके तार कैसे पूरे देश भर में फैले हैं। अकेले नीट परीक्षा ही नहीं, तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ अब पेपर लीक की विडंबना जुड़ चुकी है।

केजरीवाल के लिए अंतिम अवसर

भाजपा पंजाब चुनाव को उसी तरह लड़ने वाली है जिस तरह से उसने पश्चिम बंगाल का चुनाव लड़ा और ममता बनर्जी जैसी जमीन से जुड़ी और लड़ाकू महिला को पराजित करके पहली बार जीत हासिल की। चुनाव तो पिछले महीने भी पांच राज्यों के विधानसभा के हुए थे। भाजपा पहले से सत्ता में काबिज असम और पुडुचेरी में जीत हासिल की। केरल में वोट औसत बढ़ने के साथ भाजपा को तीन सीटें मिली।

अगले साल देश के सात राज्यों के विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। यह हैं-पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, गोवा, गुजरात और हिमाचल प्रदेश। इनमें से पंजाब और हिमाचल प्रदेश के अलावा सभी पांचों राज्यों में अभी भाजपा की सरकार है। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में है और दिल्ली में सत्ता जाने के बाद आम आदमी पार्टी(आआपा) केवल पंजाब में सत्ता में है। भाजपा तो हर राज्य में चुनाव लड़ने और जीतने की रणनीति में लगी हुई है लेकिन इस बार उसका फोकस पंजाब जीतने पर होने वाला है। एक तो हिमाचल प्रदेश वैसे ही भाजपा का मजबूत गढ़ रहा है, दूसरे हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार शुरू से ही गिरते-पड़ते चल रही है। इसलिए आम धारणा है कि जब भी चुनाव होंगे भाजपा आसानी से चुनाव जीत जाएगी। भाजपा पंजाब चुनाव को उसी तरह लड़ने वाली है जिस तरह से उसने पश्चिम बंगाल का चुनाव लड़ा और ममता बनर्जी जैसी जमीन से जुड़ी और लड़ाकू महिला को पराजित करके पहली बार जीत हासिल की। चुनाव तो पिछले महीने भी पांच राज्यों के विधानसभा के हुए थे। भाजपा पहले से सत्ता में काबिज असम और पुडुचेरी में जीत हासिल की। केरल में वोट औसत बढ़ने के साथ भाजपा को तीन सीटें मिली। तमिलनाडु में भी भाजपा को वोट औसत बढ़ा। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए बड़ी उपलब्धि यह रही कि देश में विपक्षी राजनीति का झंडा थामने वाले नेताओं में से ममता बनर्जी की तरह तमिलनाडु मुख्यमंत्री रहे एम के स्टालिन सत्ता से बाहर हो गए। पंजाब चुनाव नतीजे आआपा के पक्ष में न आने पर न केवल आआपा के बिखरने के साथ-साथ बल्कि आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल की राजनीतिक पारी का समापन भी होने का खतरा है। आआपा और उसके सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल सत्ता के लिए बने हैं इसे इस राजनीतिक पार्टी के 14 साल के इतिहास ने साबित किया है। समाजसेवी अन्ना हजारे की अगुवाई में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के सहारे राजनीति में आने वाले केजरीवाल ने वह सभी काम किए जो इस देश के आम राजनेता करते रहे हैं या इसके लिए राजनेता बदनाम हैं। कई मामलों में तो केजरीवाल ने परंपरागत दलों के नेताओं को भी पीछे छोड़ दिया है। सत्ता में आने के लिए उन्होंने जो वादे किए थे, सत्ता में आने के बाद सारे आचरण उसके उलट किए। दिल्ली की सत्ता से बाहर होने के बाद भी उनका व्यवहार नहीं बदला। 2025 के विधानसभा चुनाव में जो आरोप मुद्दे बने उसमें शराब घोटाला से लेकर अपने सरकारी आवास को करोड़ों खर्च करके शीश महल बनवाना प्रमुख रहे। बावजूद इसके पूर्व मुख्यमंत्री के नाते मिले सरकारी आवास में उन पर फिर से लाखों रुपये लगाने का आरोप लगा है। 2011 के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन ने 1974 के बिहार छात्र आंदोलन और उससे लगे आपातकाल के खिलाफ देश भर में हुए आंदोलन को फिर से दोहरा दिया था। पहला विवाद को अन्ना हजारे के मना करने के बावजूद 26 नवंबर,2012 को राजनीतिक पार्टी आआपा बनाने पर हुआ। हजारों पढ़े-लिखे नौजवान देश-विदेश की नौकरी छोड़कर और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में ऊंची हैसियत और मानदंड रखने वालों ने उस आंदोलन में अपना सभी कुछ न्योछावर कर दिया था। सत्ता में आने और अपना असली रंग दिखाने के बाद वही लोग एक-एक करके लोग अलग होने लगे। कुछ को केजरीवाल ने अपमानित करके निकाला। इसकी लंबी शृंखला बनती जा रही है। अभी सबसे बड़ा झटका आआपा के बड़े नाम राघव चड्ढा और संदीप पाठक के साथ दस में से सात राज्य सभा सदस्यों का पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने से लगा है। उनमें से एक स्वाति मालीवाल तो काफी समय से तो केवल तकनीकी तौर पर आआपा में थी वे अपने साथ मुख्यमंत्री केजरीवाल के सरकारी आवास में मारापीट होने के बाद से ही अलग हो गई थी। अब आआपा के साथ तीन राज्यसभा और तीन लोकसभा सदस्य हैं। इन चौदह सालों के घटनाक्रम ने एक बात तो साबित कर दी कि अरविंद केजरीवाल सत्ता के बिना नहीं रह सकते हैं और उनकी महत्वाकांक्षा प्रधानमंत्री बनने की है। भाजपा और कांग्रेस विरोधी अनेक बुद्धिजीवियों के प्रभाव में आकर केजरीवाल ने 2014 में देश भर में लोकसभा चुनाव लड़ना तय किया। भारी पराजय के बाद अपने लोगों के गुस्सा से बचने के लिए जमानत तुड़वाकर जेल गए। 2015 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारी सफलता के बावजूद रामलीला मैदान में दूसरी बार मुख्यमंत्री की सफल लेते हुए कहा कि उन्हें दिल्ली की जनता से जनादेश उनकी सेवा करने के लिए मिला है, वे दिल्ली से बाहर नहीं जाएंगे। तब से लेकर अब तक उनके बयान और दावों में लगातार बदलाव होते ही गए। जो हालात बनते जा रहे हैं उसमें केजरीवाल की तुलना विदेशी घुसपैठ के खिलाफ आंदोलन चलाकर सीधे छात्र आंदोलन से असम गण परिषद राजनीतिक दल बनाकर विधानसभा चुनाव जीतकर 1985 में असम के मुख्यमंत्री बने प्रफुल्ल कुमार महंत से की जाने लगी है। आज की तारीख में महंत की असम की राजनीति में कोई चर्चा तक नहीं होती है। केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के नाम से राजनीतिक दल बनाकर 2013 में होने वाले दिल्ली विधान सभा चुनाव लड़ना तय किया। पहले ही चुनाव में ही बिजली-पानी फ्री का मुद्दा कारगर हुआ। आआपा को 70 सदस्यों वाली विधानसभा में करीब 30 फीसद वोट और 28 सीटें मिली। भाजपा करीब 34 फीसद वोट के साथ 32 सीटें जीती और दिल्ली में 15 साल तक शासन करने वाली कांग्रेस को 24.50 फीसद वोट के साथ केवल आठ सीटें मिली। भाजपा के मना करने पर आआपा ने कांग्रेस से बिना मांगे समर्थन से सरकार बनाई और नियम का पालन किए बिना लोकपाल विधेयक विधानसभा में पेश करने से रोके जाने के खिलाफ 49 दिन पुरानी सरकार ने इस्तीफा दिया। 2014 के लोकसभा चुनाव में आआपा ने देश भर में चुनाव लड़ना तय किया। खुद केजरीवाल भाजपा के प्रधानमंत्री के घोषित उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बनारस चुनाव लड़ने पहुंच गए। वे तो बुरी तरह से हारे ही आआपा के ज्यादातर प्रमुख नेता लोकसभा चुनाव लड़े और पराजित हुए। केवल पंजाब में चार सीट आआपा जीत पाई। बाद में उसमें से दो सांसद आआपा से अलग हो गए और 2019 के लोकसभा चुनाव में केवल अभी के मुख्यमंत्री भगवंत मान चुनाव जीते। 2024 में उसे केवल पंजाब में ही तीन सीटें मिली। 2014 के चुनाव में केजरीवाल ने बड़ा सपना देखा था, वे परिणाम से इतने आहत हुए थे कि कार्यकर्ताओं का गुस्सा शांत करने के लिए जबरन जमानत तुड़वाकर जेल गए। इतना ही नहीं एक-एक करके पार्टी के दिग्गजों-पूर्व कानून मंत्री शांति भूषण, वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण, योगेन्द्र यादव, प्रो. आनंद कुमार इत्यादि को पार्टी से बाहर किया। बाद में कुमार विश्वास समेत अनेक दिग्गज नेता बाहर हुए। यह सिलसिला आज भी जारी है। कहा जाता कि आआपा में वही रह सकता है जो केजरीवाल के किसी फैसले पर सवाल न उठाए। बावजूद इसके आआपा को कई बड़ी सफलता मिल गई। कांग्रेस की कमजोरी और भाजपा की अधूरी तैयारी के चलते और बिजली-पानी फ्री करने के वादे ने आप को 2015 के चुनाव में दिल्ली विधानसभा में रिकार्ड 54 फीसदी वोट के साथ 67 सीटों पर जीत दिलवा दी। उस चुनाव के बाद पार्टी में अरविंद केजरीवाल का राजनीतिक कद और बढ़ गया। दोबारा मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने दिल्ली से बाहर पार्टी को न ले जाने का घोषणा कर दी। उन्होंने यह साबित कर दिया कि पार्टी को वोट उनके नाम से मिलते हैं। 2020 के दिल्ली विधान सभाचुनाव में फिर उन्होंने रिकार्ड 54 फीसद वोट के साथ 62 सीटें जीती। 2017 के गोवा विधानसभा चुनाव में तो आआपा को कोई सफलता नहीं मिली लेकिन पंजाब में बेहतर नतीजे मिले। 2017 के चुनाव में 117 सीटों की विधानसभा में आआपा को 20 सीटें मिली। 2022 में उसे न केवल 92 सीटें मिली और उसकी दिल्ली से बाहर सरकार बनी। गुजरात और गोवा में चुनाव लड़कर आआपा 10 अप्रैल,2023 को अखिल भारतीय पार्टी बन गई। सत्ता ने उन्हें आम आदमी से खास आदमी बना दिया। सुरक्षा के भारी तामझाम से उनकी लोगों से दूरी बढ़ी और जिस वीआईपी कल्चर का विरोध करके राजनीति में आए उसी कल्चर के प्रतीक बन गए। शराब घोटाले में कई बड़े नेताओं के जेल जाने के बाद खुद केजरीवाल जेल गए। 2024 का लोकसभा चुनाव और 2015 के विधानसभा चुनाव में केजरीवाल ने अपने को प्रताड़ित करने का मुद्दा बनाने की असफल कोशिश की। 70 सदस्यों वाली विधानसभा चुनाव में भाजपा 48 सीटों के साथ 27 साल बाद सत्ता में लौटी। आआपा को 22 सीटें मिली। मतों का अंतर केवल दो फीसद का था। पहली बार आआपा 2022 के दिल्ली नगर निगम चुनाव जीती थी। उसे 250 में से134 सीटें मिली थी। भाजपा को 104 सीटें मिली थी। केन्द्र में भाजपा की सरकार होने का लाभ उसे मिलता रहा। बहुमत के बावजूद महीनों कवायद के बाद आआपा का मेयर बना। इन ढाई सालों में आआपा के पार्षद भाजपा में आते रहे। इतना ही नहीं आआपा में जाकर पार्षद बने 16 निगम पार्षद अलग दल बनाकर आप से अलग हो गए। निगम में दलबदल विरोधी कानून नहीं लागू है। अब निगम में भी भाजपा बहुमत में है। आआपा पूरी तरह से अरविंद केजरीवाल की पार्टी है । वह न तो किसी विचारधारा से जुड़ी है, न जाति आधारित या कैडर आधारित पार्टी है। दिल्ली में सरकार जाने के बाद को पार्टी के साथ मुट्ठी भर लोग दिखते हैं। अब केवल पंजाब में आआपा की सरकार है। पंजाब सरकार के खिलाफ भी पार्टी में आवाज उठने लगी है। आआपा के विधायक जेल गए। मंत्री संजीव अरोड़ा पर केन्द्रीय एजेंसियों का छापा पड़ा है। जो हालात दिख रहे हैं उसमें तो यही लग रहा है कि शराब घोटाले की आंच अभी इस पार्टी को और झुलसाएगी। जो नेता जमानत पर जेल से बाहर हैं, वे वापस कब जेल चले जाएं कहा नहीं जा सकता है। अगर ऐसा हुआ और अन्य नेताओं के साथ केजरीवाल जेल गए तो आआपा का हाल असम गण परिषद से भी बुरा होगा। दो फीसद मतों के अंतर से सरकार बनाने वाली भाजपा दिल्ली में अपनी राजनीतिक हैसियत बढ़ाने में लगी है। राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा देश के करीब ज्यादातर राज्यों में सत्ता में आ गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में केन्द्र की सरकार लगातार रिकार्ड बना रही है। इस सरकार की धमक ऐसी है कि एक के बाद एक करके विपक्ष के बड़े-बड़े दिग्गज पराजित होते जा रहे हैं। कभी विपक्ष की राजनीति के प्रभावशाली नेता रहे कई नाम अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यानी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा बन चुके हैं। कई बड़े नेता बढ़ते उम्र या बिगड़ते समीकरण के चलते अप्रासंगिक हो चुके हैं। वामपंथी दल इतिहास बनते जा रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अपनी सीमा है। जो पढ़े-लिखे असरदार नेताओं में ममता बनर्जी और एमके स्टालिन अप्रैल,2026 के विधानसभा चुनाव में खुद अपना चुनाव हार कर अपने राज्य की सत्ता से बाहर हो चुके हैं। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव और मायावती जैसे नेता अभी सत्ता से बाहर हैं और अगले साल उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में इनके सत्ता में आने की उम्मीद नहीं है। कई और नेताओं के भी यही हाल हैं। अरविंद केजरीवाल भी खुद अपने विधानसभा क्षेत्र से पराजित होकर खुद वे और उनकी पार्टी दिल्ली की सत्ता से बाहर हैं। आआपा उनकी पार्टी है। इसलिए वे पंजाब के अघोषित मुख्यमंत्री माने जाते हैं। जिन सात राज्यों के विधानसभा चुनाव अगले साल होंगे उसमें पंजाब ही अकेला राज्य है जहां सत्ता पाने के लिए भाजपा को पश्चिम बंगाल जीतने जैसी मेहनत करनी पड़ेगी। प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में गृहमंत्री अमित शाह जिन्हें आधुनिक चाणक्य कहा जाता है, इसे संभव कर सकते हैं। उन्होंने भाजपा के लिए कठिन माने जाने वाले राज्यों भाजपा की सरकार बनवाकर यह साबित कर दिया है। अगर ऐसा हुआ तो विपक्ष का एक और महत्वाकांक्षी नेता इतिहास के पन्नों में समा जाएगा। **-मनोज कुमार मिश्र**

पेट्रोल संकट का दीर्घकालीन समाधान भारत के पास है

कुलभूषण उपमन्यु

ईरान, इजराइल-अमेरिका युद्ध ने वैश्विक स्तर पर खनिज तेल आधारित ऊर्जा व्यवस्था को डांवाडोल कर दिया है। भारतवर्ष पर इसका खासा असर होना स्वाभाविक है क्योंकि हमारी 85 फीसद ऊर्जा जरूरतें आयात के माध्यम से ही पूरी होती हैं और इसका बड़ा भाग मध्य पूर्वी देशों से ही आता है। होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री नौवहन में युद्ध के कारण आई रुकावट के चलते यह स्पष्ट हो चुका है कि इस तरह की स्थितियां देश की घरेलू, औद्योगिक, और सैनिक जरूरतों के लिए घातक साबित हो सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में युद्ध के चलते खनिज तेल की कीमतें दुगनी हो चुकी हैं। सरकार ने अभी तक तो घरेलू ऊर्जा जरूरतों पर बढ़ी हुई कीमतों का उतना असर नहीं होने दिया है किन्तु लंबे समय तक ऐसा कर पाना संभव नहीं होगा। इस समस्या के दीर्घकालीन समाधान को ध्यान में रख कर ही सरकार ने एथनोल को पेट्रोल में मिला कर पेट्रोलियम पदार्थों की मांग कम करने का प्रयास शुरू किया है। एथनोल के प्रयोग को लगातार बढ़ाते जाने की योजना पर काम हो रहा है, लेकिन इसकी भी सीमा है जिससे आगे एथनोल उत्पादन संभव नहीं होगा। हमारे पास और भी संसाधन हैं जिनके योजनाबद्ध उपयोग से हम उर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता में बड़ा योगदान कर सकते हैं। हमारे पास कृषि अपशिष्ट और गोबर का प्रचुर भंडार है, जिससे मीथेन, सीएनजी, पीएनजी बना कर खनिज तेल की आयात जरूरतों को कम किया जा सकता है। फिलहाल उपलब्ध गोबर का उपयोग करने पर क्या स्थितियां बनेंगी इस पर विचार करते हैं। देश में 2025 की पशु गणना के अनुसार 193.50 करोड़ गोवंश और 109.85 करोड़ भैंस हैं। कुल 303.35 करोड़ ऐसा पशु धन है जिनके गोबर से मीथेन गैस बनाई जा सकती है। एक किलो मीथेन गैस बनाने के लिए लगभग 30 किलो गोबर चाहिए, जो हमें दो पशुओं से दैनिक प्राप्त हो सकता है। इस तरह 150 करोड़ किलो गैस प्रतिदिन बनाई जा सकती है। साल में कुछ कमीबेशी को छोड़ दें तो 300 दिन का गिनते हैं। इससे 45000 करोड़ किलो गैस प्रतिवर्ष बनाई जा सकती है। इसको टन में बदल लें तो 45 करोड़ टन हुए। एक सिलिंडर में 15 किलो गैस के हिसाब से एक टन से 66 सिलेंडर भरे जा सकते हैं। 45 करोड़ टन से 2970 करोड़ सिलेंडर भरे जाएंगे। देश की आबादी को 140 करोड़ मानते हुए औसत पांच प्राणियों का परिवार मानते हुए 28 करोड़ परिवार हुए। यदि हर महीने प्रति परिवार एक सिलेंडर की खपत मान कर चलें तो 12 महीने में 336 करोड़ सिलेंडर की खपत होगी। जबकि हमारे पास संसाधन 2970 करोड़ सिलेंडर भरने की है। यानि इस क्षमता का 15-20 प्रतिशत दोहन भी कर लिया जाए तो घरेलू खपत को पूरा किया जा सकता है और इससे आगे व्यवसायिक खपत की भी गुंजाइश रह जाती है। हर घर में गोबर गैस प्लांट बनाना शायद संभव नहीं होगा किन्तु कुछ में तो संभव होगा। शेष संसाधन को वाणिज्यिक स्तर पर बड़े और आधुनिक तकनीक पर कार्य करने वाले गोबर गैस प्लांट बना कर ऊर्जा सुरक्षा की ओर आत्मनिर्भर कदम बढ़ाया जा सकता है, और आयात बिल और विदेशी मुद्रा को भी बचाया जा सकता है। जिस तरह एथनोल उत्पादन कार्य को गंभीरता से तेज गति से बढ़ाया गया है यदि उसी भावना से गोबर गैस उत्पादन को भी वाणिज्यिक स्तर पर प्रोत्साहन दे कर आगे बढ़ाया जाए तो बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। इससे किसानों को भी गोबर उपलब्ध करवाने के बदले अतिरिक्त कमाई हो सकती है। इस प्रक्रिया में गैस तो निकल जाती है, शेष गोबर, डाईजेस्टर में अच्छी तरह सड़ कर बाहर आता है जो ज्यादा गुणवत्ता पूर्ण खाद होता है। इसके अलावा फसलों के अपशिष्ट, पराली या गेहूं के अपशिष्ट भी सीएनजी, पीएनजी बनाने के लिए उपयोग कर लिए जाएं तो काफी बड़ी मात्रा में प्राकृतिक गैस के आयात में कमी आ सकती है। फसल अपशिष्ट से सीएनजी बनाने के कुछ संयंत्र तो शुरू भी हो चुके हैं। इन सब कामों के लिए तकनीक तो हमारे पास उपलब्ध ही है केवल राजनीतिक इच्छा शक्ति और दृढ़ संकल्प से आरंभ करने की बात है। फसल अपशिष्ट इस तरह इस्तेमाल कर लेने से उन्हें जलाने के कारण होने वाले प्रदूषण और उससे होने वाली बीमारियों और असमय मौतों से भी बचा जा सकता है। इस कार्य में भी कुछ कठिनाइयां तो आएंगी किन्तु अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक गुलामी से मुक्ति भी तो मिलेगी।

सेहत मंत्र

नीम की पत्तियों से मिलते हैं कई फायदे

आयुर्वेद की दुनिया में नीम एक बेहद लोकप्रिय व महत्वपूर्ण औषधीय जड़ी-बूटी है, जिसे लगभग पिछले 5000 सालों से उपचार के दौरान इस्तेमाल किया जाता रहा है। नीम इतना गुणकारी है कि न केवल इसकी पत्तियां, बल्कि पेड़ के बीज, जड़ों और छाल में भी औषधीय गुण पाए जाते हैं। नीम सेहत और सौंदर्य दोनों के लिए ही गुणकारी है। नीम के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं यही वजह है कि यह संक्रमण, जलन और त्वचा की किसी भी तरह की समस्याओं पर यह जादू की तरह काम करता है। यह बैक्टीरिया को नष्ट करता है, प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करता है और तेजी से चिकित्सा को प्रोत्साहित करता है। इसके अलावा इसमें एंटी-एजिंग गुण भी पाए जाते हैं। इतना ही नहीं, नीम में विटामिन और फैटी एसिड त्वचा की लोच में सुधार करते हैं और झुर्रियों और महीन रेखाओं को कम करते हैं। ठीक करें घाव- नीम के पत्ते घाव को बेहद जल्द ठीक करते हैं। बस आप इसकी पत्तियों का पेस्ट बनाएं और घाव या कीड़े के काटने पर प्रभावित स्थान पर लगाएं। रूसी को कहें बाय-बायः अगर आपको रूसी की समस्या है तो आप नीम की कुछ पत्तियां लेकर उसे पानी में उबालें। अब इस पानी को ठंडा होने दें। अपने बालों को शैम्पू से धोने के बाद इस पानी से साफ़ करें। आंखों में जलनः अगर आपको आंखों में जलन हो रही है तो नीम की कुछ पत्तियों को उबालें, पानी को पूरी तरह से ठंडा होने दें और फिर अपनी आंखों को धोने के लिए इसका इस्तेमाल करें। यह आंखों में किसी भी तरह की जलन, थकान या लालिमा में मदद करेगा। कानों के लिए लाभदायक : कान के जुड़ी समस्याओं को भी नीम आसानी से ठीक कर सकता है। बस आप नीम के कुछ पत्तों को मसलकर उसमें थोड़ा शहद मिलाएं। किसी भी कान के फोड़े का इलाज करने के लिए इस मिश्रण की कुछ बूंदों का उपयोग करें। त्वचा विकारः नीम के पत्ते त्वचा के लिए बेहद चमत्कारी माने जाते हैं। इसके लिए नीम के पत्तों के पेस्ट के साथ हल्दी मिलाएं। इसका उपयोग खुजली, एक्जिमा, रिंग कीड़े और कुछ हल्के त्वचा रोगों के लिए भी किया जा सकता है। बूस्ट करें इम्यूनिटीः कुछ नीम के पत्तों को क्रश करें और अपनी इम्युनिटी बढ़ाने के लिए उन्हें एक गिलास पानी के साथ लें।

धर्म मंत्र

कोडुंगल्लूर देवी मंदिरः अदभुत है मंदिर की मान्यता और इसका इतिहास

कोडुंगल्लूर देवी मंदिर अत्यंत प्राचीन मंदिर है, जो कि केरल राज्य के त्रिशूर जिले में स्थापित है। वैसे तो दक्षिण भारत मे बहुत से मंदिर है परंतु यह मंदिर सब मंदिरों में सबसे अद्भुत है। कोडुंगल्लूर देवी मंदिर को ''श्री कुरम्बा भगवती मंदिर'' के नाम से भी जाना जाता है। इस मंदिर में माँ भद्रकाली उपस्थित है, उनकी काली रूप में पूजा की जाती है। यहां आने वाले लोग देवी को कुरम्बा या कोडुंगल्लूर अम्मा के नाम से बुलाते है। केरल के मंदिर में माँ काली के रुद्र रूप की पूजा अर्चना की जाती है यह मंदिर मालाबार के 64 भद्रकाली मंदिरों में से प्रमुख है माँ काली ने अपने प्रचण्ड रूप में आठों हाथों में कुछ न कुछ पकड़ रखा है जैसेः- एक हाथ मे राक्षस राजा दारूका का सिर पकड़ा हुआ है, एक हाथ मे घंटी, एक हाथ मे तलवार और एक हाथ मे अंगूठी। मंदिर में दोपहर 3 बजे से लेकर रात 10 बजे तक पूजा होती है। यहां के लोगो का मानना है कि इस मंदिर में भगवान शिव की आराधना की जाती थी और परशुराम जी ने मंदिर के निकट ही माँ काली की प्रतिमा लगाई थी। कोडुंगल्लूर कभी चेरा साम्राज्य की राजधानी हुआ करता था, जो एक महत्वपूर्ण नगर कहलाता था। इस मंदिर को चेरमान पेरुमल ने बनवाया। यह मंदिर केरल के मध्य में स्थित है। इस मंदिर में उपस्थित माँ भद्रकाली को यहां के लोग ''मलयाला भगवती'' बुलाते है। इस मंदिर में प्राचीनतम तरह से ही देवी के निर्देशानुसार पूजा की जाती है। यहं पांच 'श्री चक्र' शंकराचार्य ने स्थापित किए, जिन्हें देवी की शक्तियों का मुख्य स्रोत माना जाता है।

पर्यटन



बच्चों को ज़रूर कराएं देश के खूबसूरत गांवों की सैर

शहर की भीड़-भाड़ और व्यस्तता के बीच जब कभी समय मिले और खासतौर पर बच्चों कि छुट्टियां हो तो उन्हें किसी फ़ेमस टूरिस्ट डेस्टिनेशन ले जाने की बजाय देश के कुछ खूबसूरत गांवों की सैर करवाइए। यहां न सिर्फ मन को सुकून मिलेगा, बल्कि यहां कि कुदरती खूबसूरती और शांत वातावरण आपके पूरे परिवार की थकान और तनाव दूर कर देगा। स्मित, मेघालय- मेघालय की राजधानी शिलांग से करीब 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित स्मित गांव बेहद सुंदर है और छुट्टियां बिताने के लिए परफ़ेक्ट जगह है। पहाड़ों पर बसा यह गांव कुदरती खूबसूरती से सराबोर है। यहां की शुद्ध ताजी हवा आपको नई ऊर्जा से भर देगी और बच्चों को भी गांव की सैर में बहुत मज़ा आएगा। शहर की भीड़ से दूर यहां का शांत वातावरण और सुंदरता हर किसी का मन मोह लेती है। यह गांव बेहद साफ सुथरा भी है। मावलिनॉन्ग, मेघालय- मेघालय का ही एक और गांव है मावलिनॉन्ग जिसे एशिया के सबसे साफ गांव का दर्ज़ा मिला हुआ है। स्मित की तरह ही यह गांव भी प्राकृतिक सुंदरता से सराबोर है। मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग से करीब 90 हजार की दूरी पर स्थित यह गांव साफ-सुथरा होने के साथ ही बेहद खूबसूरत भी है। यहां पर एशिया का फ़ेमस रूट ब्रिज भी है जिसकी सैर यकीनने आपको और बच्चों को रोमांच से भर देगी। जहां तक साफ-सफाई का सवाल है तो गांव वालों ने खुद अपने बल पर गांव को एकदम साफ-सुथरा रखा है। कचरा फैलाने वालों से जुर्माना भी वसूला जाता है। यहां आपको अन्नानास के पेड़ भी दिखेंगे। याना, कर्नाटक- कर्नाटक का यह गांव भले ही बहुत फ़ेमस न हो, लेकिन सुकून की तलाश करने वालों के लिए यह परफ़ेक्ट जगह है। खूबसूरत पहाड़ी पर स्थित यह गांव तीर्थयात्रियों के साथ ही, नेचर लवर और ट्रैकिंग के शौकीनों के लिए भी बेस्ट डेस्टिनेशन हैं। यहां कई मंदिर, गुफाएं और खूबसूरत झरने आपकी यात्रा को यादगार बना देंगे।

मिसाल बने जिलाधिकारी, पैदल पहुंचकर दिया कर्तव्य परायणता का संदेश

ईओ संजय भी हमराह, सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद के जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने गुरुवार को सादगी, अनुशासन और कर्तव्यपरायणता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री के आह्वान से प्रेरित होकर जिलाधिकारी पैदल चलकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उनके इस कदम की कर्मचारियों और आमजन ने सराहना की।

जिलाधिकारी ने संदेश दिया कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत भी समय की आवश्यकता है। उनका यह प्रयास न केवल प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक बना, बल्कि आम नागरिकों को भी सकारात्मक संदेश देने वाला साबित हुआ।

कलेक्ट्रेट पहुंचने पर लोगों ने जिलाधिकारी की कार्यशैली और सादगी की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे अधिकारी समाज में नई सोच और अनुशासन की भावना विकसित करते हैं। जनपद में उनके इस कदम की चर्चा पूरे दिन होती रही।वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचत और पैदल चलने के संदेश का व्यापक असर देखने को मिला। प्रधानमंत्री द्वारा सार्वजनिक परिवहन अपनाने, पैदल चलने और ईंधन की बचत करने की अपील के बाद जिले के अधिकारी भी सादगी और जिम्मेदारी का संदेश देते नजर आए।जिले के मुखिया ईशान प्रताप सिंह अपने आवास से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक पैदल पहुंचे। वही नगर पालिका परिषद के ईओ संजय शुक्ला भी सिविल लाइन स्थित अपने आवास से नगर पालिका कार्यालय तक पैदल चलकर पहुंचे। अधिकारियों की इस पहल को लोगों ने अनुशासन, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा का प्रेरणादायक उदाहरण बताया। नगर पालिका प्रशासन ने भी सक्रियता दिखाते हुए विभिन्न मोहल्लों में पैदल भ्रमण कर साफ-सफाई और जलापूर्ति व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने पर जोर दिया। प्रशासनिक अधिकारियों की यह पहल न केवल ईंधन संरक्षण का संदेश देती है, बल्कि आमजन को पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित करती है।

जनसहभागिता से विकास की नई रूपरेखा जीपीडीपी बैठक में उठे गांवों के बड़े मुद्दे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। ग्राम पंचायत परवरभारी एवं ग्राम पंचायत कुर्सी में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के अंतर्गत पंचायत भवन परिसर में विकास बैठक आयोजित की गई। परवरभारी में ग्राम प्रधान राम प्रताप तथा कुर्सी में ग्राम प्रधान महमुदुलहसन की अध्यक्षता में हुई बैठक में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बैठक में ग्राम पंचायत अधिकारी आनंद सिंह, सचिव सुधाकर, पंचायत सहायक, ग्राम पंचायत सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य आगामी वार्षिक कार्ययोजना तैयार कर गांवों के विकास को नई दिशा देना रहा।

राज्य प्रशिक्षक डॉ. वीरेंद्र त्यागी एवं डॉ. विनय बहादुर पाण्डेय ने ग्राम पंचायत विकास योजना की उपयोगिता बताते हुए योजनाओं के पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। इस दौरान ग्रामीणों से पंचायत क्षेत्र की समस्याओं और आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा कर सुझाव लिए गए। बैठक में बारात घर निर्माण, अन्तेष्टि स्थल विकास, सामुदायिक शौचालय, कुटीर उद्योगों को बढ़ावा, सोलर लाइट, सीसीटीवी कैमरे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, नाली एवं सड़क निर्माण सहित सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने जैसे प्रस्ताव रखे गए। ग्रामीणों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और महिला सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर भी अपने विचार साझा किए। ग्राम प्रधानों ने कहा कि गांव के विकास में जनता की भागीदारी सबसे अहम है और ग्रामीणों के सहयोग से पंचायतों को स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जाएगा।

पुरुषोत्तम मास मेले की तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा, दिए जरूरी निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। सुप्रसिद्ध तीर्थस्थल लोधेश्वर महादेव धाम में आगामी पुरुषोत्तम मास मेले की तैयारियों को लेकर गुरुवार शाम जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने अधिकारियों के साथ व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा, साफ-सफाई, यातायात एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने लोधेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन कर मंदिर परिसर और आसपास चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने संजय सेतु स्थित पांटून पुल और कॉरिडोर निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। अधिग्रहित मकानों के ध्वस्तीकरण कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए। शिव अभरण सरोवर पहुंचकर अधिकारियों ने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

महंत बी.पी.दास नवाबगंज तहसील में अवैध प्लाटिंग का जाल, प्रशासन की सख्ती से भूमाफियाओं में हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरकारी, शत्रु संपत्ति और विवादित जमीनों पर कब्जों को लेकर जिलाधिकारी तक पहुंचीं शिकायतें

डीएम ईशान प्रताप सिंह और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल की कड़ी कार्यशैली से मचा खलबली, पूर्व व्यवस्था पर भी उठे सवाल

बाराबंकी। जिले की नवाबगंज तहसील इन दिनों सरकारी, शत्रु संपत्ति और विवादित जमीनों पर अवैध कब्जेदारी तथा अनाधिकृत प्लाटिंग के मामलों को लेकर सुर्खियों में है। लगातार सामने आ रही शिकायतों और प्रशासनिक कार्रवाई के बाद भूमाफियाओं और जमीन कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

वर्तमान जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल की कड़ी कार्यशैली के चलते प्रशासन अब अवैध प्लाटिंग और कब्जेदारी के मामलों में सख्त नजर आ रहा है। हाल के दिनों में हुई बुलडोजर कार्रवाई और जांचों ने कई पुराने मामलों को भी फिर चर्चा में ला दिया है।

जानकार बताते हैं कि करीब दो वर्ष पूर्व तत्कालीन जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने भू-माफियाओं और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया था। उस समय प्रशासनिक सख्ती के चलते तमाम कथित जमीन कारोबारी जिले छोड़ भाग गए थे। अनेक जेल के सीखचों में। लेकिन पिछले लगभग एक वर्ष में राजधानी लखनऊ और आसपास के जिलों से जुड़े कथित भू-माफियाओं की सक्रियता फिर बढ़ने लगी। आरोप है कि इसी दौरान बड़े पैमाने पर सरकारी और विवादित जमीनों को काटकर अवैध प्लाटिंग का कारोबार तेजी से फैलाया गया।

विनियमित क्षेत्र कार्यालय की रिपोर्ट ने बढ़ाई चिंता

अवैध प्लाटिंग के बढ़ते नेटवर्क की पुष्टि अब विनियमित क्षेत्र कार्यालय की रिपोर्टों से भी होने लगी है। विभागीय अभिलेखों के अनुसार पिछले एक वर्ष में 80 से अधिक अवैध प्लाटिंग चिन्हित की गई हैं। जबकि इससे पहले भी करीब डेढ़ सौ से अधिक अवैध प्लाटिंग के मामले चिह्नित बताए जाते हैं।हालांकि गंभीर सवाल इस बात को लेकर उठ रहे हैं कि इतने बड़े पैमाने पर चिन्हांकन के बावजूद कार्रवाई नोटिसों और कागजी प्रक्रियाओं से आगे क्यों नहीं बढ़ सकी। स्थानीय लोगों और शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि लंबे समय तक प्रभावी कार्रवाई न होने से भूमाफियाओं के हौसले बढ़ते गए।

''पूर्व अधिकारी की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल'''

इन मामलों के बीच विनियमित क्षेत्र से जुड़े एक पूर्व अधिकारी की कार्यप्रणाली भी चर्चा के केंद्र में आ गई है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि उनके कार्यकाल में कथित रूप से सुविधा शुल्क लेकर अवैध प्लाटिंग करने वालों को खुली छूट दी गई। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि इसी कारण जिले में भूमाफियाओं का नेटवर्क मजबूत हुआ और सरकारी व विवादित जमीनों पर कब्जेदारी का सिलसिला बढ़ता चला गया।

हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन स्थानीय स्तर पर यह चर्चा तेज है कि उस दौरान कथित जमीन कारोबारियों का देर रात तक तहसील और संबंधित कार्यालयों में जमावड़ा लगा रहता था। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कठोर कार्रवाई होती, तो अवैध प्लाटिंग का कारोबार इस स्तर तक नहीं पहुंचता।

शत्रु संपत्ति और सरकारी भूमि तक पर कब्जे के आरोप

जिलाधिकारी को भेजी गई शिकायतों में नगर क्षेत्र के निकट कंपनी बाग इलाके में स्थित शत्रु संपत्ति खाते में दर्ज भूमि पर अवैध कब्जेदारी और प्लाटिंग के आरोप भी शामिल हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि राजस्व अभिलेखों में दर्ज सरकारी भूमि को निजी प्लाटिंग में शामिल कर बेचा जा रहा है।

इसी प्रकार ग्राम ओबरी, परगना एवं तहसील नवाबगंज की गाटा संख्या 2302, खाता संख्या 7336 समेत आसपास की कई सरकारी भूमि पर भी अवैध कब्जेदारी और प्लाटिंग किए जाने की शिकायतें प्रशासन तक पहुंची हैं।

''हाईवे किनारे बुलडोजर कार्रवाई से मचा हड़कंप'''

लगातार मिल रही शिकायतों के बीच प्रशासन ने हाल ही में लखनऊ-अयोध्या हाईवे किनारे मोहम्मदपुर क्षेत्र में बिना नक्शा पास कर विकसित की गई अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाकर बड़ी कार्रवाई की। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल के नेतृत्व में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दो जेसीबी मशीनों से पूरी प्लाटिंग ध्वस्त कराई गई।

कार्रवाई के दौरान विरोध और गहमागहमी की स्थिति भी बनी। मौके पर पहुंचे एक कथित कारोबारी ने प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध किया, जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। सूत्रों के मुताबिक विवाद के दौरान कथित रूप से प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठाए गए।

''अब बड़ी कार्रवाई की उम्मीद''

जिले में लगातार सामने आ रहे भूमि घोटालों, अवैध कब्जों और प्लाटिंग के मामलों ने प्रशासनिक तंत्र को कटघरे में खड़ा कर दिया है। हालांकि वर्तमान प्रशासन की सक्रियता के बाद लोगों में यह उम्मीद जगी है कि आने वाले दिनों में सरकारी और विवादित जमीनों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ और बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

फिलहाल नवाबगंज तहसील में चल रही कार्रवाई पूरे जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है और निगाहें अब इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन भूमाफियाओं के खिलाफ इस अभियान को कितनी दूर तक ले जाता है।

तेज रफ्तार डंपरों से ग्रामीणों में दहशत, बालक बचा तो फूटा गुस्सा

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी थाना क्षेत्र में मिट्टी और खनन सामग्री से भरे तेज रफ्तार डंपर ग्रामीणों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। बुधवार रात महमूदपुर बनौगा गांव में एक बालक डंपर की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया, जिसके बाद ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और लोगों ने मिट्टी लदे डंपर को रोककर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के अनुसार रात करीब साढ़े आठ बजे तेज रफ्तार डंपर गांव से गुजर रहा था। इसी दौरान एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतर आए और डंपर रोककर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह लोगों को शांत कराया।

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में रात के समय भी खनन और डंपरों का संचालन जारी है। बिना तिरपाल के दौड़ रहे डंपरों से उड़ती धूल राहगीरों, दुकानदारों और स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। लगातार भारी वाहनों के संचालन से सड़कें भी जर्जर होती जा रही हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने, रात में डंपरों के संचालन पर प्रतिबंध लगाने तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उमरा चौकी प्रभारी अखिलेश प्रजापति ने बताया कि डंपर को ग्रामीणों ने रोका था। खनन का परमिट था और डंपर खराब होने के कारण रात में वापस लौट रहा था। वहीं हल्का लेखपाल राकेश कुमार ने बताया कि खनन की अनुमति शाम छह बजे तक थी, इसके बाद संचालन होने पर डंपर को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

खलिहान की जमीन पर चला प्रशासन का बुलडोजर, अवैध निर्माण ध्वस्त

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के पूरे तिलक मजरे खरिका फुल गांव में खलिहान की सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन से निर्माण ध्वस्त करा दिया। जानकारी के अनुसार लेखपाल द्वारा कई बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद रामजी वर्मा, रामकिशोर समेत अन्य लोग सरकारी जमीन पर निर्माण कार्य कर रहे थे। मामला संज्ञान में आने पर एसडीएम अनुराग सिंह के निर्देश पर प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को गिराकर भूमि को कब्जा मुक्त कराया।

प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि दोबारा सरकारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की गई तो संबंधित लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी, लेखपाल, कानूनगो तथा असंद्रा पुलिस की संयुक्त टीम मौजूद रही।

आंधी-पानी में छत से गिरकर युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के चंदौली गांव निवासी सतीश चंद्र की आंधी-पानी के दौरान छत से गिरने से मौत हो गई। बताया गया कि बुधवार शाम तेज आंधी के समय वह घर की छत पर खड़े थे, तभी संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां गुरुवार दोपहर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शाम को शव गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि परिजनों की मांग पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

रजबहा में मिला मासूम का शव, परिवार में मचा कोहराम

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघटेर थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव के निकट रजबहा नहर में गुरुवार दोपहर तीन वर्षीय मासूम का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की पहचान सीतापुर जनपद के देवरहा गांव निवासी मेवालाल कश्यप के पुत्र दिव्यांश के रूप में हुई। बताया गया कि बच्चे की गुमशुदगी की रिपोर्ट अटरिया थाने में दर्ज कराई गई थी। परिजन और ग्रामीण लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। गुरुवार को ग्रामीणों ने नहर में बच्चे का शव उतराता देखा और पुलिस को सूचना दी। घुंघटेर थानाध्यक्ष अभय कुमार मौर्य ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

हनुमान जी प्रतिमा वैदिक मंत्रो के मध्य पुनः स्थापित

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । बीते रविवार की रात्रि ग्राम बिठौरा के सागरदास महाराज के स्थान पर बने मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा अराजक तत्वों के द्वारा तोड़ दी गई थी।ग्रामीणों व प्रशासन के प्रयास से गुरुवार को उसी स्थान पर दूसरी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित की गई।उससे पूर्व रामनगर डिग्री कॉलेज के समीप स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई।पंडित विष्णु कांत शास्त्री ने विधि विधान से वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा करवाई।भक्तों ने लड्डू बूंदिया फल और गुड़धनिया आदि का प्रसाद ग्रहण किया।विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं प्रशासन व ग्रामीणों की उपस्थिति में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूर्ण हुआ।इस अवसर पर विहिप जिला मंत्री राहुल कुमार प्रखंड अध्यक्ष रमाकांत वर्मा बजरंग दल जिला सहसंयोजक विनय वर्मा व सूरज शर्मा अंशु शुक्ला अवधराम आदि लोग उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, पहचान नहीं

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी थाना क्षेत्र में लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर अनवारी गांव के निकट बुधवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। बताया गया कि युवक सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से सीएचसी घुंघटेर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उमरा चौकी इंचार्ज अखिलेश प्रजापति ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

एक्सपोर्ट गारमेंट की फैक्ट्री में लगी भयंकर आग

नोएडा। थाना ईकोटेक -तीन क्षेत्र के उद्योग केंद्र में स्थित एक एक्सपोर्ट गारमेंट की कंपनी में गुरुवार तड़के भयंकर आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं है।

मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि आज तड़के 2:30 बजे दमकल विभाग को सूचना मिली कि ईकोटेक -3 क्षेत्र के उद्योग विहार के प्लाट नंबर -222 में स्थित एक कंपनी के प्रथम तल पर आग लगी है। उक्त कंपनी के प्रथम तल पर एक्सपोर्ट गारमेंट का काम होता है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने करीब 02 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

उन्होंने बताया कि निचले तल पर केमिकल का काम होता है। प्रथम तल पर कंपनी के मालिक ने एक व्यक्ति को किराए पर जगह दे रखी है, जिसमें एक्सपोर्ट गारमेंट का काम होता है। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं है।

लखनऊ के खिलाफ जीत दर्ज करके प्लेआफ की उम्मीदें कायम रखना चाहेगी चेन्नई

एजेंसी

लखनऊ। लचर प्रदर्शन के बावजूद प्लेआफ की दौड़ में कायम चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करके अपना दावा बनाये रखना चाहेगी जबकि दौड़ से बाहर हो चुकी लखनऊ के लिये यह महज प्रतिष्ठा का मुकाबला है। चेन्नई ने टूर्नामेंट के दूसरे चरण में समय पर जीत दर्ज करके अपनी उम्मीदें कायम रखी है जबकि लखनऊ की टीम का प्रदर्शन बेहद ही खराब रहा। चेन्नई को अपने बाकी सारे मैच जीतने के अलावा दूसरे मैचों के नतीजे भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी। चेन्नई फिलहाल 11 मैचों में से छह जीतकर पांचवें स्थान पर है। अच्छी 'फिनिशिंग' नहीं होने के कारण आलोचना झेलने वाली पांच बार की चैम्पियन चेन्नई टीम ने संजू सैमसन, उर्विल पटेल, कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और कुछ उदीयमान खिलाड़ियों के दम पर अच्छी वापसी की। शीर्षक्रम पर उर्विल के बेखौफ प्रदर्शन से पावरप्ले में चेन्नई का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। शुक्रवार को शिवम दुबे, कार्तिक शर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस को भी बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। जांघ की चोट के कारण हरफनमौला जैमी ओवर्टन के बाहर होने से चेन्नई की गेंदबाजी कमजोर हुई है। ओवर्टन ने दस मैचों में 14 विकेट लिये और वह इस सत्र में चेन्नई की गेंदबाजी की धुरी थे। अकील हुसैन, मुकेश चौधरी और अंशुल कम्बोज ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि अफगानिस्तान के बायें हाथ के स्पिनर नूर अहमद प्रभावी रहे हैं। दूसरी ओर लखनऊ को कप्तान ऋषभ पंत के लगातार खराब फॉर्म का खामियाजा भुगतना पड़ा। उसके गेंदबाज विरोधी टीमों पर दबाव बनाने में नाकाम रहे और चेन्नई के खिलाफ पहले चरण के मैच में तो वे 203 रन बनाकर भी हार गए। जोश इंगलिस , निकोलस पूरन और मिचेल मार्श ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम नाकाम रही है। टीमें : चेन्नई सुपर किंग्सः रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), कार्तिक शर्मा (विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, सरफराज खान, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), अमन खान, शिवम दुबे, जैक फॉल्क्स, रामकृष्ण घोष, अंशुल कंबोज, जेमी ओवरटन, मैथ्यू शॉर्ट, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, श्रेयस गोपाल, गुरजापनीत सिंह, मैट हेनरी, अकील हुसैन, स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, नूर अहमद।

लखनऊ सुपर जाइंट्सः ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल समद, अक्षत रघुवंशी, आयुष बडोनी, मुकुल चौधरी, हिम्मत सिंह, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), एडेन मार्क्रम, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), अर्शिन कुलकर्णी, जॉर्ज लिंडे, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश सिंह, अवेश खान, मोहम्मद शमी, मोहसिन खान, एनरिक नोर्किया, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, मणिमारन सिद्धार्थ, अर्जुन तेंदुलकर, नमन तिवारी, मयंक यादव।

श्रीजेश की जगह सोयेज जूनियर पुरूष हॉकी टीम के कोच बने

एजेंसी

नयी दिल्ली। फ्रांस के फ्रेडरिक सोयेज को बृहस्पतिवार को भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम का नया कोच बनाया गया जो दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पी आर श्रीजेश की जगह लेंगे। पूर्व स्टार गोलकीपर श्रीजेश का अनुबंध पिछले साल चेन्नई और मदुरै में एफआईएच जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीतने के बाद खत्म हो गया था। हॉकी इंडिया ने उनके अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया। सोशल मीडिया पर एक तल्ख पोस्ट में श्रीजेश ने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान पाँच टूर्नामेंटों में पाँच पदक जीतने के बावजूद उनका अनुबंध नहीं बढाया गया लेकिन हॉकी इंडिया ने तर्क दिया कि यह फैसला 2036 ओलंपिक की मेजबानी की भारत की महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप एक टिकाऊ और उच्च स्तरीय प्रदर्शन वाला इकोसिस्टम बनाने के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए लिया गया था। यूरोपीय हॉकी के बेहतरीन कोचों में से एक सोयेज के पास शीर्ष स्तर पर 15 साल का कोचिंग का अनुभव है। वह 1995 से 2010 तक फ्रांस के लिये 196 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और 195 गोल किये। इसके बाद फ्रांस और स्पेन के कोच रहे। उनके कोच रहते स्पेन रियो ओलंपिक में पांचवें स्थान पर रहा। वह तोक्यो ओलंपिक में भी स्पेन के कोच रहे जबकि पेरिस ओलंपिक 2024 में फ्रांस के मुख्य कोच थे। स्पेन के कोच रहते उन्होंने टीम को 2019 यूरोपीय चैम्पियनशिप में रजत पदक दिलाया। सोयेज के कोच रहते फ्रांस की अंडर 18 टीम 2025 यूरोपीय चैम्पियनशिप में रजत पदक जीती थी। वह 2021 से 2024 तक फ्रेंच हॉकी महासंघ के हाई परफॉर्मेंस निदेशक रहे। उन्होंने तीन ओलंपिक (2016, 2020, 2024) के अलावा दो विश्व कप (2018, 2023) में कोच की भूमिका निभाई। इसके अलावा छह यूरोपीय चैम्पियनशिप (2013, 2015, 2017, 2019, 2021, 2023) में भी कोच रहे। हाई परफार्मेंस सिस्टम, खिलाड़ियों के विकास और पेनल्टी कॉर्नर रणनीति के लिये मशहूर सोयेज ने लगातार ऐसी टीमें तैयार की हैं जिनमें सभी स्तरों पर सुदृढ़ रणनीतिक संरचना और प्रतिस्पर्धी निरंतरता मौजूद रही है। उनकी नियुक्ति का स्वागत करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा ,'' हम हॉकी इंडिया परिवार में सोयेज का स्वागत करते हैं। उनके पास अंतरराष्ट्रीय स्तर का शानदार अनुभव है और उनका अनुभव तथा कौशल भारतीय हॉकी को लाभान्वित करेगा चूंकि हम 2036 ओलंपिक का दीर्घकालिन विजन लेकर चल रहे हैं। उन्होंने कहा ,''हमारा ध्यान न केवल तत्काल परिणामों पर नहीं है, बल्कि एक प्रतिभाओं का एक गहरा पूल और एक ऐसी कोचिंग संरचना तैयार करने पर भी है, जो सब-जूनियर से लेकर सीनियर स्तर तक एक समान बनी रहे। सभी स्तरों पर हर राष्ट्रीय शिविर में अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ भारतीय कोचों को शामिल करके, हम कोचिंग के दर्शन, खिलाड़ियों के विकास और रणनीतिक समझ में निरंतरता सुनिश्चित कर रहे हैं।

लक्ष्य का पीछा करते कोहली का कैच टपकाने से कैसे जीतेंगे : केकेआर कोच नायर

एजेंसी

रायपुर। कोलकाता नाइट राइडर्स के कोच अभिषेक नायर ने स्वीकार किया कि पारी की शुरूआत में विराट कोहली का कैच टपकाना उनकी टीम पर भारी पड़ा और कोहली ने नाबाद शतक जमाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को आईपीएल मैच में छह विकेट से जीत दिलाई। कोहली को कार्तिक त्यागी की गेंद पर रोवमैन पावेल ने जीवनदान दिया जब उनका स्कोर 21 रन था। कोहली ने 60 गेंद में नाबाद 105 रन बनाये। जीत के लिये 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली और देवदत्त पडिक्कल (39) ने दूसरे विकेट के लिये 92 रन की साझेदारी की। नायर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' जब लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली का कैच आप छोड़ देते हैं तो राह बहुत मुश्किल हो जाती है। नायर ने कहा कि केकेआर ने अच्छे रन बनाये थे लेकिन छोटी छोटी गलतियों के कारण मैच उनके हाथ से निकल गया। उन्होंने कहा ,'' जैसा कि मैने पहले कहा कि स्कोर अच्छा था। लेकिन कई चीजें बेहतर हो सकती थी। विराट का कैच काफी कठिन था। कोच का मानना है कि वरूण चक्रवर्ती की कमी भी टीम को खली। उन्होंने कहा ,'' आखिर में क्रिकेट में ऐसा होता है। अगर 10 . 15 रन और होते तो मैच बदल सकता था। ये कैच लपके जाते तो मैच की स्थिति कुछ और होती। वरूण चक्रवर्ती खेलता तो भी हालात कुछ और होते।

सीनियर ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट में पीडब्ल्यूएल सितारों का दबदबा, भारतीय कुश्ती को मिला नया मजबूती भरा मंच

एजेंसी

नई दिल्ली/गोंडा। प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह भारतीय कुश्ती के विकास और प्रतिभाओं को निखारने का सबसे बड़ा मंच बन चुकी है। 10 से 12 मई 2026 तक गोंडा में आयोजित सीनियर ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट में पीडब्ल्यूएल सीजन-5 में हिस्सा लेने वाले कई पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए और आगामी विश्व चैंपियनशिप तथा कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप के चयन ट्रायल्स के लिए अपनी दावेदारी मजबूत की। टूर्नामेंट में पीडब्ल्यूएल से जुड़े पहलवानों का दबदबा देखने को मिला, जिसने यह स्पष्ट किया कि लीग भारतीय पहलवानों को उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा और अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान कर उन्हें बड़े मंचों के लिए तैयार करने में अहम भूमिका निभा रही है। पुरुष फ्रीस्टाइल वर्ग में यूपी डॉमिनेटर्स के सागर ने 57 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं महाराष्ट्र केसरी के यश तुषीर ने 74 किग्रा वर्ग में बेहतरीन खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यश तुषीर की जीत विशेष रूप से प्रेरणादायक रही। पूर्व विश्व जूनियर कांस्य पदक विजेता तुषीर पिछले दो वर्षों से गंभीर चोटों से जूझ रहे थे। घुटने, कंधे और पैर की उंगली की चोटों के कारण उन्हें लंबे समय तक पुनर्वास प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। हालांकि, गोंडा में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए लगातार पांच मुकाबले जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किया और यह संकेत दिया कि वह फिर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स के नवीन ने 79 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि भारतीय कुश्ती के स्टार पहलवान दीपक पूनिया ने 92 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि जोड़ दी। दीपक ने पीडब्ल्यूएल सीजन-5 में महाराष्ट्र केसरी का प्रतिनिधित्व किया था। महिला वर्ग में दिल्ली दंगल वॉरियर्स की अंजलि ने 62 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का दम दिखाया और राष्ट्रीय टीम चयन की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत की।

कोहली ने शतक के साथ आलोचकों को जवाब दे दिया है : गावस्कर

रायपुर। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि इस चैम्पियन बल्लेबाज ने साबित कर दिया है कि पुरानी पीढी अभी भी सर्वश्रेष्ठ है। पिछले दो मैचों में शून्य पर आउट हुए कोहली के 60 गेंदों में नाबाद 105 रन की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने आईपीएल के मैच में केकेआर को छह विकेट से हराकर अंकतालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया। गावस्कर ने 'स्टार स्पोटर्स' पर 'अमूल क्रिकेट लाइव' में कहा ,'' विराट कोहली ने केकेआर के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। लक्ष्य का पीछा करने में उसका कोई सानी नहीं है। उन्होंने कहा ,'' हर कोई बात कर रहा है कि यह सत्र अगली पीढी का है लेकिन कोहली ने दिखा दिया कि वह अभी भी है। उसने आलोचकों को शतक से जवाब दिया और आरेंज कैप की दौड़ में तीसरे नंबर पर पहुंच गया। उसने साबित कर दिया कि पुरानी पीढी अभी भी सर्वश्रेष्ठ है।

ईंधन, बिजली, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल से थोक मुद्रास्फीति अप्रैल में 8.3 प्रतिशत पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। ईंधन, बिजली और कच्चे पेट्रोलियम की कीमतों में तेज वृद्धि के कारण अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 8.30 प्रतिशत हो गई जो मार्च में 3.88 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित ईंधन और बिजली श्रेणी में मुद्रास्फीति दर अप्रैल में 24.71 प्रतिशत हो गई, जो मार्च में 1.05 प्रतिशत थी। कच्चे पेट्रोलियम की महंगाई दर अप्रैल में 88.06 प्रतिशत रही जबकि मार्च में यह 51.5 प्रतिशत थी। थोक महंगाई में यह तेज बढ़ोतरी पश्चिम एशिया संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रभावी अवरोध के असर को दर्शाती है जिसके जरिये भारत अधिकतर कच्चे तेल का आयात करता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं में महंगाई अप्रैल में 1.98 प्रतिशत रही, जो मार्च में 1.90 प्रतिशत थी। गैर-खाद्य वस्तुओं में महंगाई दर बढ़कर अप्रैल में 12.18 प्रतिशत हो गई जो पिछले महीने 11.5 प्रतिशत थी। मंत्रालय ने बयान में कहा, '' अप्रैल 2026 में मुद्रास्फीति खनिज तेल, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, मूल धातु, अन्य विनिर्माण और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण अधिक रही।' ईंधन और बिजली श्रेणी में, एलपीजी में मुद्रास्फीति दर अप्रैल में 10.92 प्रतिशत रही। पेट्रोल में महंगाई दर 32.40 प्रतिशत रही, जो पिछले महीने 2.50 प्रतिशत थी। डीजल में महंगाई दर अप्रैल में 25.19 प्रतिशत रही जबकि मार्च में यह 3.26 प्रतिशत थी। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद सरकार ने अब तक पेट्रोल और घरेलू एलपीजी की कीमतों को स्थिर रखा है ताकि उपभोक्ताओं को कीमतों में बढ़ोतरी के असर से बचाया जा सके। हालांकि, वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि की गई है।

आंध्र प्रदेश में 20 लाख रोजगार सृजन में एमएसएमई की अहम भूमिका: मंत्री नारा लोकेश

एजेंसी

अमरावती। आंध्र प्रदेश के आईटी मंत्री नारा लोकेश ने सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि राज्य के 20 लाख रोजगार सृजन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने में यह क्षेत्र महत्वपूर्ण है। लोकेश ने 'एसएमई आईपीओ-वृद्धि के लिए वैकल्पिक वित्त विकल्प' विषय पर आयोजित जागरूकता संगोष्ठी में यह बात कही। इसका आयोजन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई), आंध्र प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम विकास निगम और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई(ने संयुक्त रूप से किया। बुधवार देर रात जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार मंत्री ने कहा, '' एमएसएमई 20 लाख नौकरियों के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आवश्यक हैं और सरकार 'मेड इन आंध्र-मेड फॉर इंडिया-मेड फॉर द वर्ल्ड' के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में पिछले 23 महीनों में आंध्र प्रदेश एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है। लोकेश ने कहा कि अब तक करीब 800 परियोजनाओं के लिए 23 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौते किए गए हैं। इनसे करीब 24 लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। गूगल, आर्सेलर मित्तल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, कॉग्निजेंट और रॉयल एनफील्ड जैसी कंपनियां राज्य में परियोजनाएं स्थापित कर रही हैं, जबकि उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) विनिर्माण परियोजना को भी पुट्टपर्थी में स्थापित करने का प्रस्ताव है। विशाखापत्तनम में गूगल की डाटा सेंटर परियोजना के बाद श्री सिटी में कैरियर के निवेश प्रस्ताव का जिक्र करते हुए लोकेश ने कहा कि हर बड़ा निवेश रोजगार के अवसर उत्पन्न करता है। उन्होंने कहा, '' जब एक बड़ा निवेश आता है तो उसके आसपास कई सहायक उद्योग एवं रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं।

असम से अगरवुड चिप्स की पहली खेप सऊदी अरब, यूएई भेजी

एजेंसी

गुवाहाटी। असम ने 2.35 करोड़ रुपये की अगरवुड चिप्स की अपनी पहली खेप सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को भेज दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अगरवुड को 'ऊद' भी कहा जाता है। यह दुनिया के सबसे मूल्यवान सुगंधित कच्चे पदार्थों में से एक है। इसका इस्तेमाल खाड़ी देशों, यूरोप और दक्षिण-पूर्व एशिया में लग्जरी परफ्यूम, अगरबत्ती, कॉस्मेटिक्स एवं पारंपरिक उत्पादों में होता है। ऑल असम अगरवुड प्लांटर्स एंड ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा जारी बयान के अनुसार, यह खेप राज्य की कृषि-वनीकरण अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि यह अगरवुड चिप्स का ''विधिक रूप से स्वीकृत पहला निर्यात'' है। बयान के अनुसार, इससे वैश्विक स्तर पर भारी मांग और मजबूत राजस्व क्षमता वाले इस उद्योग के लिए एक नया अध्याय शुरू होने की उम्मीद है। इस खेप में सऊदी अरब को 100 किलोग्राम अगरवुड चिप्स और यूएई को 12 किलोग्राम भेजा गया है। लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के मालवाहक टर्मिनल से इसे बुधवार को भेजा गया। बयान में कहा गया कि सभी वैधानिक मंजूरियां हासिल करने के बाद ही अगरवुड चिप्स का निर्यात किया गया। ऑल असम अगरवुड प्लांटर्स एंड ट्रेडर्स एसोसिएशन के चेयरमैन जहीरुल इस्लाम ने कहा, '' यह उपलब्धि वर्षों के अनुसंधान, नीतिगत वकालत, किसानों की भागीदारी, प्लांटेशन विकास, प्रसंस्करण नवाचार और अंतरराष्ट्रीय अनुपालन प्रयासों का परिणाम है। अधिकारियों ने कहा कि असम में उगाया गया अगरवुड अपनी बेहतर गुणवत्ता, समृद्ध सुगंध और उच्च तेल सामग्री के लिए जाना जाता है। यह राज्य को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहचान दिलाता है।

केंद्र ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक रोक लगाई

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने घरेलू बाजार में कीमतों पर नियंत्रण रखने के लिए कच्ची, सफ़ेद और रिफाइंड चीनी के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। यह प्रतिबंध सितंबर तक लागू रहेगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 13 मई को देररात इस आशय की अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार, चीनी निर्यात नीति में बदलाव किया है। सरकार ने आईटीसी (एचएस) कोड 1701 14 90 और 1701 99 90 के तहत चीनी के लिए एक्सपोर्ट नीति को प्रतिबंधित से बदलकर निषिद्ध कर दिया है। इस आदेश में कच्ची चीनी, सफ़ेद चीनी और रिफाइंड चीनी के एक्सपोर्ट को शामिल किया गया है। ये रोक यूरोपीय संघ और अमेरिका को सीएक्सएल और टीआरक्यू कोटे के तहत, एडवांस ऑथराइजेशन स्कीम (एएएस)के तहत, और अन्य देशों की खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दोनों सरकारों के शिपमेंट के जरिए किए जाने वाले चीनी निर्यात पर लागू नहीं होगी। यही नहीं, जो खेप पहले से ही निर्यात की प्रक्रिया में हैं, उसे भी इस रोक से छूट दी गई है। अधिसूचना के मुताबिक अगर इसे सितंबर से आगे नहीं बढ़ाया जाता है, तो एक्सपोर्ट नीति वापस प्रतिबंधित श्रेणी में आ जाएगी। उल्लेखनीय है कि केंद्र ने पहले मिलों को 1.59 मिलियन टन चीनी निर्यात की अनुमति दी थी। उत्पादन लगातार दूसरे वर्ष खपत से कम रहने की उम्मीद है। प्रमुख गन्ना उत्पादक क्षेत्रों में गन्ने की पैदावार कमजोर हुई है। भारत, ब्राजील के बाद दुनिया का सबसे बड़ा चीनी निर्यातक है।

संक्षिप्त समाचार

लगातार शून्य पर आउट होने से नर्वस था, रन नहीं बनने से बैचेन हो जाता हूं : कोहली

रायपुर। भारत के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि प्रदर्शन के दबाव को लेकर बैचेनी उन्हें भी होती है और आईपीएल में पिछले दो मैचों में शून्य पर आउट होने से वह नर्वस हो गए थे। 37 वर्ष के कोहली ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिये 60 गेंद में नाबाद 105 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। आरसीबी छह विकेट से जीत दर्ज करके आईपीएल की अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। कोहली ने आईपीएल में नौवां शतक जड़ा और महेंद्र सिंह धोनी तथा रोहित शर्मा (279) को पछाड़कर लीग में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। प्लेयर आफ द मैच कोहली ने बाद में प्रसारक से कहा ,'' पिछले दो मैचों में रन नहीं बना पाने से मैं काफी बेचैन था। मुझे पता था कि मैं अच्छा खेल सकता हूं और रन बना सकता हूं। उन्होंने कहा ,''ऐसे में जब आप रन नहीं बना सके और टीम के लिये योगदान नहीं दे सके तो बेचैनी होती है। मेरा हमेशा से लक्ष्य टीम के लिये योगदान देने का रहा है। मैं लगातार बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करता हूं ताकि अपना सर्वश्रेष्ठ टीम को देकर छाप छोड़ सकूं। कोहली ने स्वीकार किया कि पिछले दो मैचों में खाता नहीं खोल पाने से वह नर्वस थे लेकिन यह भी कहा कि नाकामी खिलाड़ी के विकास में भूमिका निभाती है। उनहोंने कहा ,'' शतक जमाने के बाद जश्न बड़ा नहीं था क्योंकि हमें अंकों की अहमियत पता है। हम सभी टीम के लिये खेलने का प्रयास करते हैं। इसलिये कहते हैं कि दबाव अच्छा रहता है क्योंकि इससे आपको अपना खेल निखारने में मदद मिलती है। दो मैचों में अच्छा नहीं खेल पाने से नर्वस था जिससे अच्छे प्रदश्रन में मदद मिली। इसलिये नाकामियां भी जरूरी है जो और बेहतर करने के लिये प्रेरित करती हैं।'

सुपर शतरंज क्लासिक : पहले मुकाबले में फिरोजा से खेलेंगे प्रज्ञानानंदा

बुकारेस्ट। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपर शतरंज क्लासिक के पहले दौर में फ्रांस के अलीरजा फिरोजा से खेलेंगे जो ग्रैंड शतरंज टूर पर इस साल का पहला क्लासिकल टूर्नामेंट होगा। विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने क्लासिकल प्रारूप से नाम वापिस ले लिया था जिसके बाद प्रज्ञानानंदा अकेले भारतीय बचे हैं। उन्हें दस खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में नौ दौर में से पांच में सफ़ेद मोहरों से खेलने का मौका मिलेगा। टूर्नामेंट की कुल ईनामी राशि 350000 डॉलर है जबकि 125000 डॉलर बोनस होगा। पहला पुरस्कार एक लाख डॉलर है। अप्रैल में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में औसत प्रदर्शन के बाद प्रज्ञानानंदा को अपने खेल में सुधार करना होगा। वह लाइव रेटिंग में विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर खिसक गए हैं। अमेरिका के फ़ेबियानो कारूआना को शीर्ष वरीयता मिली है और वह पहले दौर में हालैंड के जोर्डन वान फोरीस्ट से खेलेंगे।गुकेश के नाम वापिस लेने के बाद उनकी जगह विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले में उनके चैलेंजर उजबेकिस्तान के जावोखिर सिंडारोव खेलेंगे। वह पहले दौर में रोमानिया के डीक बोगडेन डेनियल का सामना करेंगे।

एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस का चौथी तिमाही का मुनाफा नौ प्रतिशत बढ़कर 1,497 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में नौ प्रतिशत बढ़कर 1,497 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 1,368 करोड़ रुपये था। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय हालांकि घटकर 7,195 करोड़ रुपये रह गई जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 7,283 करोड़ रुपये थी। वहीं ब्याज आय भी 7,117 करोड़ रुपये से घटकर 7,009 करोड़ रुपये रह गई। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) त्रिभुवन अधिकारी ने कहा, '' वित्त वर्ष 2025-26 की अंतिम तिमाही में एलआईसी हाउसिंग ने मजबूत मांग देखी। इसे प्रभावी डिजिटल अवसंरचना, स्थिर ब्याज दर और लागत अनुकूलन तथा ग्राहक-केंद्रितता पर निरंतर ध्यान देने की हमारी रणनीति से समर्थन मिला। भारतीय जीवन बीमा निगम की इस आवासीय वित्त इकाई ने समूचे वित्त वर्ष 2025-26 में 5,595 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया जो 2024-25 के 5,429 करोड़ रुपये से तीन प्रतिशत अधिक है। निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रति शेयर 10 रुपये (प्रति शेयर दो रुपये के अंकित मूल्य का 500 प्रतिशत) लाभांश की सिफारिश की है। यह शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है।

साठ हजार टन से अधिक एलपीजी लेकर भारत आ रहे दो टैंकरों ने होर्मुज को सुरक्षित पार किया : सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के कारण देश में ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होने के बीच 60 हजार टन से अधिक एलपीजी लेकर भारत आ रहे दो टैंकरों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया है और इनके अगले कुछ दिनों में भारत पहुंचने की संभावना है।

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम एशिया संकट के बारे जानकारी देते हुए कहा कि भारत के लिए एलपीजी लेकर आ रहे दो बड़े जहाजों एसवाईएमआई और एनवी सनशाइन ने सुरक्षित रूप से हार्मुज की खाड़ी को पार कर लिया है।

उन्होंने कहा कि एसवाईएमआई मार्शल आइलैंड के ध्वज वाला एलपीजी कैरियर, 19,965 टन एलपीजी लेकर आ रहा है। कुल 21 विदेशी नाविकों के साथ इसने बुधवार को फ़ हार्मुज को सुरक्षित पार लिया और इसके 16 मई को कांडला पहुंचने की संभावना है। दूसरा टैंकर एनवी सनशाइन वियतनाम का है और यह 46,427 टन एलपीजी लेकर आ रहा है । इस पर 24 विदेशी नाविक हैं। इसने आज ही हार्मुज की खाड़ी पार की है और इसके 18 मई को न्यू मंगलोर पहुँचने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि एमएसवी हाजी अली जो एक भारतीय ध्वज वाली यांत्रिक नौका है उसमें सोमालिया से शारजाह जाते हुए बुधवार को ओमान के जल क्षेत्र में आग लग गयी जिससे यह डूब गयी। इस पर सवार सभी 14 नाविकों को ओमानी कोस्ट गार्ड ने सुरक्षित बचाया और वे अब डिब्बा पोर्ट, ओमान में सुरक्षित हैं। स्थानीय अधिकारियों के साथ सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। सरकार ओमान के अधिकारियों, भारतीय मिशन और संबंधित समुद्री एजेंसियों के साथ इस मामले में निकट समन्वय बनाए हुए है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट शुरू हुए लगभग 75 दिन हो चुके हैं, और इसके कारण भारत में कच्चे तेल, एलपीजी और एलएनजी के आयात पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई प्रभावी कदम उठाए हैं, जिसके चलते देश में पेट्रोल, डीज़ल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस के पर्याप्त भंडार मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि देश की रिफाइनरी अपनी अधिकतम क्षमता पर काम कर रही हैं, और एलपीजी उत्पादन में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिन में लगभग 1.39 करोड़ एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने 5 किलो एफटीएल सिलेंडरों के लिए 11,870 से अधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए।

यूएई के तट के पास एक पोत जब्त, ईरान की ओर बढ़ रहा

दुबई, एजेंसी। ब्रिटिश सेना ने गुरुवार को बताया कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के पूर्वी तट के पास लंगर डाले खड़े एक पोत को जब्त कर लिया गया है और वह अब ईरानी जलक्षेत्र की ओर बढ़ रहा है। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने बताया कि उसे ऐसी रिपोर्ट मिली है कि जब यह पोत होर्मुज जलडमरूमध्य के पास, यूएई के फुजैरा बंदरगाह से 70 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में लंगर डाले खड़ा था, तभी कुछ अनाधिकृत लोगों ने इसे अपने कब्जे में ले लिया। यह घटना इजरायल के उस बयान के कुछ ही घंटों बाद हुई, जिसमें उसने कहा था कि ईरान के साथ चल रहे युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चुपके से यूएई का दौरा किया था। यूके ने पोत का नाम नहीं बताया और कहा कि वह इस मामले की जांच कर रहा है। इस जहाच को जब्त करने की जिम्मेदारी अभी तक किसी ने नहीं ली है। फुजैरा तेल निर्यात का एक महत्वपूर्ण केंद्र है और फारस की खाड़ी के बाहर स्थित यूएई का मुख्य बंदरगाह है। ईरान के साथ चल रहे युद्ध के दौरान इस पर कई बार हमले हो चुके हैं।

दिल्ली सरकार के कर्मचारी दो दिन घर से करेंगे काम

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने ईंधन बचाने के मद्देनजर अपने कर्मचारियों के लिए सप्ताह में दो दिन घर से काम करने की व्यवस्था करने का फैसला लिया है और कुछ उपायों की घोषणा की है।

सरकार ने दिल्ली में ईंधन बचत, प्रदूषण कम करने और 'मेड इन इंडिया' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ''मेरा भारत, मेरा योगदान'' अभियान के तहत व्यापक दिल्ली 'एक्शन प्लान' जारी किया है। इसके तहत सरकारी कर्मचारियों के लिए घर से काम करने, ऑनलाइन बैठकें, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग जैसे कई महत्वपूर्ण कदमों की घोषणा की गयी है। इसके साथ ही निजी क्षेत्र को भी कर्मचारियों के सप्ताह में दो दिन घर से काम करने की व्यवस्था करने की सलाह दी गयी है। सरकारी कार्यालयों का समय अलग-अलग करने और सोमवार को ''मेट्रो डे'' मनाने की बात कही गई है, ताकि लोग अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। एक्शन प्लान में ''नो व्हीकल डे'' का भी प्रस्ताव है, जिसके तहत सरकारी कर्मचारियों और नागरिकों को निजी वाहनों का कम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इलेक्ट्रिक, सीएनजी और हाइब्रिड वाहनों को बढ़ावा देने के साथ-साथ कर्मचारियों को डीटीसी और सार्वजनिक परिवहन के उपयोग पर अतिरिक्त प्रोत्साहन देने की योजना भी शामिल है। इसमें ऑनलाइन बैठकों और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया है। कॉलेजों में गैर-प्रायोगिक कक्षाएं, अतिथि व्याख्यान और प्रशासनिक बैठकें ऑनलाइन आयोजित करने का सुझाव दिया गया है। इसके लिए एक सिंगल विंडो हेल्पडेस्क बनाने की भी बात कही गयी है। इसके अलावा ''मेड इन इंडिया '' अभियान को बढावा देने के लिए मॉल, सुपरमार्केट और स्थानीय बाजारों में भारतीय उत्पादों के लिए विशेष कॉर्नर बनाये जाएंगे। सरकारी खरीद में भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने और लोगों को विदेशी वस्तुओं के बजाय स्वदेशी सामान अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

22 साल में 54 बार विदेश यात्रा पर गये राहुल, 64 करोड़ रुपये खर्च, किसने उठाया खर्च : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने और वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है तथा सवाल किया है कि उनके विदेश दौरे का खर्च कौन उठाता है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद संबित पात्रा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री गांधी के विदेश दौरे का ब्योरा दिया और कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहते हुए श्री गांधी पिछले 22 वर्ष में 54 बार विदेश यात्रा पर गये और इन दौर पर 64 करोड़ रुपये से अधिक खर्च आया, जो एक बड़ी जांच का विषय है।

उन्होंने बताया कि श्री गांधी ने जिन देशों के दौरे किये, उनमें इटली, ब्रिटेन, अमेरिका, जर्मनी, वियतनाम, कंबोडिया, सिंगापुर, बहरीन, मालदीव, कतर, संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश शामिल है। इसके अलावा तीन मई 2026 को एक्स और सोशल मीडिया के पोस्ट पर जो तस्वीरें शामिल आई हैं और जो अघोषित यात्रा रही उसमें मस्कट और ओमान भी शामिल है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर श्री गांधी की इतनी महंगी यात्राओं का खर्च कौन उठाता है। उन्होंने कहा कि देश यह जानना चाहता है कि श्री गांधी इन यात्राओं का प्रायोजक कौन है और इसके पीछे के असली इरादे क्या हैं। भाजपा नेता ने श्री गांधी के चुनावी हलफनामे और घोषित आय को लेकर कहा, ''पिछले 10 वर्षों में श्री गांधी की कुल आमदनी लगभग 11 करोड़ रुपये रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि जिस व्यक्ति की 10 साल की कमाई 11 करोड़ हो, वह 64 करोड़ रुपये विदेश यात्राओं पर कैसे खर्च कर सकता है। श्री पात्रा ने आरोप लगाया कि श्री गांधी कई विदेशी दौरों का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं है और वह अक्सर गोपनीय तरीके से विदेश जाते हैं। उन्होंने श्री गांधी पर सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि वह कई बार एसपीजी सुरक्षा को चकमा दिया या सुरक्षाकर्मियों को साथ न लेकर विदेश गये। उन्होंने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बताते हुए कहा कि आखिर विदेश में श्री गांधी किससे मिलते हैं, जिसे वह देश की सुरक्षा एजेंसियों से छिपाना चाहते हैं।

महिलाओं के धार्मिक स्थलों में प्रवेश के मामले में फैसला सुरक्षित, संविधान पीठ में सुनवाई पूरी

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने गुरुवार को केरल के सबरीमाला मंदिर समेत विभिन्न धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव की याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। इसमें विभिन्न धर्मों द्वारा प्रचलित धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे और सीमा से संबंधित याचिकाएं भी शामिल हैं। यह मामला लंबे समय से विचाराधीन था और इसने देश भर में महत्वपूर्ण बहस छेड़ दी थी।

सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले की 16 दिनों तक सुनवाई की। इस दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ताओं सी.एस. वैद्यनाथन, अभिषेक सिंघवी, मुकुल रोहतगी, इंदिरा जयसिंह, नीरज किशन कौल और गोपाल शंकरनारायणन सहित कई प्रमुख कानूनी दिग्गजों ने अपने-अपने तर्क प्रस्तुत किए। पीठ में न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना, एम.एम. सुंदरेश, अहसनउद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी. वाराले, आर. महादेवन और जॉयमाल्या बागची भी शामिल थे।

सुनवाई से पहले केंद्र सरकार ने लिखित दलीलें पेश की थीं और शीर्ष अदालत से सबरीमाला मंदिर में मासिक धर्म वाली आयु की महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध को बरकरार रखने का अनुरोध किया था। केंद्र सरकार का तर्क था कि यह मुद्दा धार्मिक विश्वास और सांप्रदायिक स्वायत्तता के दायरे में आता है और न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर है।

गौरतलब है कि सितंबर 2018 में पांच-न्यायाधीशों की एक संविधान पीठ ने 4:1 के बहुमत से सबरीमाला में 10 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया था। सदियों पुरानी इस हिंदू धार्मिक प्रथा को अवैध और असंवैधानिक करार दिया था। इसके बाद 14 नवंबर 2019 को, तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली एक अन्य पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने 3:2 के बहुमत से विभिन्न पूजा स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव के मुद्दे को एक बड़ी पीठ को सौंप दिया था।

उस समय पीठ ने विभिन्न धर्मों में स्वतंत्रता से संबंधित व्यापक मुद्दे उठाए थे, यह कहते हुए कि उन्हें किसी विशेष मामले के तथ्यों के बिना तय नहीं किया जा सकता है। सबरीमाला मामले के अलावा, इस फैसले में मस्जिदों और दरगाहों में मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश और गैर-पारसी पुरुषों से शादी करने वाली पारसी महिलाओं के पवित्र अग्नि स्थल में प्रवेश के मुद्दों को भी बड़ी पीठ को भेजा गया था।

16 फरवरी को शीर्ष अदालत ने कहा था कि वह इस मामले की अंतिम सुनवाई सात अप्रैल को शुरू करेगी, जिसके 22 अप्रैल तक समाप्त होने की उम्मीद थी। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल मेहता ने सबरीमाला फैसले की समीक्षा के लिए दायर याचिकाओं का समर्थन किया था, जिसने केरल के पहाड़ी मंदिर में सभी आयु वर्ग की महिलाओं को प्रवेश की अनुमति दी थी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे पर सात प्रश्न पढ़े थे, जिन्हें उसने तैयार किया था। पीठ ने कहा कि वह उठाए गए मुद्दों में जोड़ और घटाव के लिए तैयार है और ''भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार के दायरे और सीमा'' पर विचार करेगी।

फर्जी भर्ती अभियान को लेकर आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की चेतावनी

नयी दिल्ली। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) ने ''जेजी बिल्डिंग ग्रुप'' नामक संस्था द्वारा कथित तौर पर चलाए जा रहे फर्जी भर्ती अभियान को लेकर लोगों को सतर्क किया है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने गुरुवार को स्पष्ट किया है कि ''जेजी बिल्डिंग ग्रुप'' संस्था मंत्रालय से संबंध होने का झूठा दावा कर नौकरी के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है। मंत्रालय के अनुसार, संबंधित संस्था एमओएचयूए के नाम का इस्तेमाल कर फर्जी रिक्ति नोटिस जारी कर रही है और उम्मीदवारों से रोजगार दिलाने के बहाने धनराशि मांग रही है। साथ ही, यह संस्था ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और वेबसाइट के माध्यम से ऐसे भ्रामक दावों का प्रचार भी कर रही है। एमओएचयूए ने साफ किया है कि उसने ऐसी कोई भर्ती सूचना जारी नहीं की है और न ही किसी निजी एजेंसी या संस्था को अपनी ओर से भर्ती प्रक्रिया संचालित करने के लिए अधिकृत किया है। मंत्रालय ने कहा कि इसके विपरीत किया गया कोई भी दावा पूरी तरह फर्जी और भ्रामक माना जाए। मंत्रालय ने नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं और आम जनता को सलाह दी है कि वे ऐसे फर्जी भर्ती प्रस्तावों का जवाब न दें, किसी भी संस्था के साथ अपनी व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी साझा न करें और किसी प्रकार का भुगतान करने से बचें। सरकार ने लोगों से अपील की है कि यदि इस तरह की कोई घटना सामने आती है तो उसकी जानकारी राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल या स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को तुरंत दें।

लालकिला कार बम विस्फोट मामले में एनआईए ने 10 आरोपियों के खिलाफ 7500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने लाल किला क्षेत्र में हुए कार बम विस्फोट मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ 7500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है जिसमें 11 लोगों की मौत हो गयी थी और कई लोग घायल हुए थे। पिछले साल 10 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी में एक कार में लगे शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण विस्फोट से इलाके में भारी तबाही हुई थी और आसपास की संपत्ति को भी व्यापक नुकसान पहुंचा था। पटियाला हाउस कोर्ट स्थित एनआईए की विशेष अदालत में दाखिल चार्जशीट के अनुसार 10 आरोपियों में मुख्य साजिशकर्ता डॉ. उमर उन नबी भी शामिल है जिसकी विस्फोट के दौरान मौत हो गयी थी। वह आतंकी संगठन अंसार गजवत-उल-हिंद (अजीयूएच) से जुड़ा हुआ था। यह संगठन भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) का एक सहयोगी गुट है। गृह मंत्रालय ने जून 2018 में एक्यूआईएस और उससे जुड़े सभी संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया था। चार्जशीट गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1967, भारतीय न्याय संहिता 2023, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908, शस्त्र अधिनियम 1959 और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की विभिन्न धाराओं के तहत दाखिल की गई है। मुख्य साजिशकर्ता पुलवामा निवासी डॉ. उमर उन नबी हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी में मेडिसिन विभाग में सहायक प्रोफ़ेसर रह चुका था। उसकी मौत हो चुकी है और उसके खिलाफ कार्यवाही समाप्त करने का प्रस्ताव अदालत में रखा गया है। आरोपपत्र में में आमिर राशिद मीर, जासिर बिलाल वानी, डॉ. मुजमिल शकील, डॉ. आदिल अहमद रादर, डॉ. शाहीन सईद, मुफ्ती इरफान अहमद वागे, सोयाब, डॉ. बिलाल नसीर मल्हा और यासिर अहमद डार को भी आरोपी बनाया गया है। एनआईए के अनुसार जांच के दायरे में जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली-एनसीआर के कई इलाके आये। एजेंसी ने 588 मौखिक गवाहियों, 395 से अधिक दस्तावेजों और 200 से ज्यादा जब्त सामग्री को साक्ष्य के रूप में चार्जशीट में शामिल किया है। लाल किला धमाके में इस्तेमाल ट्राइएसीटोन ट्राइपेरॉक्साइड (टीएटीपी) विस्फोटक आरोपियों ने खुद तैयार किया था। इसके लिए जरूरी रसायनों और उपकरणों को गुप्त तरीके से जुटाया गया और विस्फोटक मिश्रण को अधिक घातक बनाने के लिए कई प्रयोग किए गए।

पेज एक का शेष

वैश्विक चुनौतियों से निपटने...

व्यापार और जलवायु से जुड़ी चुनौतियां दुनिया के माहौल को बदल रही हैं। ऐसे में उभरते बाजारों और विकासशील देशों को यह उम्मीद बढ़ी है कि ब्रिक्स रचनात्मक और स्थिर करने वाली भूमिका निभाएगा। इस पृष्ठभूमि में हमारी चर्चा वैश्विक और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर विचार करने तथा सहयोग को मजबूत करने के व्यावहारिक उपाय तलाशने का अवसर है। उन्होंने कहा कि विकास से जुड़े मुद्दे अब भी अहम हैं, क्योंकि कई देश ऊर्जा, खाद्य, उर्वरक और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसी चुनौतियों के साथ-साथ वित्तीय संसाधनों तक पहुंच की समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ब्रिक्स इन देशों को अधिक प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया में मदद कर सकता है। आर्थिक मजबूती भी बेहद महत्वपूर्ण है। भरोसेमंद आपूर्ति शृंखला और विविधतापूर्ण बाजार इसके आवश्यक घटक हैं। हमें दोनों पर ध्यान देना होगा। विदेश मंत्री ने कहा कि शांति टुकड़ों में नहीं हो सकती। अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन, नागरिकों की सुरक्षा और सार्वजनिक ढांचे को निशाना बनाने से बचना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत तनाव कम करने और स्थिरता बहाल करने के प्रयासों में रचनात्मक योगदान देने के लिए तैयार है। जयशंकर ने कहा कि शांति और सुरक्षा वैश्विक व्यवस्था के लिए अहम बनी हुई है। हाल के संघर्ष संवाद और कूटनीति के महत्व को और रेखांकित करते हैं। आतंकवाद के खिलाफ सहयोग मजबूत करने में भी सभी की गहरी साझा रुचि है। आतंकवाद लगातार एक खतरा बना हुआ है तथा किसी भी रूप में इसे जायज नहीं ठहराया जा सकता। सीमा पार आतंकवाद वैश्विक संबंधों के बुनियादी सिद्धांतों का उल्लंघन करता है। इस मामले में बिना किसी समझौते के जीरो टालरेंस का नियम होना चाहिए। जयशंकर ने उद्घाटन सत्र के बाद सम्मेलन में राष्ट्रीय वक्तव्य भी रखा, जिसमें उन्होंने वैश्विक चुनौतियों एवं वैश्विक संघर्षों से उत्पन्न स्थितियों से निपटने के लिए ब्रिक्स की एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थिरता, टिकाऊपन और खुशहाली को बढ़ावा देने के लिए मिलकर कार्य करना जरूरी है। ब्रिक्स को न सिर्फ इन मुद्दों पर बात करनी चाहिए, बल्कि असरदार तरीके से इनका जवाब देने के लिए भी काम करना चाहिए। जयशंकर ने पश्चिम एशिया के संघर्ष पर कहा कि इससे समुद्री यातायात और ऊर्जा से जुड़ी रुकावटें उत्पन्न हुई हैं, जो हालात की नाजुकता को दिखाती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि दुनिया की भलाई के लिए होर्मुज और लाल सागर समेत सभी अंतरराष्ट्रीय जल मार्गों को सुरक्षित और बिना रुकावट वाला बनाया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष चिंता का विषय है। गाजा में संघर्ष के गंभीर असर है। लगातार सीजफायर, मदद, टिकाऊ और शांतिपूर्ण हल के लिए एक भरोसेमंद रास्ता जरूरी है। जहां तक फलस्तीन के मुद्दे का सवाल है, भारत दो-देशों वाले हल का समर्थन करता है। लेबनान और सीरिया लगातार चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। सूडान में झगड़े की वजह से आम लोगों को बहुत ज्यादा नुकसान हो रहा है। यमन में चिंताएं और समुद्री खतरे हैं, जबकि लीबिया में स्थिरता जरूरी है। जयशंकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून को बनाए रखना, लोगों की सुरक्षा के साथ-साथ बुनियादी ढांचे को लक्ष्य नहीं बनाया जाना चाहिए।

पश्चिम एशिया संकट...

मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की स्थिति बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को प्रश्न प्रदेश बना दिया गया था। युवाओं के सामने पहचान का संकट था, व्यापारी पलायन कर रहे थे, किसान आत्महत्या कर रहे थे, त्योहारों के समय दंगे-फसाद होते थे, गुंडागर्दी और माफिया राज था। भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार और सरकारी उदासीनता चरम पर थी। बिजली, सड़क, सिंचाई और बाजार की कोई व्यवस्था नहीं थी। परंपरागत उद्यम बंद हो रहे थे। इसी निराशा और अराजकता के माहौल में 2017 में जनता ने प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार को आशीर्वाद दिया। सरकार बनते ही हमने पहले एक महीने तक केवल मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ शाम छह बजे से रात बारह बजे तक बैठक की। हर विभाग का प्रेजेंटेशन लिया गया और कार्ययोजना तैयार की गई। खजाना खाली था, कर्मचारियों के वेतन के लिए भी पैसे नहीं थे, लेकिन हमने स्पष्ट नीति बनाई कि कोई भाई-भतीजावाद नहीं, कोई क्षेत्रवाद नहीं, कोई परिवारवाद नहीं। आज उत्तर प्रदेश में विकास केवल लखनऊ, वाराणसी या गोरखपुर तक सीमित नहीं है। सभी 75 जनपदों और 58,000 ग्राम पंचायतों में समान विकास हो रहा है। सभी जगह एक समान बिजली पहुंच रही है। अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति सख्ती से लागू है। भ्रष्टाचार पर भी जीरो टॉलरेंस है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेसवे में यूपी का हिस्सा देश का 60 प्रतिशत है। पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेसवे बन चुके हैं। भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट जेवर (नोएडा) बनकर तैयार है और 15 जून से उड़ानें शुरू हो रही हैं। देश की पहली रैपिड रेल दिल्ली-मेरठ के बीच चल रही है। राष्ट्रीय जल मार्ग सक्रिय हैं। फोर-लेन सड़कों और अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी का जाल बिछा है। कृषि वृद्धि दर 8 से बढ़कर 18 प्रतिशत हो गई है। किसानों को मुफ्त सिंचाई, बेहतर बीज, तकनीक और बाजार की गारंटी दी जा रही है। गन्ना किसानों का 92 प्रतिशत भुगतान हो चुका है। चीनी मिलें घाटे से लाभ में आई हैं और अब इंटीग्रेटेड शुगर कॉम्प्लेक्स बन रही हैं। उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं, बल्कि भारत की विकास यात्रा का इंजन बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले यूपी के एमएसएमई क्षेत्र के बारे में कोई सोचता भी नहीं था। सब कुछ भगवान भरोसे था क्योंकि सरकार चादर तानकर सो रही थी। जब सरकार सोती है तो इंस्पेक्टर राज चलता है। कारीगर हतोत्साहित और प्रताड़ित होकर पलायन कर चुका था या जैसे-तैसे गुजारा कर रहा था। लेकिन आज प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई यूनिट सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं, जिनमें लगभग तीन करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। प्रदेश के पास आज 75,000 एकड़ का लैंड बैंक उपलब्ध है। इन्वेस्टमेंट की पहली शर्त सुरक्षा, दूसरी शर्त लैंड बैंक और तीसरी शर्त स्पष्ट नीति है। अब यूपी में पॉलिसी पैरालिसिस नहीं है। हमने 34 सेक्टरों के लिए अलग-अलग सेक्टोरल पॉलिसी बनाई है। अब नीति भी है, नीयत भी है और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने की इच्छाशक्ति भी। परिणाम यह है कि उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बेहतरीन निवेश गंतव्य बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जो 65 लाख युवा उद्योगों में काम करने के लिए दूसरे राज्यों में जाते थे, आज उन्हें यूपी में ही रोजगार मिल रहा है। सरकारी नौकरी एक सपना हुआ करती थी, लेकिन हम 9 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दे चुके हैं। हम उन राज्यों में शामिल हैं, जिन्होंने नकल और पेपर लीक को संज्ञेय अपराध की श्रेणी में डालकर आजीवन कारावास और दोषी की संपत्ति जब्त करने जैसी कड़ी सजाओं का प्रावधान किया है। महाकुंभ में 66-67 करोड़ श्रद्धालु प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर आस्था की डुबकी लगाने आए। पूरे वर्ष भर यूपी के विभिन्न स्थलों पर कुल 156 करोड़ पर्यटक आए। यह यूपी की नई ताकत है जो होटल-रेस्टोरेंट, स्थानीय दुकानदारों, टैक्सी संचालकों व अन्य सेवा प्रदाताओं को रोजगार प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज युवाओं के सामने पहचान का संकट नहीं है। पहले यूपी का नाम सुनकर लोग दस कदम पीछे हट जाते थे, आज वे यूपी वालों को सम्मान की नजर से देखते हैं। महिलाएं अब बिना किसी भय के शाम 6 बजे, 8 बजे, 10 बजे या रात 12 बजे भी घर लौट सकती हैं। नाइट शिफ्ट में महिलाएं ऑफिस और उद्योगों में काम कर रही हैं। बेटियां निडर होकर स्कूल जा रही हैं। हमने प्रति व्यक्ति आय को तीन गुना बढ़ाया है। वर्ष 2017 में यह 43,000 रुपये थी, जो आज बढ़कर 1,20,000 रुपये से अधिक हो चुकी है। प्रदेश का वार्षिक बजट 2.5 लाख करोड़ के आसपास था, जो आज 9 लाख 12 हजार करोड़ रुपये का हो गया है। जीएसडीपी 12 लाख करोड़ से बढ़कर 36 लाख करोड़ रुपये हो गई है। इस दौरान हमने कोई नया टैक्स नहीं लगाया, बल्कि विकास के साथ-साथ गरीब कल्याणकारी योजनाओं को भी तेज किया। 65 लाख गरीबों को आवास, 2.61 करोड़ को शौचालय, 15 करोड़ को मुफ्त राशन और 10 करोड़ को आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। आज बैंक भी यूपी में सबसे अधिक निवेश कर रहे हैं क्योंकि उन्हें विश्वास है कि यहां पैसा सुरक्षित है।

परीक्षा प्रणाली में ...

एक 'तकनीकी रूप से उन्नत और स्वायत्त निकाय' से प्रतिस्थापित करे। एफएआईएमए ने शीर्ष अदालत से यह भी अनुरोध किया कि वह एक उच्च-स्तरीय निगरानी समिति का गठन करे, जिसकी अध्यक्षता उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा की जाए और जिसमें साइबर सुरक्षा और फॉरेंसिक विशेषज्ञ शामिल हों जो 2026 की पुनः परीक्षा की निगरानी करे। परीक्षा रद्द होने से 22 लाख से अधिक मेडिकल उम्मीदवारों और उनके परिवारों में नई परीक्षा तिथि, एडमिट कार्ड, परीक्षा केंद्र और काउंसलिंग की समय-सीमा जैसे आगे की प्रक्रिया को लेकर चिंता है।

सोलह राज्यों और...

विभिन्न चरणों में शामिल रहे। चरण-3 के कार्यक्रम के अनुसार ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम और मणिपुर में प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन पांच जुलाई को होगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची 06 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी। वहीं दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, झारखंड और मेघालय सहित कई राज्यों में अंतिम मतदाता सूची 07 अक्टूबर को जारी की जाएगी।

केरल में सतीशन...

140 सीटों में से 102 सीटों के साथ दो तिहाई से अधिक बहुमत मिला है। पार्टी को राज्य में 10 वर्षों के बाद सरकार बनाने का मौका मिला है। इस जीत में श्री सतीशन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। नेता पक्ष की दौड़ में श्री रमेश चेनीथल्ला, श्री के सी वेणुगोपाल भी शामिल थे।

सीबीआई ने 6.95...

बैंक कर्मियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। अन्य आरोपियों की भूमिका की पड़ताल जारी है।

तेजी से बदलते...

हितधारकों के बीच अधिक समन्व्य की आवश्यकता पर भी बल दिया और कहा कि आधुनिक युद्ध में कई क्षेत्रों के बीच निरंतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने कहा, ''आधुनिक युद्ध पारंपरिक सीमाओं का सम्मान नहीं करता। सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि हम अपनी थल, जल, वायु, साइबर और अंतरिक्ष सेनाओं को कितनी दक्षता से एक साथ ला पाते हैं। यह इस पर भी निर्भर करेगा कि हमारी प्रयोगशालाएं, उद्योग, स्टार्टअप, नीति निर्माता और सैन्य संस्थान कितनी निकटता से मिलकर काम करते हैं। रक्षा तैयारियों में तेज़ी से नवाचार पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्धों में वही देश आगे रहेंगे जो विचारों को तेजी से परिचालन क्षमता में बदल सकें। उन्होंने कहा, ''किसी राष्ट्र की शक्ति इस बात पर अधिक निर्भर करेगी कि उसकी प्रयोगशालाएं, उद्योग और सशस्त्र सेनाएं कितनी जल्दी एकजुट होकर सोच और कार्य कर सकती हैं। भविष्य के युद्धक्षेत्र उन देशों के लिए अनुकूल होंगे जो किसी विचार, प्रोटोटाइप और परिचालन तैनाती के बीच का समय कम कर सकें। श्री सिंह ने संयुक्तता, स्वदेशी विनिर्माण, उभरती प्रौद्योगिकियों और वैश्विक साझेदारियों पर होने वाली चर्चाओं को भारत की व्यापक रक्षा दृष्टि के परस्पर जुड़े स्तंभ बताया। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि देश का रक्षा निर्यात बढ़ रहा है, निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ रही है और सशस्त्र सेनाओं का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। हालांकि, उन्होंने आत्मसंतोष से बचने की सलाह दी और हितधारकों से भारत के रक्षा तंत्र को लगातार मजबूत करते रहने का आग्रह किया। श्री सिंह ने कहा, ''कलम को और अधिक साहसी विचार लिखते रहना चाहिए। कवच को और अधिक मजबूत होते रहना चाहिए।'' उन्होंने नीति निर्माताओं, विशेषज्ञों और रक्षा क्षेत्र से जुड़े हितधारकों को एक साझा मंच पर लाने के लिए आयोजकों की सराहना की और आशा व्यक्त की कि इन विचार-विमर्शों से ऐसे व्यावहारिक परिणाम निकलेंगे जो सशस्त्र सेनाओं और राष्ट्र दोनों के लिए लाभक

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दरभंगा एयरपोर्ट की सुरक्षा सीआईएसएफ को दिये जाने की समीक्षा की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गुरुवार को दरभंगा पहुंचे, जहां उन्होंने दरभंगा हवाई अड्डे की सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) जवानों को सौंपे जाने की समीक्षा की।

सम्राट चौधरी ने साथ में नए एयरपोर्ट टर्मिनल और एम्स निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। दरभंगा पहुंचने पर सीआईएसएफ के जवानों ने मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अपने सम्बोधन में कहा कि बिहार में जितनी एयर कनेक्टिविटी है, उससे दस गुना अधिक विस्तार करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बिहार में 59 लाख से अधिक लोग हवाई यात्रा करते हैं, लेकिन अगले पांच वर्षों में चार से पांच करोड़ लोगों को हवाई यात्रा की सुविधा देने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दरभंगा को नए एयरपोर्ट टर्मिनल और एम्स निर्माण सहित कई बड़ी सौगातें दी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मिथिला और दरभंगा के विकास के लिए सड़क नेटवर्क और एयरपोर्ट निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए। एम्स दरभंगा परियोजना की समीक्षा भी इस दौरे का अहम हिस्सा रही। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग और निर्माण एजेंसियों से निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना सिर्फ दरभंगा ही नहीं बल्कि पूरे मिथिलांचल और उत्तर बिहार के लिए महत्वपूर्ण है। सरकार चाहती है कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य

सुविधाएं अपने क्षेत्र में ही मिलें ताकि इलाज के लिए बड़े शहरों पर निर्भरता कम हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को गुणवत्ता और समय सीमा दोनों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं में तकनीकी अड़चनों को जल्द दूर किया जाए। समीक्षा बैठक में सड़क, कनेक्टिविटी और आसपास के बुनियादी ढांचे को लेकर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि कई परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। दरभंगा में गुरुवार को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का दौरा कई मायनों में अहम माना गया। मुख्यमंत्री सुबह दरभंगा एयरपोर्ट पहुंचे, जहां भाजपा और जदयू नेताओं ने पारंपरिक मिथिला शैली में उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था, नए टर्मिनल भवन और एम्स निर्माण कार्य की समीक्षा इस दौरे का मुख्य उद्देश्य रहा। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर, विधायक डॉ. मुरारी मोहन और जदयू नेता संजय झा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से जानकारी ली। दरभंगा एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री के पहुंचते ही पारंपरिक पाग, चादर और मखाने की माला से उनका अभिनंदन किया गया। एयरपोर्ट परिसर में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री सीधे एयरपोर्ट के सुरक्षा क्षेत्र में पहुंचे और वहां की मौजूदा व्यवस्था का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने उन्हें यात्रियों की बढ़ती संख्या और सुरक्षा से जुड़े इंतजामों की जानकारी दी।

बी.आर. आंबेडकर विश्वविद्यालय ने राष्ट्र निर्माण में लगातार योगदान दिया: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि डॉ. बी. आर. आंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली ने न केवल अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी लगातार योगदान दिया है। गुप्ता ने विश्वविद्यालय के 14वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद और उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू भी कार्यक्रम में मौजूद थे। गुप्ता ने विद्यार्थियों से कहा, ''आपने यहां जो कुछ भी सीखा है, वह जीवन के हर चरण में आपकी मदद करेगा क्योंकि कक्षा आपको विषयों के बारे में सिखाती है, लेकिन परिसर आपको जीवन और चुनौतियों से निपटने का तरीका सिखाता है। दिल्ली विश्वविद्यालय में अपने छात्र जीवन को याद करते हुए उन्होंने कहा कि कॉलेज के दौरान की यादें और उस दौरान की मित्रता जीवन भर साथ रहती है। उन्होंने कहा, ''विश्वविद्यालय के 14वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में लगभग 1000 विद्यार्थी डिग्री प्राप्त कर रहे हैं। डॉ. बी. आर. आंबेडकर विश्वविद्यालय की शुरुआत 19 छात्रों से हुई थी और आज इसके चार परिसरों में 6000 विद्यार्थी हैं। स्नातक छात्रों को बधाई देते हुए गुप्ता ने कहा कि उनकी यह उपलब्धि उनके परिवारों के लिए भी गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा, ''मैं आपके परिवार को भी बधाई देती हूं क्योंकि यह एक संयुक्त प्रयास था। जब भी आपको कठिनाई हुई, आपका परिवार आपके साथ खड़ा रहा।

बिहार के किशनगंज में एसएसबी-पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चीन-कतर और सऊदी की करेंसी के साथ एक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

किशनगंज। बिहार में भारत-नेपाल सीमा के किशनगंज जिला अन्तर्गत गलगलिया थाना क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में ब्राउन शुगर, भारतीय एवं चीन-कतर और सऊदी की करेंसी बरामद की है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी चांद मोहम्मद को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस इस मामले को अंतर्राष्ट्रीय नशीले पदार्थों के कारोबार से जोड़कर जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर गलगलिया थाना क्षेत्र के नेंगडाडुबा गांव निवासी 48 वर्षीय चान मोहम्मद के घर पर छापेमारी की गई। यह कार्रवाई एसएसबी भातगांव, एसएसबी नेमुगुड़ी तथा स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। छापेमारी के दौरान घर से 120 ग्राम ब्राउन शुगर, एक इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। इसके अलावा पुलिस ने आरोपी के घर से 7 लाख 76 हजार 500 रुपये भारतीय मुद्रा तथा 1 लाख 28 हजार रुपये नेपाली मुद्रा जब्त की। इसके अलावे चीन, कतर और साउदी अरब की विदेशी करेंसी भी बरामद हुई है। इनमें कतर के 27 नोट, मलेशिया का एक नोट, चीन के 10 नोट और सऊदी अरब के 12 नोट शामिल हैं।

बरामद विदेशी मुद्रा को लेकर भी जांच एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। गुरुवार को गलगलिया थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि बरामद ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये आंकी गई है। छापेमारी के बाद आरोपी चान मोहम्मद को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उससे पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा इसका नेटवर्क कहां तक फैला हुआ है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस संयुक्त अभियान में ठाकुरगंज अंचल निरीक्षक पंकज पंथ, गलगलिया थानाध्यक्ष राकेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक भूषण झा, महिला सिपाही सपना कुमारी, मनीषा कुमारी, बीएचजी तरुण कुमार, राजेंद्र गणेश और मिथुन गणेश सहित एसएसबी नेमुगुड़ी व भातगांव की टीमों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

केदारनाथ में ॐ के दर्शन कर आध्यात्मिक ऊर्ज़ा का अनुभव कर रहे हैं श्रद्धालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गुप्तकाशी। केदारपुरी में भगवान शिव के सूक्ष्म नाम ॐ के स्वरूप को करीब से जानने के लिए तीर्थयात्री और पर्यटक गोल चौक में स्थापित ब्रास की मिश्रित धातु द्वारा निर्मित ॐ के दर्शन कर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। इसी स्थान से बाबा केदारनाथ के मंदिर के साक्षात दर्शन भी हो जाते हैं।

ॐ चौक की मनोहारी यादों को सहेजने के लिए यात्री अपने मोबाइल से फोटो शूट कर रहे हैं। यही एक ऐसा स्थान है, जहां से ॐ और केदारनाथ मंदिर के युगल दर्शन एक साथ हो जाते हैं। लोनिवि गुप्तकाशी द्वारा वर्ष 2024 में ब्रास और स्टेनलेस स्टील की मिश्र धातु युक्त ॐ की स्थापना की गई थी। लगभग 2 करोड़ 30 लाख रुपए की धनराशि द्वारा ॐ जिंक और कॉपर का मिश्रित ब्रास धातु है, जिसे स्टेनलेस स्टील के ढांचे के बीच में फिट करवाया

गया है। ढांचे की मोटाई जहां 8 एमएम है, वही ब्रास धातु की मोटी 5 एमएम ली गई है। यह 19 अलग-अलग भागों में मानव संसाधनों से गौरीकुंड से केदारनाथ धाम पहुंचाया गया। केदारपुरी में कई माह के अथक परिश्रम के बाद इसकी स्थापना की गई । इसका आधार दीर्घ वृत्ताकार है, जो दो टन का है। इसके ऊपर लगाये ॐ अक्षर का भार 5 टन है। उक्त ॐ की प्रतिमूर्ति में जिंक 37 फीसद तथा कॉपर 63 फीसद लगाया गया है। गौरीकुंड से केदारनाथ धाम की पैदल यात्रा के बाद जो थकान तीर्थ यात्रियों के चेहरे पर होती है, अचानक गोल चौक में आते ही 16 फीट लंबा और 15 फीट चौड़ाई वाले ॐ को देखकर ये थकान एकदम गायब होकर यात्री के चेहरे पर आध्यात्म पसर जाता है। लोनिवि गुप्तकाशी के अधिशासी अभियंता राजविंद सिंह ने बताया कि ब्रास मिश्र धातु से निर्मित ऊं की संरचना जर्मनी से ली गई एक रचना है। उन्होंने कहा कि निर्माण से पूर्व समस्त धातु की सत्यता के लिए नागपुर स्थित एनआईटी के प्रोफ़ेसर द्वारा 6 माह तक परीक्षण और मूल्यांकन किया गया। वेदपाठी विश्व मोहन जमलोकी ने बताया कि ॐ शब्द में अकार, उकार और मकार शब्द समाए हैं। जिसे भगवान शंकर के विराट अस्तित्व को एक सूक्ष्म स्वरूप में समाहित किया गया है। इस सूक्ष्म शब्द के उच्चारण से कई पुण्यों की प्राप्ति हो जाती है।

मोहाली नगर निगम चुनाव के दौरान वार्ड 40 से भाजपा उम्मीदवार के पिता पर हमला

मोहाली। मोहाली नगर निगम चुनाव के दौरान वार्ड नंबर 40 से भाजपा उम्मीदवार के पिता पर हमले की घटना सामने आई है, जिससे इलाके में तनाव का माहौल बन गया है। भाजपा उम्मीदवार गौतम गिरीश लद्दड़ के पिता रिटायर्ड आईएएस एसआर लद्दड़ सेक्टर 77 में घर-घर जाकर चुनाव प्रचार कर रहे थे। इसी दौरान कुछ अज्ञात युवकों ने उनके साथ धक्का-मुक्की की और उन पर हमला कर दिया। हमले के दौरान एस आर लद्दड़ जमीन पर गिर पड़े, जिससे उन्हें हल्की चोटें भी आई हैं। हमलावरों ने उन्हें धमकाया कि वे दोबारा सेक्टर 77 में प्रवेश न करें। घटना के बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई और लद्दड़ ने अपने बयान दर्ज करवा दिए हैं। इस मामले पर भाजपा के जिला अध्यक्ष संजीव विशिष्ट ने बताया कि सुबह करीब 8:30 बजे उन्हें उम्मीदवार की ओर से फोन आया, जिसमें इस हमले की जानकारी दी गई। विशिष्ट ने आरोप लगाया कि कुछ स्थानीय लोगों ने जबरदस्ती करते हुए धक्का-मुक्की की और धमकाया।

फाजिल्का बॉर्डर पर मिला पाकिस्तानी ड्रोन, हेरोइन तस्करी की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए नशा और हथियार तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियां लगातार कार्रवाई कर रही हैं, लेकिन सीमा पार से ड्रोन गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार देर रात फाजिल्का के भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र में एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार गांव चक्क बाजीदा के खेतों में ड्रोन गिरने की सूचना मिलने के बाद बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने तुरंत इलाके को सील कर संयुक्त सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान खेतों

से एक ड्रोन बरामद किया गया। इस मामले में थाना सदर जलालाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस चौकी घुबाया के इंचार्ज गुरनाम सिंह ने बताया कि बीएसएफ से सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे इलाके की घेराबंदी की गई। उन्होंने बताया कि एक किसान के खेत में गेहूं के नाड़ के बीच ड्रोन पड़ा मिला, जिसे कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि यह ड्रोन सीमा पार से हेरोइन की खेप गिराने के बाद वापस लौट रहा था, लेकिन बैटरी खत्म होने या किसी तकनीकी खराबी के कारण खेतों में गिर गया। फिलहाल पुलिस और खुफिया एजेंसियां पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही हैं और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि ड्रोन किसके लिए भेजा गया था।

अस्पताल की कथित लापरवाही उजागर, एक ही महिला की दो अलग-अलग ब्लड ग्रुप रिपोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

किशनगंज। ठाकुरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिला की ब्लड ग्रुप जांच को लेकर गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। परिजन ने अस्पताल कर्मियों पर गलत ब्लड ग्रुप रिपोर्ट देने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार ठाकुरगंज प्रखंड के जीरनगाछ पंचायत अंतर्गत कटहलबाड़ी निवासी सुहाना नूरी की 5 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरगंज में चिकित्सकीय जांच कराई गई थी। इस दौरान अस्पताल में किए गए ब्लड ग्रुप टेस्ट में महिला का ब्लड ग्रुप ए पॉजिटिव बताया गया। परिजन के अनुसार बाद में महिला की तबीयत बिगड़ने पर उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल किशनगंज रेफर किया गया। बताया जाता है कि सदर अस्पताल में 12 मई को दोबारा ब्लड ग्रुप जांच कराई गई, जिसमें महिला का ब्लड ग्रुप ए नेगेटिव पाया गया। दोनों रिपोर्ट में अंतर आने के बाद परिजनों में चिंता बढ़ गई। गुरुवार को मरीज के परिजन हसनैन रजा ने आरोप लगाया कि ठाकुरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड टेस्ट के दौरान लापरवाही बरती गई है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिला के मामले में इस तरह की गलती गंभीर परिणाम ला सकती थी। हसनैन रजा ने बताया कि वह इस मामले को लेकर सिविल सर्जन को आवेदन देकर जांच कराने तथा दोषी कर्मियों पर कार्रवाई की मांग करेंगे। हालांकि उन्होंने कहा कि निजी कारणों से अब तक आवेदन नहीं दिया जा सका है।

रोजगार मेले में चयनित पूर्व सैनिक आश्रितों को सैनिक कल्याण मंत्री ने सौंपे नियुक्त पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। राज्य के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को आईआरडीटी ऑडिटोरियम, सर्वे चौक, देहरादून में सैनिक कल्याण विभाग व आईटीडीए के माध्यम से प्रायोजित पूर्व सैनिक आश्रितों के लिए आयोजित रोजगार मेले में प्रतिभाग किया। यह रोजगार मेला कम्प्यूटर व तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके पूर्व सैनिक आश्रितों के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने चयनित उम्मीदवारों को नियुक्त पत्र भी सौंपे और निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया। रोज़गार मेले में 21 निजी कंपनियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सैनिक कल्याण विभाग व आईटीडीए विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित

यह रोजगार मेला केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सशक्त पहल है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड केवल देवभूमि ही नहीं, बल्कि वीरभूमि भी है, जहां प्रत्येक परिवार देशभक्ति, अनुशासन और त्याग की भावना से जुड़ा हुआ है। मंत्री जोशी ने कहा कि पूर्व सैनिकों और वीर नारियों ने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपना अमूल्य योगदान दिया है और अब सरकार की जिम्मेदारी है कि उनके परिवारों एवं आश्रितों को शिक्षा, कौशल और रोजगार के माध्यम से सशक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिनके अंतर्गत शिक्षा अनुदान, छात्रवृत्ति, चिकित्सा सहायता, कौशल विकास प्रशिक्षण एवं पुनर्वास योजनाओं के माध्यम से निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। मंत्री जोशी ने कहा कि पिछले दो वर्षों में सैनिक कल्याण विभाग एवं आईटीडीए विभाग के संयुक्त प्रयासों से 628 पूर्व सैनिक आश्रितों को कम्प्यूटर एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जबकि वर्तमान में 227 प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जनवरी 2024 में आयोजित रोजगार मेले में 22 पूर्व सैनिक आश्रितों को रोजगार उपलब्ध कराया गया था। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में हमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने पश्चिम एशिया संकट और उससे उत्पन्न वैश्विक ऊर्ज़ा संकट को देखते हुए ईंधन पेट्रोल-डीजल की बचत और ऊर्ज़ा संरक्षण की अपील की।

भारतीय कला और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करने की जरूरत: अशोक तिवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सारण। कला और साहित्य के क्षेत्र में कार्यरत अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती के केंद्रीय कार्यालय प्रमुख अशोक तिवारी ने अपने छपरा प्रवास के दौरान स्थानीय कलाकारों, सदस्यों और कला प्रेमियों के साथ बैठक कर संगठन की आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने पर जोर दिया।

बैठक को संबोधित करते हुए अशोक तिवारी ने सीमित संसाधनों के बीच प्रभावशाली कार्यक्रम आयोजित करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को ह्लचार कङ्क (कार्यकर्त्ता, कार्यक्रम, कोष और कार्यालय) का सूत्र बताते हुए कहा कि संगठन की मजबूती और ध्येय की प्राप्ति के लिए इन सिद्धांतों को

आत्मसात करना आवश्यक है। उन्होंने नियमित मासिक बैठकों के आयोजन पर विशेष बल देते हुए कहा कि इससे संगठन की सक्रियता बनी रहती है और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय मजबूत होता है। केंद्रीय अधिकारी ने संस्कार भारती छपरा इकाई द्वारा आयोजित किए जाने वाले नव प्रभात कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि भविष्य में इसे और अधिक भव्य एवं व्यापक स्वरूप में आयोजित किया जाए, ताकि भारतीय कला और संस्कृति का संदेश जन-जन तक पहुँच सके। बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने भारतीय कला और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। केंद्रीय अधिकारी के आगमन और उनके सुझावों से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्ज़ा और उत्साह का संचार देखने को मिला।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063